अखिल भारतीय प्राच्यविद्यासम्मेलन
शतवर्ष महोत्सव ग्रंथमाला — 96

उच्चतर समीक्षा के आलोक में
अभिज्ञानशकुन्तला
नाटक के श्रद्धेय पाठ का पुनर्गठन

वसन्तकुमार म. भट्ट
पूर्व–निदेशक, भाषा–साहित्य भवन,
गुजरात युनिवर्सिटी, अहमदाबाद.

प्रधानसंपादक
आचार्य श्रीनिवास वरखेडी
कुलगुरु

संपादक
आचार्य मधुसूदन पेन्ना
संचालक, संशोधन व प्रकाशन विभाग

राष्ट्रहिताय संस्कृतम्

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय
रामटेक, जि. नागपुर (महाराष्ट्र)
CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

शीर्षक — **उच्चतर समीक्षा के आलोक में अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के श्रद्धेय पाठ का पुनर्गठन**

लेखक — **वसन्तकुमार म. भट्ट**

प्रधानसंपादक — **आचार्य श्रीनिवास वरखेडी**
कुलगुरु, क.का.सं.वि., रामटेक

संपादक — **आचार्य मधुसूदन पेन्ना**
संचालक, संशोधन व प्रकाशन विभाग,
क.का.सं.वि., रामटेक

अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन — **प्रो. गौतम पटेल,** अध्यक्ष
प्रो. सरोजा भाटे, सचिव
प्रो. ग. उ. थिटे, उपाध्यक्ष

संपादक मंडळ — **डॉ. दिनकर मराठे,** क.का.सं.वि., रामटेक
डॉ. वीणा गानु, नागपुर.

प्रकाशन वर्ष — **2020**

आवृत्ती — **प्रथम**

मूल्य — **रू. 499/-**

आय.एस.बी.एन. — **978-93-85710-57-5**

मुखपृष्ठ — **श्री. उमेश पाटील**

मुद्रक — **अवधूत ग्राफिक्स अॅण्ड प्रिन्टींग**

प्रकाशक — **कुलसचिव, क.का.सं.वि., रामटेक**
प्रशासकीय भवन, मौदा रोड, रामटेक.

The KK Sanskrit University does not hold any responsibility regarding the content, language, originality, Plagiarism or views expressed by the author of these centenary publication books. The respective author is solely responsible.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection.

PREFACE

It is indeed a matter of great pleasure and pride for Kavikulaguru Kalidas Sanskrit University, Ramtek to have this rarest opportunity of hosting the 50th session of All India Oriental Conference at Nagpur. This AIOC-50th session at Nagpur will be forever remembered by all as the year 2019 also happens to be the year of Centenary Celebration of AIOC. The premier objective with which the great scholars of yester years had contemplated and established this national academic event called All India Oriental Conference has been achieved through these years with scores of young scholars contributing significantly to the treasure house of knowledge through their valuable research work.

The research of yore and of the present should be properly recorded so as to make it easily available to all lovers of knowledge and wisdom in the years to come. With this objective, we have contemplated to commemorate the 100th year of this grand event of 50th session of AIOC by way of publishing 100 monographs on different subjects in four languages viz., Sanskrit, Hindi, Marathi and English. It is no doubt a herculean task but still worth of it, for the reason that these 100 monographs will inspire many young scholars to take upon a fresh study and research of the oriental subjects with more vigour and zeal.

The AIOC Centenary Publication Series includes wide variety of subjects like Literature, Language, Veda, Indian Philosophy, Sanskrit Grammar, Law, Children Literature, Yoga, Astronomy and Astrology, Ayurveda, Pali, Prakrit, Jain, Buddhism, Education, Library Science, Poetics, Aesthetics, and Indology. It also includes reprint of some rare texts of academic importance which have gone out of print are not easily available. We wish to mark this centenary celebrations with this series that connects the glory of the past and aspirations of future. I place on record my sincere gratitude to all the authors of these monographs who have kindly contributed to the richness of this series. I am confident that the books published in these series will definitely inspire the lovers of Oriental Learning in general and of Sanskrit Language and Literature in particular.

On this occasion, we have published a memorable book of all the speeches of Section-Presidents of all previous sessions of AIOC. It is indeed a very capacious addition to any collection. I with all respect thank two eminent scholars of our times - Prof. Gautam Patel, President and Prof. Saroja Bhate, General Secretary, the torch bearers of AIOC who have not only encouraged us in this venture but also made all efforts to provide these valuable historical speeches for us. I thank all executive members of AIOC and my colleagues of the varsity for making this event a grand success.

My words fall short in describing the painstaking efforts and scholarly commitment of my esteemed colleague Prof. Madhusudan Penna, local secretary of this session in bringing out this series.

I also take this opportunity to profusely thank Shri. Subhash Jain and Shri Dipak Jain, the proprietors of New Bharatiya Book Corporation, New Delhi for their enthusiastic approach and timely work with all precision and grace. Let us all sanctify ourselves in the eternal flow of wisdom by reading these books and recommending these to others also!

सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम्

Ramtek
10th January 2020

Prof. Shrinivasa Varakhedi
Vice Chancellor, KKSU

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

Kavikulaguru Kalidas Sanskrit University
All India Oriental Conference

100th Year 50th Session
10th-12th January, 2020

Chief Patron
Hon'ble Nitin Gadkari
Minister of Road, Transport & Highways of India

Patron
Prof. Shrinivasa Varakhedi
Vice Chancellor, KKSU, Ramtek

AIOC President
Prof. Gautam Patel
Chairman, Sanskrit Seva Samiti, Ahmedabad.

AIOC General Secretary
Prof. Saroja Bhate
Professor of Sanskrit (Retd.), Pune University, Pune

AIOC Local Secretary
Prof. Penna Madhusudan
Dean, KKSU, Ramtek

Additional Local Secretary
Dr. Harekrishna Agasti
Dr. Kalapini Agasti
Dr. Dinakar Marathe
Dr. Parag Joshi

Organising Committee
Prof. C.G. Vijayakumar, Registrar (I/c) & Dean, KKSU, Ramtek
Prof. Nanda Puri, Dean, KKSU, Ramtek
Prof. Krishnakumar Pandey, Dean, KKSU, Ramtek
Prof. Laita Chandratre, Dean, KKSU, Ramtek
Dr. Ramachandra Joshi, Finance Officer, KKSU, Ramtek
Dr. Umesh Shivahare, Controller of Examination, KKSU, Ramtek
Dr. Dipak Kapade, Librarian, KKSU, Ramtek
Dr. Renuka Bokare, PRO, KKSU, Ramtek
Shri. Rajivranjan Mishra, Technical Head, KKSU, Ramtek
Shri. Pravin Kalambe, Security Officer, KKSU, Ramtek

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

Reception Committee

Prof. Shrinivasa Varakhedi, Chairperson Reception Committee & VC, KKSU
Parampujya Govindagiri Swamiji, Rishikesh
Prof. P.T. Chande, Former VC, KKSU
Prof. Uma Vaidya, Former VC, KKSU
Prof. Vijendra Kumar, VC, National Law University, Nagpur
Prof. Rajnish Shukla, VC, National Hindi University, Wardha
Prof. Vinayak Kane, VC, RTM Nagpur University, Nagpur
Shri. Krupal Tumane, Member of Parliament
Shri. Girishji Vyas, Member of Legislative Council
Shri. Chandrashekhar Bawankule, Guardian Minister, Nagpur
Prof. Vishram Jamdar, Director, VNIT, Nagpur
Dr. Bhushankumar Upadhyay, Commissioner of Police, Nagpur
Shri. Vijay Phanshikar, Editor, The Hitavada, Nagpur
Shri. Rajkumar Tirpude, Tirpude Group of Insitutions, Nagpur
Shri. Mohabbat Singh, Tuli International, Nagpur.
Shri. Chandragupta Varnekar, Principal Retd., Nagpur
Shri. Suresh Sharma, Baidyanath, Nagpur
Shri. Prabhakar Rao Mundle, Dharampeth Educational Institutions, Nagpur

Executive Committee

Prof. G. U. Thite,
Vice President

Dr. Brijeshkumar Shukla,
Treasurer

Members

Dr. Rajni Satish Chandra Jha
Prof. Shukla Ramakant
Dr. Behera Ranjit
Dr. Meena Shukla
Dr. Nirmala Kulkarni
Dr. Roy Gauri Nath
Dr. Tripathi Uma Rani
Dr. Pushpa Jha
Dr. Basu Ratna
Dr. Mithilesh Kumar
Prof. Singh Prasoon Dutta
Shri. Mishra Arun Ranjan
Dr. Mishra Baidyanath
Dr. Tripathi Rajendra Rasraj
Shri. Harshdev Madhav
Dr. Kamdev Jha
Dr. Parinita Deshpande
Dr. Jha Udayanath (Ashok)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

अनुक्रमणिका

1. प्रकरण – 1, अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के प्रमुख सम्पादन पृ. 1 से 9
2. प्रकरण – 2, समीक्षित पाठ-सम्पादन की एकाधिक पद्धतियाँ पृ. 10 से 15
3. प्रकरण – 3, अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की पाठयात्रा पृ. 16 से 23
4. प्रकरण – 4, पुनर्गठित पाठ के लिए स्वीकृत नियमावली पृ. 24 से 31
5. प्रकरण – 5, पुनर्गठन के निदर्शभूत स्थानों का परिचय पृ. 32 से 41
6. प्रकरण – 6, तृतीयांक के परम्परागत पाठ की उच्चतर समीक्षा पृ. 42 से 55
7. प्रकरण – 7, प्रथमोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 56 से 67
8. प्रकरण – 8, द्वितीयोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 68 से 76
9. प्रकरण – 9, तृतीयोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 77 से 87
10. प्रकरण – 10, चतुर्थोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 88 से 99
11. प्रकरण – 11, पञ्चमोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 100 से 109
12. प्रकरण – 12, षष्ठोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 110 से 125
13. प्रकरण – 13, सप्तमोऽङ्कः (पुनर्ग्रथितः पाठः) पृ. 126 से 139
14. प्रकरण – 14, परिशिष्ट पृ. 140 से 140
15. प्रकरण – 15, सन्दर्भ-ग्रन्थसूचि पृ. 141 से 145

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

मामकीनं निवेदनम् .....

इस वर्ष अखिल भारतीय प्राच्यविद्या परिषद् के 50वें अधिवेशन का आयोजन कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर (10-12 जनवरी, 2020 के दिनों में) के तत्त्वावधान में हो रहा है। इस परिषद् की शूरुआत ई.स. 1919 में हुई थी। तब से लेकर इसका आयोजन निरन्तर रूप से होता रहा है। एक सौ वर्षों की सुदीर्घ एवं सुदृढ परम्परा का यह यशस्वी वर्ष है। इस के उपलक्ष्य में कविकुलगुरु कालिदास के नाम से शोभान्वित हो रहे इस संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा "उच्चतर समीक्षा के आलोक में अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के श्रद्धेय पाठ का पुनर्गठन" शीर्षकवाला यह शोध-ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है, वह हर्ष का विषय है। कालिदास के सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुए इस नाटक का पहला अंग्रेजी अनुवाद ई.स. 1789 में सर विलियम जोन्स ने प्रकाशित किया गया था। किन्तु तब से लेकर, अद्यावधि (यानी दो सौ त्रीस वर्ष व्यतीत होने के बाद भी) उस नाटक का कौन सा पाठ कालिदास-प्रणीत होगा ? वह चर्चास्पद ही रहा है।। सर विलियम जोन्स के उस अनुवाद के बाद, अलग अलग प्रदेश की प्राचीन लिपियों में लिखी गई (अल्पसंख्यक) पाण्डुलिपियों के आधार पर, सारे विश्व के विद्वानों ने कम से कम पाँच वाचनाओं के "समीक्षित पाठ" प्रकाशित किये हैं। उनके साथ साथ अनेक टीकाओं का भी सम्पादन किया है। परन्तु इस नाटक का बृहत्पाठ कवि-प्रणीत होगा या फिर लघुपाठ ? इस प्रश्न को लेकर कालिदास का सुज्ञ भावक-वर्ग आज भी उलझन में फसा हुआ है।। इस नाटक के मौलिक पाठ के विषय में विवाद का समाधान सुलभ नहीं है।।

अब, अचिरेण मुझे यह बताना चाहिए कि- भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूणें के द्वारा समारब्ध इस "अखिल भारतीय प्राच्यविद्या परिषद्" का सर्व प्रथम अधिवेशन 1919 में हुआ था। तब, उस प्रथम अधिवेशन में ही इस नाटक के पाठ की दुर्दशा एवं बहुविधता को देख कर संताप व्यक्त किया गया था। फर्ग्युसन कॉलेज, पूणें के इतिहास विभाग के प्राध्यापक श्री बळवन्तराय कल्याणराय ठाकोर ने "ध टेक्ट् ओफ शकुन्तला" शीर्षकवाला एक शोधपत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि इस नाटक का तीन-चार तो क्या, केवल दो तरह का पाठ भी शिष्ट समाज के लिए असह्य है। हमें किसी भी तरह से सर्व-सम्मत हो सके ऐसा पाठ तैयार करना ही चाहिए। बहुविध पाठान्तरों में से जो सर्वाधिक व्यंजनापूर्ण हो, जो इस महाकवि की शैली के अनुरूप हो एवं जिसमें सर्वाधिक नाट्यक्षमता हो- ऐसे पाठ का निर्धारण करना ही चाहिए। जिसके लिए उन्होंने "सिलेक्टीव प्रिन्सिपल्स" का आश्रय लेने का कहा था, और कुछ उदाहरणों की विस्तृत चर्चा भी की थी। उनका प्रयत्न था कि किसी भी हाल में कालिदास ने ही लिखा हो ऐसा सर्वाधिक श्रद्धेय पाठ तैयार किया जाय- यह वर्तमान समय की मांग है। लेकिन उनका आग्रहपूर्वक प्रस्तुत किया गया यह स्वप्न साकार होते होते, दो सौ त्रीस वर्षों का काल व्यतीत हो गया। परन्तु लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाये। अरे ! सर विलियम जोन्स की द्वि-जन्म शताब्दी (1746 से 1946) मनाने के अवसर पर, रोयल एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता (1948) में प्रोफेसर क्षितीशचन्द्र चट्टोपाध्याय ने Variorum of Shakuntala (शाकुन्तल नाटक के सभी पाठान्तरों का सर्वग्राही संग्रह) तैयार करने का सुझाव दिया था, वह भी अद्यावधि फलीभूत या कार्यान्वित नहीं हुआ है।।

श्री बळवन्तराय ठाकोर ने संस्कृत साहित्य के शिरोमणिभूत इस नाटक सर्वसम्मत हो सके ऐसे पाठ को तैयार करने की जो अभिलाषा व्यक्त की थी, उसको जब सौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, तब अद्यावधि प्रकाशित हुई सभी वाचनाओं के पाठान्तरों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करके, मैंने उच्चतर समीक्षा के आधार पर, इस नाटक का प्रथम आनुमानिक एवं पुनर्गठित पाठ तैयार किया है। जो इस कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के अनुग्रह

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

से प्राच्यविद्या के सभी उपासकों के हाथ में, रखा जा रहा हूँ ।। प्रस्तुत प्रयास के लिए मुझे एक ही निवेदन है कि – सन्तः परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते, मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः ।।

इस पुस्तक के मुखपृष्ठ का चित्र बनाने वाले केराला के नवोदित चित्रकार श्री टी. एस. सानु कुट्टम का मैं आभारी हूँ । (इस चित्र में, अभि.शकुन्तलम् के "अङ्के निधाय चरणावुत पद्मताम्रौ, संववाहयामि करभोरु यथासुखं ते ।।" तृतीयांक की इस पङक्ति को दृश्य रूप में आकारित किया गया है ।)

इस ग्रन्थ के प्रकाशन का भार उठानेवाले इस विश्वविद्यालय का एवं उनके दीर्घद्रष्टा संनिष्ठ कर्मठ कुलगुरु प्रॉफेसर डॉ. श्रीनिवास वरखेडी जी का मैं सदैव आभारी रहूँगा ।।

अभ्यासुओं की प्रतिक्रिया सुनने को मैं उत्सुक हूँ ।।

वसन्तकुमार म. भट्ट

ए-2, सुरभि एपार्टमेन्ट, सुभाष सोसायटी,
विजय क्रोस रोड, नवरंग पुरा
अहमदावाद – 380009 (दूरध्वनिः +91- 94277-00064)
v.k.bhatt53@gmail.com

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रकरण – 1

अभिज्ञानशकुन्तला / अभिज्ञानशकुन्तलम् / अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के प्रमुख सम्पादन एवं मूलगामी नाटक के पाठोद्धार का पहेला कदम

संकल्पनाः- कालिदास का अभिज्ञानशकुन्तला नाटक संस्कृत नाट्य-साहित्य का सर्वश्रेष्ठ नाटक है – यह अभिप्राय सर्वसम्मत है, किन्तु उसी नाटक का कोई भी वाक्य या श्लोक को लेकर यदि ऐसा प्रश्न उठाया जाय कि कालिदास ने क्या यही लिखा था ?, तो निश्चिततया आप दुस्समाधेय विवाद को निमन्त्रित करेंगे । कारण यही है कि इस नाटक के शीर्षक से लेकर[1], भरत-वाक्य पर्यन्त का एक भी वाक्य ऐसा नहीं है कि जिसमें पाठभेद का ढेर न लगा हो । यहाँ पाठभेदों की जटिल समस्या पैदा होने के कारण अनेक हैः- 1. कालिदास अनेक शताब्दियों पहले पैदा हुए थे, अतः उनका स्वहस्तलेख कालग्रस्त हो चूका होगा । (कालिदास का समय ई. स. पूर्व प्रथम शताब्दी या ई.स. की पाँचवी शताब्दी, यानी गुप्तकाल होने की मान्यता प्रचलन में है) । 2. प्राचीनकाल में मुद्रणकला नहीं होने से इस नाटक का पाठ लहियाओं के द्वारा बनाई गई हस्तलिखित प्रतिलिपि की प्रतिलिपि की प्रतिलिपि की परम्परा से हम तक पहुँचा है । इन पाण्डुलिपियों में उपलब्ध होनेवाला पाठ मानवकृत प्रतिलिपिकरण का परिणाम होने से, उसमें अनेक अशुद्धियाँ, पाठस्खलन एवं पाठविचलन होना अवश्यंभावि है । तथा आज उपलब्ध हो रही पाण्डुलिपियाँ भी परवर्ती काल में लिखी गई हैं । चार सौ या पाँच सौ वर्ष से अधिक पुरानी पाण्डुलिपि मिलने की सम्भावना भी नहीं है । 3. यह नाट्यकृति सर्वश्रेष्ठ एवं लोकप्रिय होने से उसका रंगमंच पर अनेक बार प्रयोग भी होता रहा है । अतः अलग अलग प्रदेश के रंगकर्मियों / सूत्रधारों के द्वारा भी उसके पाठ में प्रक्षेप एवं संक्षेप की बहुविध लीला खेली गई है । जिसके कारण, इस एक ही नाटक की प्रकाशित आवृत्तियों में बहुविध पाठ मिल रहे हैं । अतः इन आवृत्तियों में से किसी एक को हाथ में लेकर, इसी को पढ कर यदि हम ऐसा मान लें कि यह मुद्रित पाठ ही कवि कालिदास के हाथ से लिखा गया मूलपाठ है- तो वह केवल छात्रावस्था की मुग्धता ही होगी ।। यदि कोई अभ्यासु व्यक्ति ऐसा सोचे कि इस नाटक की समीक्षित आवृत्ति को लेकर इस नाटक को पढा जाय तो, क्या उसमें से भी एक अधिकृत (प्रामाणिक) पाठ नहीं मिल सकता है ? । तो यह मार्ग भी समाधान-कारक सिद्ध नहीं हो सकता है । क्योंकि इस नाटक की एक नहीं, अनेक समीक्षित आवृत्तियाँ प्रकाशित हो चूकी हैं । अद्यावधि विद्वानों ने समीक्षितावृत्ति के रूप में इस नाटक का पाँच प्रादेशिक पाठ निकाले हैं, जिनको पाँच "वाचनाओं के पाठ" के नाम से उल्लिखित किये जाते हैं । जैसे कि, 1. काश्मीरी वाचना, 2. मैथिली वाचना, 3. बंगाली वाचना, 4. दाक्षिणात्य वाचना एवं 5. देवनागरी वाचना । इन सभी वाचनाओं की समीक्षित आवृत्तियाँ देखने से भी, यही मालूम होता है कि इन सब में भी कहीं पर एक समान पाठ, या जो सर्वमान्य हो सके ऐसा पाठ उपलब्ध नहीं है । इन पाँच में से पहली तीन वाचनाओं में इस नाटक का "बृहत्पाठ" मिल रहे है, और अन्तिम दो में "लघुपाठ" मिलता है । हमारे लिए, अब बहुत बडी चुनौती है कि अनेक वाचनाओं के बहुविध पाठों में से इस नाटक के मूलगामी या सर्वाधिक श्रद्धेय पाठ का उद्धार कैसे करें ।।

[1] इस नाटक का शीर्षक बंगाली और मैथिली पाठों में "अभिज्ञानशकुन्तलम्" है । देवनागरी और दाक्षिणात्य पाठों में "अभिज्ञानशाकुन्तलम्" है । तथा काश्मीरी पाठ में "अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम्" है । इन तीन तरह के शीर्षकों में से कौन सा एक शीर्षक महाकवि कालिदास ने मूल में लिखा होगा ? यहीं से पाठ-निर्णय की समस्या शूरु होती है । क्योंकि नाटक का केन्द्रीकृत विषय पकड ने के लिए शीर्षक को ही ध्यान से समझना होता है और हमारे सामने एक नहीं, तीन शीर्षक बिखरे हुए हैं ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रस्तुत पुस्तक में, इस नाटक की पाँचो वाचनाओं के पाठों के तुलनात्मक अध्ययन करके, उच्चतर समीक्षा के आधार पर तैयार किया गया इस नाटक के सर्वाधिक श्रद्धेय पाठ का पुनर्गठन एवं पुनःस्थापन प्रस्तुत किया जायेगा । जिससे आशा है कि इस नाटक के अनेकानेक पाठभेदों में से बहुशः पाठभेदों का निरसन किया जायेगा, और निष्कर्ष के रूप में, विवादों से बाहर निकला हुआ जो पाठ होगा वह सर्वमान्य हो सकेगा ।।

[1]

सर विलियम जोन्स ने ई. स.1789 में इस नाटक के बंगाली पाठ का अंग्रेजी में अनुवाद किया । यह सर्व प्रथम अनुवाद था । तब से लेकर पूरे संसार में कवि कालिदास की महत्ता सुप्रचलित हुई और उसके साथ साथ भारतीय विद्याओं के प्रति विद्वज्जगत् का ध्यान भी आकृष्ट हुआ । सर विलियम जोन्स के अनुवाद को प्रकाशित हुए दो सौ तीस वर्षों का सुदीर्घ काल व्यतीत हो चूका है । इसके दौरान इस नाटक के बहुविध पाठ सामने आये, टीका-साहित्य भी थोडा-बहुत प्रकाशित हुआ, और ढेर सारे अनुवाद, विवेचन भी प्रकाश में आये हैं । किन्तु एक ही नाटक के बहुविध पाठ सामने आने के बाद "इन में से मौलिक पाठ कहाँ होगा ?" ऐसा विवाद तो उठेगा ही ।।

अभी तक जो हुआ है उसका प्राथमिक सर्वेक्षण करना आवश्यक है । सर विलियम जोन्स के अनुवाद के बाद, 1. ओटो बोहतलिंग ने (ई.स.1842 में) सब से पहले इस नाटक की देवनागरी वाचना का समीक्षित पाठ सम्पादित करके प्रकाशित किया । जिसमें इस नाटक का लघुपाठ प्रकाशित हुआ था । तत्पश्चात् अन्य दो-तीन विद्वानों ने देवनागरी वाचना का फिर से समीक्षित पाठसम्पादन किया है । जैसे कि, मोनियर विलियम्स ने अपनी पहली समीक्षितावृत्ति ई.स.1855 में प्रकाशित की । तथा कार्लोस बुरखाड ने 1872 में देवनागरी का प्रकाशन किया था[2] । मोनियर विलियम्स ने फिर से कुछ नवीन देवनागरी पाण्डुलिपियों का एवं कार्लोस बुरखाड की पूर्वोक्त आवृत्ति का विनियोग करके इस नाटक का ई.स.1876 में दूसरा समीक्षित पाठसम्पादन किया । लेकिन उन्होंने इस समीक्षित सम्पादन में काटयवेम एवं शंकर की टीकाओं का भी विनियोग किया । जिसके कारण उनकी समीक्षितावृत्ति में अनजान में कुत्रचित् मैथिली एवं दाक्षिणात्य पाठान्तरों का स्वीकार किया हुआ मिलता है । तत्पश्चात् 2. जर्मन विद्वान् डॉ. रिचार्ड पिशेल ने ई.स.1876 में इस नाटक की बंगाली वाचना का सर्व प्रथम समीक्षित पाठ सम्पादित किया । इस बंगाली वाचना में बृहत्पाठ मिलता है । बंगाली वाचना के इस समीक्षित पाठ का प्रकाशन हार्वर्ड युनिवर्सिटी प्रेस ने किया था । (जिसकी द्वितीयावृत्ति 1922 में प्रकाशित हुई है । विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में इस नाटक के जो जो उद्धरण दिये हैं, वे इसी बंगाली पाठ के हैं । क्योंकि वे बंगाल के साहित्यशास्त्री थे ।) 3. कार्ल कैप्लर (1909) ने उच्चतर समीक्षा के मानदण्ड से देवनागरी पाठ का सम्पादन किया[3] । जिसमें उन्हों ने "अपि च" एवं "अथवा" जैसे निपातों से जहाँ जहाँ दो या चार श्लोकों को उपस्थित किये गये हैं, उनका अस्वीकार किया ।। उसी तरह से बंगाल के महामहोपाध्याय श्री ईश्वचन्द्र विद्यासागर जी ने भी कलकत्ता से देवनागरी वाचना का पाठ "शकुन्तला" शीर्षक से प्रकाशित किया[4] । म. म. श्रीईश्वरचन्द्र विद्यासागर जी यद्यपि बंगाल के विद्वान् थे, तथापि उन्होंने बंगाली पाठ की अपेक्षा से देवनागरी वाचना के लघुपाठ को सर्वाधिक श्रद्धेय घोषित किया । जिसके कारण इस नाटक का देवनागरी पाठ ही पठन-पाठन में सर्वस्वीकृत हो गया । (उनके मत को प्रामाणिक मान कर हम सब ने देवनागरी वाचना के लघुपाठ को अद्यावधि शिरोधार्य भी

[2] Sacuntala Annulo Recognita, (Textum Recensionis Devanagaricae Recognovit), Ed. Carolus Burkhard, Impensis J. U. Kerni, Bonnensis, 1872.

[3] Kalidasa'sShakuntala, (Kurzer Textform), Ed. Carl Cappeller, Leipzig, 1909

[4] द्रष्टव्यः-शकुन्तला, मूल-सम्पादक श्रीईश्वरचन्द्र विद्यासागर, पुनःसम्पादन- पूर्णचन्द्र डे, कलकत्ता, 1916

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

बना कर रखा है ।) 4. तत्पश्चात् इन्दौर के प्रॉफेसर श्री पी. एन. पाटणकर (प्रथम संस्करण 1898 ई.स. एवं द्वितीय संस्करण 1905 ई.स.) ने कुछ अधिक सामग्री का उपयोग करके, देवनागरी वाचना का "शुद्धतर समीक्षित पाठ" सम्पादित किया है। किन्तु उन्होंने कार्ल बुरखाड का रोमन स्क्रिप्टवाला काश्मीरी पाठ भी उपयोग में लिया, जिसके कारण उनके शुद्धतर देवनागरी के पाठ में कुत्रचित् काश्मीरी पाठान्तरों का भी प्रवेश हो गया है । यानी उनकी आवृत्ति भी संदोहन पद्धति से (इकलेक्टीक प्रिन्सिपल पर) बनी आवृत्ति कही जायेगी ।। उसके पीछे, प्रोफे. एम. आर. काळे ने 1889 में इसी देवनागरी पाठ का अंग्रेजी अनुवाद के साथ सम्पादन किया, लेकिन वह समीक्षित पाठसम्पादन नहीं था। उसके बाद, प्रोफे. श्री शारदा रंजन राय, कोलकाता 1908, श्री गौरीनाथ शास्त्री (साहित्य अकादेमी, दिल्ली, 1983) इत्यादि विद्वानों ने भी अपने अपने देवनागरी पाठ प्रकाशित किये हैं ।

डॉ. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी जी, वाराणसी, 1986 ने अपनी "कालिदास ग्रन्थावली" में इस नाटक का पाठ दिया और उसके अनेक पाठभेदों का पादटिप्पणी में समावेश किया । इस आवृत्ति को तैयार करने के लिए उन्होंने एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता की एक पाण्डुलिपि (जी. 340) का आंशिक विनियोग किया और अन्य सामग्री के रूप में पूर्व प्रकाशित अनेक आवृत्तियों का ही बहुशः विनियोग किया है, जिसमें मैथिली एवं बंगाली वाचनाओं के भी पाठ शामिल हैं। परिणामतः उनके द्वारा सम्पादित किये गये पाठ में अनेक स्थान पर देवनागरी के अलावा अन्य वाचनाओं के पाठान्तरों का भी ग्रहण कर लिया है । उदाहरणतया, तृतीयांक के आरम्भिक दश्य में दुष्यन्त की कामयमानावस्था को अभिनीत करवाने के लिए जिन श्लोकों का मैथिली वाचना में प्रक्षेप हुआ था, उन श्लोकों का भी श्रीरेवाप्रसाद जी ने स्वीकार कर लिया है। परिणामतः उनकी आवृत्ति भी संदोहन पद्धति से (Principles of Eclectic Text-Editing) बनी आवृत्ति ही बन गई है। वह विशुद्ध देवनागरी वाचना का पाठ ही नहीं है। तत्पश्चात् उन्होंने 2008 में उसी पाठ को हिन्दी अनुवाद के साथ कालिदास अकादमी, उज्जयिनी की ओर से प्रकाशित करवाया। उन्होंने 2017 में "कालिदास-शब्दानुक्रम-कोश" का भी प्रकाशन किया, जिसके परिशिष्ट भाग में पुनरपि वही पाठ रखा । यद्यपि उन्होंने अन्तिम दो प्रकाशनों में, हार्वर्ड युनिवर्सिटी से प्राप्त की तीन-चार पाण्डुलिपियों का भी उपयोग किया और 1986 के पाठ में अनेक स्थान पर सुधार, परिवर्तनादि भी किये[5]। यानी उनके द्वारा सम्पादित किये गये अनेक संस्करणों में तथाकथित देवनागरी वाचना के पाठ का सुधार अभी भी चल रहा है। जिसके कारण, हमें उनको मान्य हो ऐसे चरमोत्कृष्ट पाठ की प्रतीक्षा करनी होगी । यहाँ उल्लेखनीय है कि देवनागरी वाचना का लघुपाठ प्रकाशित करनेवाले पूर्वोक्त सभी सम्पादकों ने इस नाटक का शीर्षक "अभिज्ञान-शकुन्तलम्" ही दिया है, किन्तु टीकाकार राघव भट्ट ने एवं तदनुसार श्रीरेवाप्रसाद जी ने "अभिज्ञान-शाकुन्तलम्" ऐसा शीर्षक दिया है ।।

[इस देवनागरी वाचना के प्राचीन से प्राचीनतर, तथा प्राचीनतर से प्राचीनतम पाठ की गवेषणा करने के लिए मैंने देश के विभिन्न प्रदेशों में से 75 पाण्डुलिपियों की सोफ्ट कॉपियाँ प्राप्त की हैं। उन सब के पाठान्तरों का डाटा कम्प्युटर की एक्सेल-शीट पर विश्लेषित किया है। इस यान्त्रिक विश्लेषण से मालूम हुआ है कि उपलब्ध

[5] जैसे कि, (1)1986 के संस्करण में, अंक-3 के स्तनन्यस्तोशीर0 श्लोक के नीचे "पूर्वार्धेन शयनादुत्थाय" जैसी रंगसूचना दी है। लेकिन 2008 के संस्करण में "पूर्वार्धेन पुष्पशय्यामुदस्य" ऐसी नवीन रंगसूचना आ गई है। तथा इस तरह की रंगसूचना उन्होंने किस पाण्डुलिपि के आधार पर पेश की है ? वह बताया नहीं है। (2) ई.स. 1986 की का.ग्र. में इस नाटक के प्रत्येक अंक के विशेष नाम नहीं थे। लेकिन 2008 एवं 2017 की का.ग्र. में प्रत्येक अंक के स्वकल्पित नये नाम दिये गये हैं ! हकीकत में देखे तो इस नाटक की मैंने पूरे भारत से एकत्र की 75 पाण्डुलिपियों में से एक भी देवनागरी पाण्डुलिपि में किसी भी अंक के पृथक् पृथक् नाम मिलते नहीं हैं ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

हो रही इन 75 पाण्डुलिपियों में देवनागरी वाचना के त्रिविध रूपान्तरण विद्यमान हैं। इनमें जो (1) प्राचीनतम पहेला रूपान्तरण है उसमें इस नाटक का बृहत्पाठ मिलता है, जो इसी देश में कदाचित् प्रचलन में था। इस बृहत्पाठ में एक अधिक दृश्य का संनिवेश भी किया हुआ मिलता है। यह दृश्य काश्मीरी, मैखिली एवं बंगाली में उपलब्ध नहीं होता है।। तत्पश्चात् (2) तृतीयांक के दो दृश्यों की कटौती करनेवाला, तथा दुष्यन्त की कामयमाना-वस्था को विस्तार से निरूपित करनेवाला द्वितीय रूपान्तरण कतिपय पाण्डुलिपियों में मिलता है। तथा (3) तीसरे रूपान्तरण के रूप में, सब से छोटा, संक्षिप्ततम पाठ अनेक पाण्डुलिपियाँ में मिलता हैं, वे सब प्रायः 16-17-18वी शती में लिखी गई हैं। इस संक्षिप्ततम पाठ पर टीकाकार राघवभट्ट ने अपनी टीका लिखी है[6]। इस विषय का निरूपण करनेवाले दो विडियो मैंने यू-ट्यूब पर अपलोड किये हैं, जिनको देखने का अनुरोध हैः- 1. https://youtu.be/CttrEG-2fc एवं 2. https://youtu.be/Ervy_pXC6_E। मेरे अनुसन्धान के अनुसार देश-विदेश के किसी भी सम्पादक को अद्यावधि यह ज्ञात ही नहीं हुआ है कि देवनागरी पाण्डुलिपियों में भी इस नाटक के बृहत्पाठ की परम्परा कदाचित् संचरित हुई थी और जिसके उद्धरण भोजराज (ई.स.1050) के शृङ्गारप्रकाश में भी मिलते हैं। (यहाँ उल्लेखनीय है कि शृङ्गारप्रकाश की रक्षा दक्षिण भारतीय ताडपत्रवाली पाण्डुलिपियों में हुई हैं, उसमें देवनागरी वाचना के पहले रूपान्तरण के अनुसार, यानी बृहत्पाठ के उद्धरण सुरक्षित है। किन्तु उसी भोजराज के सरस्वतीकण्ठाभरण में, इस नाटक की देवनागरी वाचना के तीसरे – संक्षिप्ततम, लघुपाठ – रूपान्तरण का उद्धरण प्राप्त होते है ! सरस्वतीकण्ठाभरण की पाण्डुलिपियाँ विशेषतया उत्तर भारत से मिल रही हैं।) अतः अब इन तीनों रूपान्तरणों को ध्यान में रखते हुए, पुनरपि देवनागरी वाचना का समीक्षित पाठसम्पादन करना होगा, जो कार्य वर्तमान में चल रहा है। अस्तु।।]

देवनागरी वाचना का लघुपाठ प्रायः सर्वस्वीकृत हो जाने के बाद, अनेकानेक विद्वानों ने उसीका अनुवाद, टीका, टिप्पणादि के साथ पौनःपुन्येन प्रकाशन जारी रखा है। रिचार्ड पिशेल द्वारा सम्पादित बंगाली वाचना के बृहत्पाठ के साथ मिलता-जुलता मिथिला का भी एक बृहत्पाठ प्रकाशित हुआ। मैथिली वाचना का समीक्षित पाठ-सम्पादन प्रॉफे. श्री रमानाथ झा ने किया है, जिसका प्रकाशन मिथिला विद्यापीठ, दरभङ्गा से ई.स.1957 में हुआ है। इस नाटक के बृहत्पाठ का संरक्षण करने वाली एक तीसरी वाचना भी है- ऐसा 1884 में कार्ल बुरखाड ने कहा था। ई. स. 1875 में डॉ. ब्युह्लर ने श्रीनगर से भूर्जपत्र पर, शारदा-लिपि में, लिखी गई एक पाण्डुलिपि प्राप्त की थी। (उसका क्रमांक 192 दिया गया था।) जिसका रोमन स्क्रिप्ट में रूपान्तरण करते समय, कार्ल बुरखाड ने इस तीसरे बृहत्पाठ की घोषणा की थी। किन्तु बहुत लम्बे समय तक यह अभिप्राय उपेक्षित रहा, तिरोहित रहा। कालान्तर में, इस काश्मीरी वाचना का पाठ डॉ. एस. के. बेलवेलकर जी ने ई.स. 1965 में सम्पादित किया। परन्तु, उसको हम कथमपि सही समीक्षित पाठसम्पादन नहीं कह सकते हैं। क्योंकि उसकी पादटिप्पणी में एक भी सन्दर्भ एवं पाठभेदादि का निर्देश नहीं दिया है। वार्धक्य के कारण श्री बेलवेलकर जी इसकी प्रस्तावना भी नहीं लिख सके थे। अतः उन्होंने कौन सी शारदा पाण्डुलिपि का विनियोग किया था ? वह हमारे लिए अज्ञात है। एवञ्च, उनके द्वारा सम्पादित किये गये काश्मीरी पाठ में अन्य (बंगाली तथा देवनागरी) वाचनाओं के पाठान्तरों का भी अनेकत्र स्वीकार किया हुआ दिखता है। अतः उसको सही अर्थ में "शारदा-पाठ यानी काश्मीरी वाचना" का पाठ नहीं मान सकते हैं। डॉ. बेलवालतर जी के देहावसान के बाद, उनके तथाकथित काश्मीरी पाठ का प्रकाशन प्रॉफे. डॉ. वी. राघवन् ने साहित्य अकादेमी, नयी दिल्ली की ओर से ई. स.1965 में

[6] वर्तमान में, इस नाटक के जो जो संस्करण पाठ्यक्रम के रूप में पाठशालाओं एवं विश्वविद्यालयों में चल रहे हैं, उनमें इस देवनागरी वाचना के दूसरे एवं तीसरे रूपान्तरणों का सांकर्य भरा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

किया था ।। मैंने ई.स. 2015 में देश-विदेश से प्राप्त की पाँच शारदा पाण्डुलिपियों के आधार पर इस वाचना का समीक्षित पाठ सम्पादित किया है । जिसमें, वी. राघवन् जी के द्वारा न्यू केटलोगस केटलोगरम, मद्रास, 1965 में विलुप्त या तिरोहित घोषित[7] किये गये 192 क्रमांकवाला विरल भूर्जपत्र भी उपयोग में लिया गया है । काश्मीरी वाचना में, इस नाटक का शीर्षक "अभिज्ञानशकुन्तला नाटक" ऐसा मिलता है । राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली के द्वारा ई.स. 2018 में उसका प्रकाशन हुआ है ।।

पाँचवी दाक्षिणात्य वाचना का समीक्षित पाठसम्पादन अभी तक हुआ नहीं है । (पंदरवी शती के काटयवेम भूप की कुमारगिरिराजीया नामक टीका के साथ दाक्षिणात्य पाठ तेलुगु लिपि में प्रकाशित हुआ है, उसीको हम दाक्षिणात्य वाचना का पाठ मान सकते हैं ।) इस तरह से, इस नाटक का पाँच प्रादेशिक पाठ प्रकाशित होकर, हमारे सामने आ गये हैं ।।

[**टीका-साहित्य** :-- कालिदास के इस महान् नाटक के पाठ पर अनेक टीकाएँ लिखी गई है । लेकिन वे सभी 15वीं शती के बाद ही लिखी गई है । अतः इस नाटक का प्राचीन से प्राचीनतर पाठ ढूँढने के लिए ये टीकाएं बहुत उपकारक नहीं हैं । इन में से कतिपय टीकाएँ, जो आज प्रकाशित स्वरूप में उपलब्ध है, वे इस प्रकार हैः- काश्मीरी (शारदा) पाठ पर लिखी गई हो ऐसी एक भी टीका अद्यावधि ज्ञात नहीं है । मैथिली वाचना के पाठ पर शंकर की रसचन्द्रिका टीका एवं नरहरि की टिप्पण नामक टीकाएं डॉ. रमानाथ झा जी ने सम्पादित की है, जो मिथिला विद्यापीठ, दरभंगा से 1957 में प्रकाशित हुई हैं । बंगाली वाचना की समीक्षित आवृत्ति की प्रस्तावना में डॉ. रिचार्ड पिशेल ने चन्द्रशेखर चक्रवर्ती की "सन्दर्भ-दीपिका" नामक टीका की अप्रकाशित पाण्डुलिपि का निर्देश किया था । जिसकी दो प्रतियाँ इन्डिया ओफिस लाईब्रेरी, लंदन से मंगवा कर, मैंने उसका समीक्षित पाठसम्पादन किया है । राष्ट्रिय पाण्डुलिपि मिशन, नयी दिल्ली, 2013 की ओर से उसका प्रकाशन हो चूका है । तथा इसी बंगाली पाठ पर "रसिकमनोरमा" नामक एक दूसरी टीका लंदनस्थित पाण्डुलिपि में सुरक्षित है, जिसके पाठसम्पादन का कार्य चल रहा है । अर्वाचीन काल में नवकिशोरकर शास्त्री ने किशोरकेली नामक एक टीका लिखी है, जो इस नाटक के बृहत्पाठ पर लिखी गई है । इसका प्रकाशन चौखम्भा संस्कृत सिरीझ, वाराणसी, 1960 में हुआ था ।। देवनागरी वाचना का जो तीसरा (संक्षिप्ततर) रूपान्तरण 16वी शताब्दी में तैयार हुआ सिद्ध होता है, उस पर राघवभट्ट ने अर्थद्योतनिका नामक टीका लिखी है । जिसमें सभी सन्धि-सन्ध्यङ्ग पर विचार किया गया है, तथा काव्याशास्त्रीय आलोचना भी विद्वत्तापूर्ण ढंग से की गई है । अतः पाठकवर्ग में वह सर्वाधिक लोकप्रिय बनी है । मोनीयर विलियम्स ने जब देवनागरी वाचना की नयी समीक्षित आवृत्ति तैयार की थी, तब यह टीका प्रकाशित नहीं हुई थी और वह पाण्डुलिपि के रूप में ज्ञात भी नहीं थी । किन्तु इसमें परवर्ती काल के धनञ्जय ने दशरूपक में दी हुई पारिभाषिक शब्दावली का स्वीकार किया गया है । तथा इस टीका में अनेक स्थान पर क्षतियाँ है ऐसा प्रॉफे. पी. एन. पाटणकर जी ने भी बताया है । देवनागरी पाठ पर इसके अलावा दूसरी कोई टीका निकली नहीं है ।। इस नाटक का दाक्षिणात्य पाठ भी लघुपाठ है । लेकिन इस पाठ पर सब से अधिक टीकाएँ लिखी गई हैं । जैसे कि, 1. काटयवेम भूप की कुमारगिरिराजीया टीका, 2. अभिराम की दिङ्मात्रदर्शिनी, (वाणी विलास प्रेस, श्रीरंगम्, 1917), 3. श्रीनिवासाचार्य की साहित्यचर्चा, (मद्रास, 1916), 4. घनश्याम पण्डित की सञ्जीवन टिप्पण, (सरस्वती पुस्तक भण्डार, अहमदावाद, 1997), 5. नीलकण्ठ की टिप्पण, 6. सेतुमाधव की बालबोधिनी नामक टीका (1842 शक संवत) प्रकाशित स्वरूप में मिलती है । स्थिरदेव की टीका, नारायण

[7] New Catalogus Catalogrum, Ed. V. Raghavan, Uni. Of Madras, 1968, (Part – 1, page : 282 & 283)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

पण्डित की टीका, एवं बालमजिह्म की (प्राकृतप्रकाशिनी) टीका भी (अप्रकाशित स्वरूप में) पाण्डुलिपियों में विद्यमान है ।]

पाठालोचन के नियमानुसार देवनागरी, बंगाली, मैथिली, काश्मीरी एवं दाक्षिणात्य जैसे पाँच पाठों को "प्रादेशिक रूपान्तरण (Versions)" ही कहना उचित है, उनको "वाचनाओं (Recensions) के पाठ" कहना उचित नहीं है । क्योंकि उपर्युक्त सम्पादकों ने किसी प्रदेश-विशेष या किसी लिपि-विशेष के आधार पर ही उनको "बंगाली वाचना", "मैथिली वाचना" या "काश्मीरी वाचना" इत्यादि नाम दे दिये हैं । मतलब कि अद्यावधि एक भी पाठसम्पादक ने सारे भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों (स्थानों) का प्रतिनिधित्व करने वाली एवं अलग अलग लिपियों में लिखी गई शताधिक पाण्डुलिपियाँ एक साथ में लेकर, इस नाटक का सर्वतोग्राही समीक्षित पाठ सम्पादन नहीं किया है । **जिस तरह से महाभारत एवं रामायण की समीक्षित आवृत्तियाँ बनाने के लिए,** भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूणें एवं ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा के प्रधान सम्पादक डॉ. वी. एस. सुकथंकर तथा डॉ. गोविन्दलाल भट्ट ने प्राचीन भारत की सभी लिपियों में लिखी गई देश-विदेश की शताधिक पाण्डुलिपियाँ प्राप्त करके, सर्वतोग्राही प्रयास किया था । वैसा इस नाटक के लिए कोई प्रयास हुआ ही नहीं है । यदि ऐसा कुछ हुआ होता तो (क) इस नाटक का पाठ कितने प्रवाहों में, कितनी शाखाओं (=वाचनाओं) में विभक्त हो रहा है ? वह सोचा गया होता । एवं (ख) प्राचीन से प्राचीनतर वाचना कौन सी है, या कौन सी वाचना का पाठ किस दृष्टिकोण से अधिक श्रद्धेय है ?, अथवा (ग) किस कालानुक्रम में इन पाँच वाचनाओं का प्रादुर्भाव हुआ होगा ? इत्यादि विचारणा सामने आई होती । किन्तु दुर्भाग्यवशात् इस नाटक के लिए इस तरह का सर्वतोग्राही शोधकार्य देश में या विदेश में नहीं हुआ है ।।

हाँ, देवनागरी वाचना का लघुपाठ प्रकाशित होने के बाद, उसके प्रतिपक्ष में जब बंगाली वाचना का बृहत्पाठ प्रकाशित हुआ- तब उन दोनों में से कौन सा पाठ मौलिक हो सकता है ? उसकी ही चर्चा होने लगी । सभी विद्वानों के मन कवि-प्रणीत पाठ निश्चित कर लेने की जल्दबाजी में फस गये । ऐसी स्थिति में, पाठालोचना का जो एक सामान्य नियम है कि- एवं "प्रलम्ब एवं अलंकृत पाठ की अपेक्षा से जो सीधा सरल लघुपाठ होता है- वही पुरोगामी (=प्राचीनतर) होने की सम्भावना ज्यादा होती है" उससे प्रेरित हो कर[8], देवनागरी वाचना के लघुपाठ को ही मौलिक पाठ मान लेने का सुगम हो गया । जिसके परिणाम स्वरूप दो पक्ष खडे हुए हैः- (1) इस नाटक के लघुपाठ को मौलिक मानने वाले श्रीईश्वरचन्द्र विद्यासागर, श्रीशारदा रंजन राय, श्री एम. आर. काळे, श्री पी. एन. पाटणकर, श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी इत्यादि । (2) इस नाटक का बृहत्पाठ ही मौलिक हो सकता है – ऐसा मानने वाले डॉ. रिचार्ड पिशेल, डॉ. एस. के. बेलवालकर[9] एवं डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल ।।

जैसा कि उपरि भाग में कहा है, अद्यावधि किसी भी विद्वान् ने इन समीक्षितावृत्तिओं का विस्तृत फलक पर, तुलनात्मक अध्ययन भी नहीं किया । तथा उन में "मंचन के लिए तैयार की गई "रंगावृत्तियों के पाठ" प्रवाहित हुए है"- ऐसी आशंका भी खुल कर किसी ने नहीं जताई है । दूसरे शब्दों में कहा जाय तो, भिन्न भिन्न प्रदेशों की

[8] Textus simplicior is earlier than the textus ornatior. (किन्तु यह नियम "प्रोक्त प्रकार" यानी अनेक-कर्तृक ग्रन्थों के पाठसम्पादन में ही उपयुक्त हो सकता है । काव्य-नाटकादि जैसे एक-कर्तृक ग्रन्थों के लिए नहीं ।)

[9] एस. के बेलवालकर जी बृहत्पाठ की मौलिकता को पुरस्कृत करते हैं- ऐसा उनके शोधपत्रों से फलित होता है । किन्तु आगे चल कर, उन्होंने ही लिखा है कि वे डॉ. सिल्वाँ लेवि के विचारों से प्रेरित हो कर, इस नाटक के नातिदीर्घ एवं नातिह्रस्व हो ऐसे पाठ को कवि-प्रणीत मानने के पक्ष में है ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

केवल अल्पसंख्यक पाण्डुलिपियों के आधार पर बंगाली, मैथिली इत्यादि प्रादेशिक पाठ सम्पादित करते समय विद्वान् सम्पादकों को यह प्रकट रूप से ध्यान में ही नहीं आया कि ये पाँचों पाठ अज्ञात नटमण्डलियों के द्वारा मंचन के लिए तैयार किये गये पाठ है[10] । मैथिली पाठ की प्रस्तावना में तो स्थानिक मंचन का प्रकट निर्देश भी मिलता है । जैसे कि, "**सूत्रधारः**—आर्ये, रसभावविशेषदीक्षागुरोः श्रीविक्रमादित्यस्य साहसाङ्कस्य अभिरूप-भूयिष्ठा परिषत् । अस्यां च श्रीकालिदासग्रथितवस्तुना अभिज्ञानशकुन्तल-नाम्ना नाटकेनोपस्थातव्यमस्माभिः ।"[11] यहाँ उल्लिखित साहसांक नामका राजा चौथी शताब्दी का चन्द्रगुप्त-2 है, जो पराक्रमांक समुद्रगुप्त का पुत्र है और जिसने "विक्रमादित्य" बिरुद धारण किया था । और उसकी राजसभा में मैथिली पाठानुसारी इस नाटक का मंचन हुआ था[12] । (काव्यमीमांसा में कहा है कि साहसांक की सभा में काव्य-गोष्ठियाँ के प्रसंगों का आयोजन होता था । सम्पादक- सी.डी.दलाल, ओरिएन्टल इन्स्टी., वडोदरा, 1934, पृ.197-198.) अस्तु ।। प्रायः प्रत्येक सम्पादक ने अल्पसंख्यक पाण्डुलिपियों के सहारे जो पाठ निर्धारित किया है, और उसीको "कवि-प्रणीत मूल पाठ" या "सर्वाधिक श्रद्धेय पाठ" घोषित करने की जल्दबाजी कर दी है । ऐसा गड्डुरिका प्रवाह शूरु होने का कारण यही है कि उन सम्पादकों ने अपनी अपनी "समीक्षित" वाचनाओं के पाठों में रहे पूर्वापर विरोध, विसंगतियाँ एवं रंगसूचनाओं में आन्तर-विरोधादि कभी देखा ही नहीं । एवमेव, "उपलब्ध हो रहे पाठभेदों का सम्बन्ध नाटक के काव्यसौन्दर्य में परिवर्तन लाने के साथ ज्यादा है ?, या फिर मंचन के वैशिष्ट्य के साथ ज्यादा है ?" ऐसा तारतम्य भी सोचा नहीं था । यदि इस दिशा में अभ्यासु व्यक्ति सोचना शूरु करेगा तो मालूम होगा कि इन पाठभेदों का सम्बन्ध काव्यसौन्दर्य में परिवर्तन लाने के साथ बहुत कम है, और मंचनलक्ष्यी वैशिष्ट्य लाने के लिए ही ज्यादा है ।

ऐसी परिस्थित में, अभिज्ञानशकुन्तला / अभिज्ञानशकुन्तलम् / अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक के आधुनिक अभ्यासी के सामने दो मार्ग दिख रहे हैः- (क) वह चाहे तो महाभारत की समीक्षित आवृत्ति बनाने का पूर्वानुभूत मार्ग पसन्द करे । इस तरह के सर्वतोग्राही मार्ग में उसको इस नाटक की प्राचीन काल की सभी लिपियों में लिखी गई, देश-विदेश के सभी स्थानों से एकत्र की गई शताधिक पाण्डुलिपियाँ प्राप्त करके, फिर से कार्य करना होगा । जिसमें उसको केवल प्रतिलिपिकरण के दौरान पाण्डुलिपियों में हुए स्खलन को ही नहीं, बल्कि मंचन के हर मौके पर होने वाले सभी तरह के पाठ-विचलन के सन्दर्भों को भी ध्यान में लेने होंगे ।। अथवा वह अभ्यासी (ख) उपलब्ध हो चूकी पूर्वोक्त पाँचों वाचनाओं का पहले पौर्वापर्य निश्चित करे, तत्पश्चात् इन सब के पाठभेदों का व्यापकस्तर पर तुलनात्मक अध्यन करे, फिर उच्चतर समीक्षा के सहारे इन पाँच वाचनाओं के (रंगावृत्ति स्वरूप के) पाठों में से ही, सर्वाधिक श्रद्धेय हो सके ऐसे पाठ का पुनर्गठन करे ।। मैंने इन दो मार्गों में से दूसरा मार्ग चून लिया है । अतः पाठालोचन की दृष्टि से मेरी जो नयी इतिकर्तव्यता बनती है वह यह है कि इन पाँचों तथाकथित वाचनाओं / प्रादेशिक रंगावृत्तियों के पाठों की उच्चतर समीक्षा करना और मूलगामी पाठ का अनुमानतः पुनर्गठन करना । पाठालोचना के सिद्धान्त कहते हैं कि ऐसा पुनर्गठित पाठ सर्वाधिक प्राचीनतम होना चाहिए, विसंगतियाँ एवं आन्तर विरोध से मुक्त होना चाहिए, पुनरुक्ति से ग्रस्त नहीं होना चाहिए, प्रकरण-संगतियुक्त होना चाहिए तथा

---

[10] "अभिज्ञानशकुन्तला नाटकस्य पञ्च-रङ्गावृत्तयः" इस शीर्षक से मैंने एक ग्रन्थ तैयार किया है । इसमें पाँचों वाचनाओं के पाठ दिये गये हैं, तथा उनकी पादटिप्पणीयों में पाठभेदों के पीछे कार्यरत मंचनलक्ष्यी आशयों को संस्कृत टिप्पणी में स्पष्ट किये हैं । इसकी विस्तृत प्रस्तावना में इन सब का तुलनात्मक अध्ययन करके, इनमें कैसे रंगावृत्तित्व घटित होता है वह विशद किया है । अन्त में, अनेक परिशिष्टों के साथ एक आनुमानिक पुनर्गठित पाठ भी दिया गया है । यह ग्रन्थ राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली के द्वारा मुद्रणाधीन है ।

[11] अभिज्ञानशकुन्तलम्, (मैथिल-पाठानुगम्), सं. श्रीरमानाथ झा, मिथिला विद्यापीठ, दरभङ्गा, 1957, पृ.

[12] द्रष्टव्यः-कालिदास समिति, विक्रम युनिवर्सिटी, उज्जयिनी की "विक्रम" (अंक- 37) पत्रिका, 2017

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

तार्किक दृष्टि से दोषमुक्त होना चाहिए । एवमेव, इसमें कुत्रचित् विक्षिप्त हुए पाठ का आन्तरिक सम्भावना के बल पर पुनःस्थापन भी किया जाना चाहिए- यह अपेक्षित है ।।

[2]

सर विलियम जोन्स ने ई.स.1789 में अभिज्ञानशकुन्तलम् नाटक का पहेली बार अंग्रेजी में अनुवाद किया और पश्चिमी जगत् को बताया कि- "कालिदास भारत का शेक्सपियर" है । तब से लेकर, इस नाटक के प्रति सारे संसार का ध्यान आकर्षित हुआ है और ई.स.1789 से लेकर ई.स. 2018 तक इस नाटक की पाँच वाचनाओं की समीक्षितावृत्तियाँ निकलती रही हैं । इतने लम्बे कालावधि में केवल एक ही विद्वान् ऐसे निकले हैं कि जिन्होंने अपने समय तक जितनी वाचनाओं के पाठ उपलब्ध हुए थे, उनके सहारे, तुलनात्मक अध्ययन करके इस नाटक के पाठोद्धार का बीडा उठाया था । यह विद्वान् थे प्रॉफेसर श्रीबळवन्तराय कल्याणराय ठाकोर । (जो पूणें स्थित फर्ग्युसन कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक एवं गुजराती भाषा में सॉनेट काव्य प्रकार को ले आने वाले गणमान्य कविश्री भी थे ।) उन्होंने "The Text of the S'akuntala" शीर्षकवाला शोधपत्र लिख कर, इस भगीरथ-कार्य का सब से पहला कदम ई.स. 1919 में उठाया था । हमारे लिये यह ध्यातव्य है कि यह 1919 का वह वर्ष है कि जिस समय महाभारत की भी समीक्षितावृत्ति बनाने का आरम्भ नहीं हुआ था । (महाभारत की समीक्षितावृत्ति बनाने का प्रारम्भ 1933 में हुआ था ।) एवञ्च, वह शोध-पत्र जिसमें प्रस्तुत हुआ था वह भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूणें के द्वारा निमन्त्रित "All India Oriental Conference (अखिल भारतीय प्राच्य-विद्या परिषद्)" का प्रथम अधिवेशन (पूणें, 1919) था ।। किन्तु इस विरल पुरुषार्थ होने के बाद एक सो वर्षों का काल व्यतीत हो चूका है । किन्तु इस नाटक के पाठोद्धार का श्री बलवन्तराय क. ठाकोर ने सोचा हुआ स्वप्न पूर्णतया साकार नहीं हुआ है । इस हकीकत के परिप्रेक्ष्य में, आज जान्यूआरी, 2020 में इसी अखिल भारतीय प्राच्यविद्या परिषद् का 50वाँ अधिवेशन, कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर में जब आयोजित हो रहा है तब प्रस्तुत प्रयास श्रीबळवन्तराय ठाकोर के उपक्रम को आगे बढानेवाला सिद्ध होगा ।।

श्रीबळवन्तराय क.ठाकोर ने इस परिषद् के प्रथम अधिवेशन में शकुन्तला नाटक की पाठालोचना का स्वोपज्ञ नया मार्ग प्रशस्त किया था, **जो इस नाटक के पाठोद्धार करने का प्रथम प्रयास था** (ऐसा डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल ने कहा है)[13] । श्री बी. के ठाकोर ने अपने प्रारम्भिक उपोद्घात में लिखा है कि – I contend that the case of S'akuntala is a rare exception. Even our oldest manuscripts of it are very modern. If we leave the matter entirely to the orthodox methods of the mere Sanskrit scholar, we can advance no further than three S'akuntalas, - the Devanagari, the Bengali, and the Kashmiri S'akuntala, however, is no ordinary play; it is the noblest product of the Sanskrit drama, the most prefect work of the greatest poet of historical India. Cultured humanity cannot possibly tolerate three divergent S'akuntalas or even two. It must have

[13] Mr. B. K. Thakore, who was THE first man to venture a thought-provoking and all-round approach to the problem (of the text of this drama). See : A reconstruction of the Abhijnana-s'akuntalam, Ed. Dr. Dileepkumar Kanjilal, Sanskrir College, Calcutta, 1980, on page no. 3 of the introduction.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

one single definitive S'akuntala acceptable to all competent judges. And above all, in Kalidasa we are dealing with an author about whom we can assert categorically that if we can only discover from amongst the variants before us that one which is unquestionably the beautiful, the most pregnant, the most appropriate, & the most dramatic, that one is also unquestionably what Kalidasa must have written, and the others. This , at any rate , is the principle of selective comparison I advocate.[14] (page : 5)

श्री बी. के. ठाकोर ने जब 1919 में ऐसा प्रयास किया था तब पाठालोचना के, अर्वाचीन काल के, कोई सिद्धान्त भारत में प्रचलित नहीं हुए थे, क्योंकि भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूणें के द्वारा महाभारत की समीक्षितावृत्ति जब 1933 में बनानी शूरु हुई, उसके बाद वे प्रचलित बने हैं । इस ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो श्री बळवन्तराय ठाकोर जी का उत्कट प्रथम प्रयास[15] बहुत सराहनीय है ।।

[3]

उन्होंने इस नाटक के (उनके समय तक) जो भी विविध वाचनाओं के पाठभेदादि उपलब्ध हुए थे, उनमें से जो सर्वाधिक व्यंजनापूर्ण हो, पूर्वापर सन्दर्भ में सुसंगत हो, जो सर्वाधिक नाट्यक्षम हो और जो केवल कालिदास ही लिख सकते हो- ऐसे पाठान्तरों का चयन करके, इस नाटक का सर्वमान्य हो सके ऐसा पाठ निर्धारित करने का प्रयास किया था । अपने उस शोधलेख में उन्होंने अनेक प्रसंगों के वाक्यों और श्लोकादि को उदाहरण के रूप में ले कर इस नाटक का पाठोद्धार कैसे करना चाहिए ? उसका इदं प्रथमतया परामर्श किया है । यद्यपि उनके समय में जितनी समीक्षितावृत्तियाँ निकली थी और जितनी पाण्डुलिपियों की जानकारियाँ हाँसिल हुई थी वह बहुत सीमित थी । (जैसे कि, उनके समय में, मैथिली वाचना का पाठ प्रकाश में नहीं आया था ।) अतः आज के समय में, इस तरह का कार्य करने का पूरा सन्दर्भ ही बदल गया है । अब तो पहले से अधिक वाचनाओं का प्रकाशन एवं नवीन बहुसंख्यक पाण्डुलिपियाँ एवं टीकाओं की जानकारियाँ मिल रही है । पाठालोचना के वस्तुनिष्ठ एवं तार्किक नियम समेत नवीन प्रविधियाँ प्रकाश में आयी है । एवञ्च, इस नाटक की विविध वाचनाओं की आनुक्रमिकता (यानी इस नाटक की क्रमिक पाठयात्रा का निर्धारण)- अब निश्चित हो चूका है । अतः इस पुस्तक में नये दृष्टिकोण से, एवं श्री बळवन्तराय ठाकोर के प्रथम प्रयास के सौ वर्ष के बाद, यह कार्य करने का शिवसंकल्पित किया गया है । अस्तु ।।

---- 888 ----

[14] The Text of S'akuntala, (an article presented in the first Oriental Conference, Poona, 1919), B. K. Thakore , Pub. By D. B. Taraporewala Sons & Co., Bombay, 1922

[15] क्योंकि प्रॉफेसर एस. के. बेलवालकर जीने इस नाटक की उच्चतर पाठालोचना जिन चार-पाँच शोधलेखों में की हैं, वे सभी लेख 1923 से लेकर 1965 के दौरान लिखे गये हैं । उन सब से कहीं पहले, 1919 में, श्री बळवन्त राय ठाकोर का उत्कट एवं विरल प्रयास प्रणम्य है ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रकरण – 2

समीक्षित पाठ-सम्पादन की एकाधिक पद्धतियाँ एवं वंशवृक्ष पद्धति के चार सोपान

आधुनिक काल की यान्त्रिक मुद्रणकला का जब आविष्कार नहीं हुआ था, उस प्राचीन एवं मध्यकाल के युग में रचे गये ग्रन्थों का पाठ मनुष्यों के द्वारा ताडपत्र या भूर्जपत्रादि वनस्पतिजन्य फलक पर लिखा जाता था। ऐसे हस्तलिखित ग्रन्थों को प्रतिलिपिकरण के द्वारा बनाई गई पाण्डुलिपियों के माध्यम से एक पीढि से दूसरी पीढि के पास पहुँचाया जाता था। उस कालखण्ड में मानवकृत प्रतिलिपिकरण से बनाई गई पाण्डुलिपियों में अज्ञानी लिपिकारों के द्वारा अशुद्धियाँ पैदा की जाती थी। एवं जब प्रतिलिपिकर्ता ज्ञानी होता था, तब वह अपनी रुचि-अरुचि के अनुसार परम्परागत पाठ को परिवर्तित एवं कुत्रचित् परिवर्धित भी कर देता था। जिसके कारण, हस्तलिखित पाण्डुलिपियों में संचरित हुए उन ग्रन्थों के पाठ में पाठभेदों का कीचड प्रायः भरा रहता है। अतः उन पाण्डुलिपियों में प्राप्त हो रहे पाठ को यथावत् रूप में मौलिक मान कर उसे प्रकाशित नहीं किया जा सकता है। अशुद्धियाँ एवं पाठभेदों में फसे उन ग्रन्थों के पाठ को "श्रद्धेय / समाश्रयणीय पाठ" के रूप में व्यवस्थापित करने की एक प्रविधि है, जिसको "पाठालोचना" कहते हैं। ऐसी पाठालोचना के बाद प्रतिष्ठापित किया गया पाठ ही "समीक्षित पाठ" (Critically Edited Text) कहा जाता है।।

आरम्भिक समय में, परम्परागत पाठों का सम्पादन तीन तरह के दृष्टिकोणों से होता था। जैसे कि, (क) जो पाठ बहुसंख्यक पाण्डुलिपियों में एक समान स्वरूप में संचरित हुआ मिलता है—ऐसा देख कर, उसीको ही "मान्य / ग्राह्य पाठ" के रूप में स्वीकार कर उसका मुद्रण, प्रकाशन किया जाता था। इस प्रथम प्रकार के दृष्टिकोण को "Majority of the Manuscripts School" कहा जाता है। (ख) दूसरे पाठसम्पादक ऐसे भी आये हैं कि जिन्होंने अतिसुन्दर हस्ताक्षरों में लिखा हुआ पाठ अमुक एक पाण्डुलिपि में मिल गया, और जो बिना अशुद्धि या कम अशुद्धि वाला पाया, उसको ही "मान्य / ग्राह्य पाठ" के रूप में स्वीकार लिया और उसका प्रकाशन करवा दिया। इस दृष्टिकोण को "The Best Manuscript School" कहा जाता है। (ग) तीसरे पाठालोचक ऐसे भी थे और है कि जिन्होंने एकत्र की गई अनेक पाण्डुलिपियों में से, सब से पुरातन काल में लिखी गई पाण्डुलिपि में लिखा हुआ जो पाठ है उसी को ही "मान्य / ग्राह्य पाठ" के रूप में स्वीकार लेने की गुजारीश की। क्योंकि ऐसे प्राचीनतम काल में (यानी मूल ग्रन्थकार के नजदीक के परवर्ती भूतकाल में) लिखे गये पाठ में सम्भवतः बहुत कम अशुद्धियाँ प्रविष्ट हुई होगी- ऐसी उनकी तर्कसंगत सोच थी। ऐसे दृष्टिकोण को "The Oldest Manuscript School" कहते है।। इन तीनों दृष्टिकोणों में कुछ तथ्यांश है, लेकिन वे पूर्णतः सत्य नहीं हैं। उन तीनों में कुछ तर्कदोष भी छिपे हुए हैं। जैसे कि, (क) साक्षियों के केवल संख्या-बाहुल्य को देख कर, न्यायाधीश अन्तिम फैंसला नहीं ले सकता है। (ख) रामायण कहता है कि काञ्चनमृग हंमेशा अनागस नहीं होता है। तथा (ग) "पुराणमित्येव न साधु सर्वम्"- ऐसा कालिदास ही कहते हैं।।

प्रमुखतः बाईबल के श्रद्धेय पाठ को खोजने के लिए बहुविध आयाम विदेशों में हुए हैं, जिनमें निम्नोक्त तीन प्रविधियाँ विशेषतः प्रचलन में आयी हैः- जैसे कि, 1. प्रतिलेखन पद्धति से मूलग्रन्थकार के स्वहस्तलेख में, या एकल पाण्डुलिपि में सुरक्षित रहे पाठ को सम्पादित करना। इसको " Copy Text-Editing" कहते हैं। 2. संदोहन पद्धति से पाण्डुलिपियों में से पाठ को सम्पादित करना। इसको " Eclectic Text-Editing" कहते हैं। तथा 3. पाण्डुलिपियों में उपलब्ध हो रहे पाठभेद एवं अशुद्धियाँ आदि संतुलन-पत्रिकाओं पर उतार कर, वंशवृक्ष पद्धति से

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

पाठ को सम्पादित करना । इसको "Stemma tic Text-Editing" कहते हैं ।। परन्तु पाण्डुलिपियों में से पाठ को सम्पादित करने की ये तीन पद्धतियों में से किस पद्धति का चयन, किस प्रकार के ग्रन्थ के लिए करना चाहिए ?- यह बहुत मार्मिक प्रश्न भी विचारणीय है :---

पाठसम्पादन की ये तीन पद्धतियाँ केवल विदेशी होने मात्र से सर्वथा अग्राह्य है, ऐसा अभिगम पूर्वग्रह से पीडित कहा जायेगा । तथापि उनका स्वीकार करने से पहले जो विवेक प्राप्त करना परम आवश्यक है, वह यह है कि हमारे संस्कृत वाङ्मय का ग्रन्थराशि बहुविध है । अतः इन ग्रन्थों में समाहित पाठों के प्रकार का विश्लेषण भी अनिवार्यतया करना होगा । बिना ऐसा कोई विश्लेषण किये, पूर्वोक्त तीनों पद्धतियों में से यथेच्छ किसी का भी ग्रहण करके, किसी भी प्रकार के संस्कृत ग्रन्थ पर लागु नहीं कर सकते हैं । संस्कृत वाङ्मय में, प्राथमिक दृष्टि से सोचा जाय तो पाँच प्रकार के ग्रन्थ उपलब्ध हो रहे हैं । जैसे कि, (क) **दृष्ट साहित्य** (जिसमें मन्त्रद्रष्टा ऋषिओं के मन्त्रसाहित्य का समावेश होता है), (ख) **उत्कीर्ण साहित्य** (जिसमें शिलालेख, स्तम्भलेख, या ताम्रपत्रादि पर राजाओं ने उत्कीर्ण करवाये आज्ञापत्र, विजय-प्रशस्तियाँ एवं दानपत्रादि के लेखों का समावेश होता है), (ग) **श्रुत साहित्य** (जिसमें भगवान् बुद्ध और भगवान् महावीर की वाणी का, यानी बौद्ध त्रिपिटक-साहित्य और जैन आगम साहित्य का समावेश होता है), (घ) **प्रोक्त साहित्य** (=जनसमूहों में कथाकारों के द्वारा प्रवचन के माध्यम से फैली पाठ-परम्पराओं का साहित्य, जिसमें रामायण, महाभारत, अष्टादश पुराण, नाट्यशास्त्र, आयुर्वेद की संहिताएँ, स्मृतियाँ आदि का समावेश होता है), तथा (ङ) **कृत साहित्य** (जिसमें किसी एक निश्चित व्यक्ति ने लिखे काव्य, नाटक, भाष्य, टीका, टिप्पणादि रूप साहित्य का समावेश होता है) ।।

यहाँ जो वेदमन्त्र रूप (अपौरुषेय) दृष्ट-साहित्य है, उसका रचयिता कोई मानव-व्यक्ति नहीं होता है, अतः उसे अकर्तृक रचनाएं मानी जाती हैं । इस प्रकार के मन्त्रसाहित्य का संरक्षण आदिकाल से ही अ-द्वितीय ढंग से (जटापाठ, घनपाठादि रूप अष्ट विकृतियाँ से) संरक्षण हुआ है । उसमें पाठभेद, पाठान्तर, प्रक्षेप या अशुद्धि के प्रवेश की सम्भावना ही नहीं है । जिसके कारण यह साहित्य आधुनिक पाठालोचना के क्षेत्र से बाहर है- ऐसा निर्विवाद है । (हाँ, उपनिषदों के पाठ में पाठभेद मिलते हैं ।) । उत्कीर्ण साहित्य को प्रेरक-कर्तृक रचना भी कही जा सकती है । क्योंकि इन शिलालेखादि के उत्कीर्ण करवाते समय राजाओं के मन्त्री इत्यादि अधिकारी वर्ग का शिल्पीओं पर नियन्त्रण रहता था, जिसके कारण उसमें अशुद्धियाँ प्रविष्ट होने की गुंजाईश नहीं थी । तथापि यह साहित्य पाठसम्पादन के क्षेत्र का विषय बनता ही है । क्योंकि विद्युत्-प्रपात, भूकम्पादि कारणों से ऐसे शिलालेखों के अक्षरों में भी गिरावट आ सकती है । इस लिए उन शिलालेखों का समीक्षित पाठ सम्पादित करने की समस्या कदाचित् खडी होती है । जिसमें प्रथम प्रकार की, प्रतिलेखन पद्धति का समाश्रयण करना चाहिए ।। श्रुत-साहित्य में भी श्रवणदोष एवं स्मरणदोष से अशुद्धियाँ पैदा हो सकती हैं । अतः वह भी पाठालोचना का विषय है । लेकिन इस प्रकार के पाठ की सम्पादना करने के अवसर पर पूर्वोक्त संदोहन पद्धति का अवलम्बन लेना उचित नहीं है । क्योंकि उसमें साम्प्रदायिक अभिनिवेश बुद्धि से जब पाठसम्पादित किया होगा, तो वह निश्चित रूप से एकदेशी सत्य प्रस्तुत करेगा । ऐसे श्रुत- साहित्य के लिए तो वंशवृक्ष पद्धति ही (जिसका निरूपण विस्तार से आगे करेंगे) उपयुक्त लगती है ।

चौथा प्रकार का जो प्रोक्त साहित्य (प्रवचन के माध्यम से फैला हुआ) है, उसमें संस्कृत साहित्य का विपुल ग्रन्थराशि है । उन सब की समीक्षित आवृत्तियाँ निकालने की परमावश्यकता है । क्योंकि ऐसे साहित्य का सर्जन आरम्भिक क्षण में व्यास, वाल्मीकि जैसे किसी एक व्यक्ति ने किया होगा । लेकिन कालान्तर में उन्हें अनेक काल खण्ड के एवं अनेक भूगोल के लोगों (वैशम्पायन, सूत, पौराणिक जैसे अनेक अज्ञात कथावाचकों) ने मिल कर

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

संवर्धन भी किया है । अतः इस प्रोक्त-साहित्य को अनेक-कर्तृक कहा जाता है । उस पाठ में क्रमशः परिवर्तन-परिवर्धन होते होते, शताब्दीओं में बहुविध पाठ-परम्पराओं ने जन्म लिया है । इन पाठ-परम्पराओं का लिखित एवं मौखिक रूप से पाठ-संचरण होता रहा है । अतः इन ग्रन्थों की समीक्षितावृत्तियाँ बनाते समय, शताधिक पाण्डुलिपियों में संचरित हुए विभिन्न पाठों में से पहले जो पाठ, बहुसंख्यक पाण्डुलिपियों में एक समानतया उपलब्ध होता है, उसका संदोहन पद्धति से ग्रहण कर लेना चाहिए । तत्पश्चात् जो पाठ अल्पसंख्यक पाण्डुलिपि में ही मिलता हो, लेकिन वह यदि प्राचीनतर सिद्ध होता है, तो उसका भी ग्रहण करना चाहिए । ऐसा (बहुमान्य एवं प्राचीनतर) पाठ छन्द, व्याकरणादि की दृष्टि से परिमार्जित करके, समीक्षित पाठ के रूप में प्रकाशित करना चाहिए ।। उसके बाद, ऐसे समीक्षित पाठ की भी उच्चतर पाठसमीक्षा करने का अवसर आता है । जिससे भिन्न भिन्न कर्तृत्ववाले पाठ्यांशों को पृथक्कृत करना चाहिए । एवञ्च, ऐसी विभिन्न पाठपरम्पराएँ पैदा होने के ऐतिहासिक कारणों को भी खोजना चाहिए । हो सके तो विभिन्न पाठ-परम्पराओं के आविष्कारों की आनुक्रमिकता भी ढूँढनी चाहिए ।।

पाँचवाँ, जो कृत साहित्य है, उसमें केवल एक-कर्तृक रचनाएं ही समाविष्ट होती हैं । जैसे कि, काव्य, नाट्य, कथा, भाष्य, टीका आदि । इस प्रकार के ग्रन्थों की समीक्षित आवृत्तियाँ बनाते समय सावधान रहने की आवश्यकता है । क्योंकि पाठसम्पादक यदि उपलब्ध की गई अनेक पाण्डुलिपियों में से जहाँ से जो अच्छा पाठान्तर (= समझने में सुगम, सरल, व्यंजना से परिपूर्ण इत्यादि स्वरूप का) मिल जाय, उनका संदोहन पद्धति से चयन करके, समीक्षित पाठ तैयार करेगा तो वह सर्व-सम्मत कभी नहीं बन पायेगा । क्योंकि उस प्रकार की मधुकरवृत्ति से किये गये पाठ-सम्पादन में, सम्पादक की अपनी रुचि एवं अरुचि अनजान में भी प्रविष्ट हो ही जाती है । और जिसके कारण ऐसे संदोहन पद्धति से बनाये गये (तथाकथित) समीक्षित पाठ सर्वसम्मत नहीं हो सकते हैं । इस संदोहन पद्धति में दूसरा गम्भीर दोष यह भी रहता है कि हम कदापि प्राचीन से प्राचीनतर, या प्राचीनतम पाठान्तर कौन है ? वह नहीं जान सकते हैं ।। इन पाँचों पद्धतिओं में से सर्वाधिक वरणीय पद्धति तो वंशवृक्ष पद्धति ही है । क्योंकि उसमें नितान्त वस्तुनिष्ठता रहती है (उसमें केवल पाण्डुलिपियाँ एवं सहायक सामग्री रूप दस्तावेजीय प्रमाण का समर्थन लिया जाता है ।), तथा उसमें ऐतिहासिक दृष्टि भी सम्मीलित की जाती है । जिसके कारण प्राचीन से प्राचीनतर पाठ की प्रस्तुति का अवकाश रहता है । इति दिक् ।।

वंशवृक्ष पद्धतिवाली पाठालोचना (Textual Criticism) दो भागों में विभक्त होती हैः- "निम्न स्तरीय समीक्षा" (Lower Criticism), एवं (ख) "उच्चतर समीक्षा" (Higher Criticism) । इन दोनों में से जो पहली प्रविधि है वह दस्तावेजीय (=प्रतिलिपिकरण की सुदीर्घ परम्परा से बनी पाण्डुलिपियों के) प्रमाण पर आधारित है । यह स्पष्ट रूप से वस्तुनिष्ठ आलोचना है । किन्तु जो दूसरी प्रविधि है वह बहिरंग प्रमाणों पर एवं पाठालोचक के तर्क पर आधारित है । इस तर्क के आधार पर प्रकरण-संगति, आन्तरिक सम्भावनादि का परामर्श किया जाता है । पाठालोचना की इस द्विस्तरीय प्रविधि का यहाँ संक्षेप में निरूपण करके, प्रस्तुत कार्य की दिशा कहेंगे ।।

[1]

प्राचीन काल की कृति की एकाधिक पाण्डुलिपियों का परीक्षण करने से तुरंत मालूम होता है कि उन सब में एकसमान शुद्ध एवं साद्यन्त अखण्ड पाठ मिलता नहीं है । अतः पाण्डुलिपियों में प्राप्त हो रहे विकृतियों से भरे पाठ में से कवि या शास्त्रकार को अभीष्ट हो ऐसे सही श्रद्धेय पाठ का ही निर्धारण करना चाहिए । उसके लिए उपर्युक्त द्विस्तरीय पाठालोचना करनी अनिवार्य है । इस पाठालोचना के कुल मिला कर चार सोपान हैं :

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

(1) अनुसन्धान (Heuristics)[1],

(2) संशोधन (Recension)[2],

(3) पाठ-सुधारणा (Emendation)[3] ।

पहले तीन सोपानों में समाविष्ट होनेवाली प्रविधि को प्राथमिक या निम्न स्तरीय (Lower Criticism) पाठालोचना कही जाती है । इसमें, उपलब्ध पाण्डुलिपियों में संचरित हुए असमान पाठों में से प्राचीन से प्राचीनतर, और प्राचीनतर से प्राचीनतम पाठ की खोज करने का लक्ष्य होता है । यहाँ एकाधिक पाण्डुलिपियों के पाठों का पौर्वापर्य (= पाठ-परिवर्तन की आनुक्रमिकता) निश्चित करके, प्राचीनतम पाठ के आधार पर "मूल-आदर्श-प्रति" (Archetype यानी प्रथम प्रतिलिपि का) पाठ क्या रहा होगा ? उसका अंदाजा लगाया जायेगा । तथा, पाण्डुलिपियों के वंशवृक्ष द्वारा पहचानी गई अनेक वाचनाओं (=एक ही ग्रन्थ की एकाधिक शाखाओं) में से जो सर्वाधिक श्रद्धेय वाचना सिद्ध होगी, उसका निर्धारण किया जाता है । ततः उसीके आधार पर "समीक्षित पाठ" का प्रतिष्ठापन किया जाता है । जिसमें परवर्ती काल की या कम श्रद्धेय (=अस्वीक्रय) वाचनाओं के प्रक्षेप, पाठान्तरादि भी पाद-टिप्पणी के रूप में प्रदर्शित किये जाते हैं ।।

(4) उच्चतर समीक्षा (Higher Criticism)

निम्न स्तरीय पाठालोचना से जो समीक्षित पाठ हस्तगत किया जाता है वह केवल पाण्डुलिपियों के दस्तावेजीय प्रमाण पर निर्भर होता है । परन्तु उस समीक्षित पाठ के रूप में सम्पादित किये गये पाठ की जब चतुर्थ सोपान पर, बहिरंग प्रमाण एवं तर्क के आधार पर पुनः पाठालोचना शूरु की जाती है, तब उसे उच्चतर समीक्षा (Higher Criticism) कहते है । यहाँ सब से पहले यही ज्ञातव्य है कि उच्चतर समीक्षा का लक्षण क्या है ? तो पाण्डुलिपियों के दस्तावेजीय प्रमाणों से बाहर निकल कर, जब –

(क) बहिरंग प्रमाणों का सहारा लेकर परम्परागत / समीक्षित पाठ की सच्चाई पुनरपि परखी जाती है, दृढीभूत की जाती है तो उसे उच्चतर समीक्षा कहते है । एवञ्च,

---

[1] जिसमें सब से पहले ग्रन्थभण्डारों से पाण्डुलिपियाँ का एकत्रीकरण किया जाता है । तत्पश्चात् उनमें उपलब्ध होनेवाली सभी अशुद्धियाँ एवं पाठान्तरों का संतुलन-पत्रिकाओं में निरूपण किया जाता है । तथा जिस ग्रन्थ के पाठ की आलोचना करनी अभीष्ट हो उसी ग्रन्थ के अन्यत्र उद्धृत किये गये आंशिक श्लोक या वाक्यादि एवं टीका ग्रन्थादि रूप "सहायक-सामग्री" भी प्राप्त की जाती है ।

[2] जिसमें प्राप्त की गई पाण्डुलिपियों का पारस्परिक / आनुवंशिक सम्बन्ध ढूँढने के लिए उनमें कहाँ कहाँ पर साम्य-वैषम्य है ? उसका संतुलन-पत्रिकाओं के आधार पर अभ्यास किया जाता है । जिसके फल स्वरूप, प्राप्त की गई पाण्डुलिपियों का वंशवृक्ष सोचा जाता है । यानी प्राप्त की गई पाण्डुलिपियों में संचरित हुए विविध पाठों में से कितने प्रकार के पाठ मिल रहे हैं ? वह देख कर, प्रस्तुत ग्रन्थ की एकाधिक वाचनाओं का निर्धारण किया जाता है । एवं लुप्त मूलादर्श-प्रति के पाठ का अनुमान भी लगाया जा सकता है ।

[3] पाण्डुलिपियों में प्रविष्ट हुए सभी अशुद्ध / व्याकरण-विरुद्ध / असम्बद्ध पाठान्तरों में से एक भी पाठान्तर जब पूर्वापर सन्दर्भ में सुसंगत प्रतीत नहीं होता है, तब अगत्तिकतया पाठ-सुधारणा की जाती है ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

(ख) कृतिनिष्ठ आन्तरिक सम्भावना क्या हो सकती है ? उस पर विचार किया जाता है, तब वह उच्चतर समीक्षा के दायरे में आता है ।

(ग) कृति के रचयिता की (इसी नाटक में प्रयुक्त की गई) शैलीगत विशेषता को भी एक प्रमाण के रूप में उपयोग में लेकर, जब बहुविध पाठभेदों में ग्रस्त हुए अमुक पाठ्यांश के मौलिक होने या न होने का निर्णय लिया जाता है, तो वह भी उच्चतर समीक्षा कही जाती है ।

(घ) तदुपरान्त, कुछ भौगोलिक या ऐतिहासिक / पुरातात्त्विक तथ्य के आधार पर, या प्रकरण-संगति के तर्क से परम्परागत / समीक्षित पाठ की प्रामाणिकता सुनिश्चित की जाती है, तब उसे उच्चतर समीक्षा कही जाती है ।।

पाण्डुलिपियों में संचरित हुए परम्परागत पाठ में से, निम्न स्तरीय पाठालोचना के द्वारा सम्पादित किये गये "समीक्षित पाठ" की जब उपर्युक्त चार बिन्दु से उच्चतर समीक्षा की जाती है, तो उससे- 1. एककर्तृत्ववाली कृति के अमुक अमुक पाठ्यांशों का भिन्नकर्तृत्व सुनिश्चित किया जा सकता है । एवं मूल ग्रन्थकार के अभिमत पाठ का निर्धारण किया जाता है । (जिसके फल स्वरूप परम्परा-गत पाठ में हुए पाठ-परिवर्तन, प्रक्षेप एवं संक्षेपादि का निश्चय हो सकता है ।) 2. संशयग्रस्त पाठ्यांश के प्रणयन का कालखण्ड एवं स्थल भी निश्चित हो सकता हैं । 3. समीक्ष्यमाण कृति का पुरोगामी स्रोत कौन रहा होगा ? वह निश्चित हो सकता है ।।

[2]

यहाँ अभिज्ञानशाकुन्तल की उच्चतर समीक्षा का उपक्रम शूरु करने से पहले, फिर से याद दिलाना आवश्यक है कि इस नाटक की विभिन्न लिपियों में लिखी गई सभी प्रदेशों की प्रतिनिधिभूत शताधिक पाण्डुलिपियाँ एक साथ में ले कर, समीक्षित पाठसम्पादन करने का कोई सर्वतोग्राही प्रयास अभी तक हुआ ही नहीं है । जो अभी भी किया जा सकता है । क्योंकि अद्यावधि जिन पाँच वाचनाओं का प्रकाशन हुआ हैं, उनमें असमिया, उडिशा, तेलुगु, ग्रन्थादि लिपिओं में लिखी गई पाण्डुलिपियों की पाठपरम्पराओं का साम्य-वैषम्य किसी विद्वान् ने उजागर नहीं किया है । (जैसे कि, दाक्षिणात्य वाचना का समीक्षित पाठसम्पादन अभी तक किसी ने किया ही नहीं है ।) एवमेव, जैसे मिथिला तथा बंगाल की पाठपरम्पराएं अलग अलग दिखाई गई है, वैसे उडिशा की भी अलग पाठपरम्परा हो सकती है । इस तरह का कोई सर्वतोग्राही शोधकार्य हो- ऐसी अभ्यर्थना व्यक्त की जाती है ।। प्रकृत में तो, बंगाली, मिथिला, देवनागरी, काश्मीर-आदि प्रदेशों की जो चार समीक्षितावृत्तियाँ उपलब्ध हुई हैं, (तथा काटयवेम की जिस दाक्षिणात्य पाठ पर टीका लिखी गई है, उसको दाक्षिणात्य वाचना का पाठ मान कर) उन पाँच के तुलनात्मक अभ्यास के प्रति कदम उठाया गया हैं[4] । क्योंकि इन पञ्चविध प्रादेशिक पाठपरम्पराओं को प्रकाशित करनेवाली इन समीक्षितावृत्तिओं के पीछे भी तो आधारभूत सामग्री के रूप में पाण्डुलिपियाँ ही खडी हैं और इन पाँचों में भी पर्याप्त मात्रा में भारत देश की पाठ-परम्पराओं का प्रतिनिधित्व हो रहा है ।।

अद्यावधि अभिज्ञानशाकुन्तल के पाठ की जो समीक्षितावृत्तियाँ बनती रही हैं, उनके सम्पादकों में से डॉ. एस. के. बेलवालकर एवं डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल जैसे एक-दो अपवाद को छोड कर, प्रायः सभी पाठसम्पादक ने केवल निम्न स्तरीय पाठालोचना ही की है. वे सभी उच्चतर समीक्षा तक पहुँचे नहीं हैं । तथा उन दोनों विद्वानों के प्रयास भी आंशिक रूप से ही किये गये हैं । अतः इस नाटक की उच्चतर समीक्षा करने के लिए, सब से पहले इस नाटक की पाँचों वाचनाओं का पौर्वापर्य निश्चित करना चाहिए । यानी कि इस नाटक की पाठयात्रा निश्चित करनी चाहिए । ऐसा निर्णय होने के बाद ही उच्चतर समीक्षा के द्वारा आनुमानिक प्राचीनतम / मूलगामी पाठ का पुनर्गठन

[4] अभिज्ञानशकुन्तला नाटकस्य पञ्च रङ्गावृत्तयः । शीर्षक से, मेरा एक ग्रन्थ राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली से सद्यः प्रकाशित होनेवाला है ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

किया जा सकता है। क्योंकि पाण्डुलिपियों की पुष्पिकाओं में कदाचित् लिखे गये लेखन-काल के सन्दर्भों को ध्यान में लेकर, पाण्डुलिपियों का कालानुक्रम निश्चित किया जाता है अथवा ऐसे लेखन-काल के निर्देशों का अभाव होता है, तो वहाँ संतुलन-पत्रिकाओं में लिखे गये पाठभेदों का साम्य-वैषम्य ध्यान में लेकर भी उन पाण्डुलिपियों की पूर्वज प्रतिलिपियों के पाठ का निर्धारण किया जाता है। जिसके आधार पर उन वंशज पाण्डुलिपियों में से कौन सी पाण्डुलिपि में प्राचीनतर पाठ संचरित हुआ है या फिर वह परवर्ती काल में बनी पाण्डुलिपि है ?- उन सब का ज्ञान पाठालोचक को हो जाता है। जिसके सहारे वह मूलादर्श प्रति (=सब से पहली प्रतिलिपि) का पाठ अनुमित कर सकता है। वैसे ही, जब हम इन उपलब्ध हो रही पाँचों वाचनाओं के समीक्षित पाठों का तुलनात्मक अध्ययन करेंगे, तो उन वाचनाओं का भी पौर्वापर्य अनुमित किया जायेगा। इस विषय की (= अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की पाठयात्रा की) चर्चा हम अनुगामी प्रकरण में करेंगे ।।

----88----

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रकरण – 3

अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की पाठयात्रा

जब पाठ-सम्पादक प्राचीन या मध्यकाल की कृति की समीक्षितावृत्ति तैयार करता है, तो सब से पहले उसको एकत्र की गई पाण्डुलिपियों का "वंशवृक्ष" निश्चित करना पडता है। इस प्रक्रिया में आज उपलब्ध हो रही प्रत्येक पाण्डुलिपि की पूर्वज प्रति के पाठ का अनुमान करना पडता है। ऐसा अनुमान किये बिना कोई भी पाठ-सम्पादक उस प्राचीन कृति के कालग्रस्त हुए "मूलादर्श प्रति" (प्रथम प्रतिलिपि=Archetype) के पाठ को हाँसिल नहीं कर सकता है। निम्न स्तरीय पाठालोचना की यह एक अ-निवार्य प्रक्रिया है[1]। इस तरह की प्राथमिक पाठालोचना से डॉ. रिचार्ड पिशेल आदि सभी पाठसम्पादकों ने इस नाटक की अलग अलग प्रदेश की समीक्षित आवृत्तियाँ प्रकाशित की हैं। अब इस नाटक की पाठयात्रा ढूँढने का अवसर प्राप्त होता है। इस "पाठयात्रा" शब्द का अभीष्टार्थ ऐसा है कि "इन पञ्चविध प्रादेशिक पाठों का आविष्कार किस क्रम में हुआ है ?"- उसको जानना। दूसरे शब्दों में कहे तो, इस नाटक के पाठविचलन की आनुक्रमिकता को "पाठयात्रा" कहते है[2]। इस तरह की पाठयात्रा के चित्र को "वाचनाओं का वंशवृक्ष" कहा जायेगा। पाण्डुलिपियों के पूर्वोक्त वंशवृक्ष से यह भिन्न प्रकार का वंशवृक्ष होगा। पाण्डुलिपियों का वंशवृक्ष सोचने के लिए वंशज प्रतिओं के (साम्य-वैषम्य के) आधार पर कालग्रस्त हुई पूर्वज प्रतिओं का अनुमान किया जाता है। [यहाँ नीचे से उपर की ओर जाना है।] परन्तु वाचनाओं का वंशवृक्ष सोचने के लिए पहले प्राचीनतम वाचना कौन है ? उसका निर्णय करना पडता है। तत्पश्चात् उस प्राचीनतम वाचना में से पाठ-विचलन का क्रम ढूँढना पडता है। जिसके आधार पर विभिन्न वाचनाओं के आविर्भाव का अनुक्रम निश्चित होता है। [यहाँ उपर से नीचे की ओर जाना है। यानी अतीत से वर्तमान तक की पाठयात्रा बताई जाती है।] मेरी दृष्टि में यहीं से उच्चतर समीक्षा का आंशिक प्रारम्भ हो जाता है।

[1]

यद्यपि इस नाटक के पाठ-संक्रमण का कोई ठोस इतिहास तो उपलब्ध नहीं है। तथापि इसकी पाठयात्रा (वाचनाओं के आविष्कार का क्रम) ढूँढना असम्भव भी नहीं है। कालिदास ने अपने नाटकों को ब्राह्मी लिपि में लिखे थे, जो ईसा पूर्व प्रथम या द्वितीय शताब्दी में प्रचलित थी। यह लिपि भी कालक्रम से निरन्तर बदलती रही है, जिसके कारण एक में से अनेक लिपियाँ प्रचलन में आ गई हैं। अतः प्रत्येक काल में होनेवाले लिपि-परिवर्तन के इतिहास को देखा जाय तो ब्राह्मीलिपि से निकली अन्य लिपियों में सब से पहले काश्मीर की शारदालिपि आती है[3]। शारदा-लिपि के बाद, मिथिला की लिपि आविष्कृत हुई है। और तीसरे क्रम में, उसी मैथिली से बंगाली का प्रादुर्भाव हुआ है। लिपियों के इस क्रम के आधार पर एक पूर्वावधारणा (hypothesis) बनाई जाय तो, इस नाटक की उपलब्ध हो रही सभी वाचनाओं में काश्मीरी वाचना ही पहले पैदा हुई होगी। इस बिन्दु का समर्थन दूसरे प्राकृतभाषा के प्रमाण से होता है। भरत मुनि ने संस्कृत नाटकों में स्त्रीपात्रों की भाषा शौरसेनी प्राकृत में होनी चाहिए- ऐसा कहा था। इस नाटक की शारदा पाण्डुलिपियों में ही इस नियम का परिपालन सर्वाधिक देखा जाता है। बहिरंग प्रमाणों से भी उपलब्ध काश्मीरी वाचना का पाठ प्राचीनतम होने का सिद्ध होता है, जो तीसरा प्रमाण है। जैसे कि, वामन (7वीं शती) से लेकर आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, भोजराज और हेमचन्द्राचार्य जी (11वीं

---

[1] यदि किसी ग्रन्थ की एक ही पाण्डुलिपि प्राप्त होती है, तब उसका वंशवृक्ष बनाने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

[2] द्रष्टव्यः- "अभिज्ञानशाकुन्तल के पाठविचलन की आनुक्रमिकता" इस शीर्षक से प्रकाशित मेरा शोध-आलेख। नाट्यम् (अंकः- 76), सं. श्री राधावल्लभ त्रिपाठी, सागर, 2014, (पृ. 26 से 54)

[3] इस लिपि का प्रारम्भिक रूप ई.स.1000 में उत्कीर्ण किये गये कांगडा जिले के कीरग्राम के वैजनाथ शिवमन्दिर (चंबा राज्य) के एक शिलालेख में देखा जाता है। (भारतीय प्राचीन लिपिमाला, लेखक- पंडित गौरीशंकर ओझा, 1951, 1959, पृ. 73 – 76)। बंगाली, मैथिली, देवनागरी, ग्रन्थ, तेलुगु, नन्दीनागरी आदि लिपियों की अपेक्षा से काश्मीर की शारदा लिपि ही प्राचीनतम है।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

शती) ने अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के वाक्यों या श्लोकों के जो जो उद्धरण दिये हैं, वे सभी काश्मीरी शारदा-पाठ में से लिए हैं- ऐसा निर्विवाद दिख रहा है ।।

यदि इन पाँचों वाचनाओं में से काश्मीरी वाचना ही प्राचीनतम सिद्ध होती है तो उसमें सब से कम मात्रा में प्रक्षेप एवं पाठ-परिवर्तनादि हुए होंगे । अब इस सम्भावना की अग्निपरीक्षा लेने के लिए इस नाटक में प्रदर्शित किये गये संघर्ष तत्त्व का तुलनात्मक अध्ययन करना चाहिए । दुर्वासा का शाप वह केन्द्रवर्ती संघर्ष है । जो सभी वाचनाओं के पाठ में एक समान है । परन्तु पूर्वपरिणीता रानी (वसुमती) की ओर से पैदा होने वाला संघर्ष[4] अन्य चार वाचनाओं में ही मिलता है । काश्मीरी वाचना के पाठ में वह लेश मात्र नहीं है । इस तरह का तुलनात्मक अध्ययन सिद्ध कर देता है कि काश्मीरी वाचना के पाठ में कम प्रक्षेप एवं परिवर्तन हुए हैं, इस लिए वही प्राचीनतम है ।।

[2]

इसी तरह से काश्मीरी वाचना के अन्य पाठभेदों का परीक्षण शूरु करने से मालूम होता है कि काश्मीरी वाचना के पाठान्तरों में ही सब से अधिक आन्तरिक सम्भावना निहित है । तथा, इस काश्मीरी वाचना के प्रतिपक्ष में जो अन्य चार वाचनाएँ खडी हैं, उनमें प्राप्त होनेवाले पाठान्तर बहुत विसंगत तथा पूर्वापर सन्दर्भ में विरोध भी पैदा करनेवाले हैं । उदाहरणतया –

कालिदास ने चतुर्थांक में शकुन्तला की बिदाई का प्रसंग निरूपित किया है । काश्मीरी वाचना के अनुसार शकुन्तला पिता कण्व मुनि को कहती है कि- "*कधं दाणिं तादेण विरहिदा करिसार्थपरिब्भट्ठा करेणुका विअ पाणा धारइस्सं* ।" अर्थात् हाथियों के यूथ से बिछडी हुई नन्ही करेणुका जैसी मैं पिता जी से विरहित हो कर वहाँ हस्तिनापुर के राजमहल में कैसे प्राणों को धारण कर पाउँगी ?। इस संवाद से विपरीत अन्य चार वाचनाओं में जो पाठभेद मिलता है, वह इस तरह का हैः- "*कधं तादस्स अंकादो परिब्भट्ठा मलयपव्वदूमूलिदा विअ चन्दणलदा देसान्तरे जीविदं धारइस्सं* ।" अर्थात् मलय पर्वत से उन्मूलित की गई चन्दनलता जैसी मैं पिता जी गोद में से बिछडी हुई देशान्तर में कैसे जीवन को धारण कर पाउँगी ? । इन दोनों पाठभेदों में जो उपमाएँ प्राप्त हो रही हैं, वे ध्यानास्पद हैं । काश्मीरी वाचना के अनुसार, ससुराल जा रही शकुन्तला को करिसार्थ से बिछुड गई करेणुका का उपमान दिया गया है । किन्तु मैथिली एवं अन्य तीनों वाचनाओं में, शकुन्तला के लिए मलयपर्वत से उन्मूलित की गई चन्दनलता का उपमान दिया गया है । यहाँ प्रश्न उठता है कि इन दोनों उपमानों में से किसको कालिदास ने अपने हाथ से लिखा होगा ? यहाँ पर निम्न स्तरीय पाठालोचना के नियमों के अनुसार तो जिस पाठान्तर को सर्वाधिक पाण्डुलिपियों / वाचनाओं का समर्थन मिलता हो, उसे ही मान्य पाठ के रूप में ग्रहण करना चाहिए । (अथवा जिस पाठान्तर को प्राचीनतम पाण्डुलिपि / वाचना का समर्थन हो उसे ही मान्य पाठ के रूप में ग्रहण करना चाहिए ।) तदनुसार यहाँ शकुन्तला के लिए प्रयुक्त "चन्दनलता" के उपमानवाला पाठ लेना चाहिए, क्योंकि उस पाठ को चार वाचनाओं का समर्थन मिल रहा है । किन्तु उच्चतर समीक्षा का पहला नियम आपको कहता है कि पाण्डुलिपियों / वाचनाओं की संख्या के साक्ष्य से बाहर निकल कर सोचो । एवं प्राचीनतम पाण्डुलिपि / प्राचीनतम वाचना के साक्ष्य की ओर भी ध्यान देने से पहले, कुछ अन्य हकीकतों की ओर ध्यान दीजिए । जैसे कि, प्रकृत में देखा जाय तो कण्व मुनि का आश्रम हिमालय की उपत्यका में आया हुआ था, (मलयपर्वत की कन्दराओं में नहीं आया था) । वहाँ हिमालय की वनराजियों में कहीं पर चन्दनलता होती ही नहीं है । (तथा चन्दन के वृक्ष होते हैं, लताएं नहीं, यह दूसरा ध्यातव्य बिन्दु है ।) अतः शकुन्तला ने जब हिमालय के वनों में चन्दनलता देखी ही नहीं होगी, तो वह अपने लिए चन्दनलता का उपमान कैसे प्रयोजेगी? । प्रत्युत हिमालय की कन्दराओं में शकुन्तला ने हाथियों के यूथ ही घुमते फिरते देखे हैं । (प्रथमांक के अन्त भाग में, कण्वाश्रम में स्यन्दनालोक-भीत हाथी का

[4] वसुमती के द्वारा वर्तिका-करण्डक छिन लेना का प्रसंग पूर्वपरिणीता रानी की ओर से भविष्य में शकुन्तला के दाम्पत्य-जीवन में बाधा डाल सकता है ऐसी आशंका पैदा करता है । जिसके लिए मैथिली-आदि पाठों में अन्तःपुर का कलह, अन्तःपुर की व्याघ्री, अन्तःपुर की वागुरा जैसे शब्दों का प्रयोग किया है । काश्मीरी में ऐसा नहीं है ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

निर्देश भी मिलता है ।) अतः कण्वाश्रम के भौगोलिक स्थान को ध्यान में लेते हुए काश्मीरी वाचना का पाठ ही मूलगामी प्रतीत होता है । दूसरा तर्क यह भी कथनीय है कि शकुन्तला यदि अपने लिए चन्दनलता का उपमान प्रयोजेगी तो उसके द्वारा वह अपनी नजाकत की ओर ध्यान आकृष्ट कर रही है, जो अप्राकरणिक है । किन्तु ससुराल जा रही कन्या यदि अपने को करिसार्थ से बिछडी करेणुका कहे तो उसमें उसके अनिश्चित भावि का ध्वनन होता है तथा उसकी निःसहायता व्यंजित होती है । जो उपमान प्राकरणिक है । अतः काश्मीरी पाठ को आन्तरिक सम्भावनायुक्त कहा जायेगा ।।

उपर्युक्त समग्र चर्चा का निष्कर्ष निकाला जाय तो काश्मीरी वाचना का पाठ सर्वाधिक प्राचीनतम है ऐसा कहने के लिए हमारे पास तीन प्रमाण हैः- (क) काश्मीरी वाचना का जो पाठ भूर्जपत्रवाली पाण्डुलिपि (क्रमांक 192) में और शारदा-लिपि में निबद्ध है वह अन्य लिपियों में संचरित हुई वाचनाओं के पाठ की अपेक्षा से प्राचीनतम है । (ख) काश्मीरी वाचना के पाठ में सुरक्षित रहे शौरसेनी प्राकृत का प्रयोग भी तुलनात्मक दृष्टि से उसी को प्राचीनतम सिद्ध करता है[5] । (ग) प्राचीन काल के वामन से लेकर भोजराज एवं हेमचन्द्राचार्य तक के आलंकारिकों ने अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के जो उद्धरण दिये हैं, उनमें काश्मीरी वाचना के ही पाठ है । तथा (घ) उपर्युक्त उच्चतर समीक्षा से भी सिद्ध होता है कि काश्मीरी वाचना के पाठान्तर ही मौलिक लगते हैं ।।

[3]

उपर्युक्त चार प्रमाणों से काश्मीरी वाचना प्राचीनतम सिद्ध होती है । तथा अन्य चारों वाचनाएँ तदुत्तरवर्ती काल में आकारित हुई है । अब काश्मीरी वाचना से ही इस नाटक की पाठयात्रा का आरम्भ हुआ है इतना प्रमाणित हो जाने के बाद, अन्य सभी वाचनाओं के आविष्कार का क्रम ढूँढना आसान हो जाता है । डॉ. एस. के. बेलवालकर जी के द्वारा सम्पादित की गई अभिज्ञानशाकुन्तल की आवृत्ति प्रकाशित करते समय उसके प्रधान सम्पादक डॉ. वी. राघवन् ने लिखा है कि मैथिली वाचना कदाचित् काश्मीरी वाचना के पाठ की ओर झुकती है, तथा कदाचित् वह बंगाली वाचना के पाठ की ओर झुकती है[6] । यदि इन वाचनाओं का तुलनात्मक अभ्यास करने से ऐसा अहेसास होने लगता है तो, "इन तीनों में इस तरह का साम्य होने का क्या कारण हो सकता है ?" उस प्रश्न का उत्तर खोज निकालना मुश्कील नहीं है । जैसे कि, (तर्क-1) मैथिली वाचना का पाठ जहाँ जहाँ पर बंगाली वाचना के पाठ से भिन्न है, और काश्मीरी वाचना के पाठ के साथ उसका साम्य है, तो सम्भव है कि उस मैथिली वाचना ने काश्मीरी पाठ का अनुसरण किया होगा । अतः वह द्वितीय स्थान पर आकारित हुई होगी । (तर्क-2) तथा मैथिली वाचना का पाठ जहाँ जहाँ पर काश्मीरी वाचना के पाठ के साथ साम्य नहीं रखता है, परन्तु बंगाली वाचना के पाठ के साथ साम्य रखता है, तो ऐसी परिस्थितियों में मैथिली वाचना के वे पाठान्तर एवं प्रक्षेप काश्मीरी वाचना के पाठ में पहले नहीं होंगे । क्योंकि, हो सकता है कि ऐसे पाठान्तर एवं प्रक्षेप पहले मैथिली वाचना में दाखिल किये गये होंगे, एवं उन पाठान्तरों एवं प्रक्षेपों का स्वीकार बाद में (तृतीय स्तर पर) बंगाली पाठ में हुआ होगा । इस तरह से मैथिली वाचना के पाठ को काश्मीर की प्राचीनतम वाचना के पीछे, द्वितीय क्रम में रखा जाय और बंगाली वाचना से पूर्व में रखा जाय तो यह स्पष्ट करना आसान है कि "मैथिली वाचना का पाठ क्यूं कदाचित् काश्मीरी वाचना की ओर झुकता हुआ दिखता है, और क्यूं कदाचित् बंगाली वाचना के पाठ की ओर भी झुकता हुआ दिखता

[5] देवनागरी वाचना की सभी पाण्डुलिपियों में महाराष्ट्री प्राकृत का विनियोग ही मिलता है, जो कालिदास के समय में प्रचलन में ही नहीं थी । अतः देवनागरी वाचना का उत्तरवर्तित्व तो सुतराम् सिद्ध हो जाता है ।

[6] This (Maithili) text belongs to the Bengali-Kashmiri family, sometimes leaning towards the Bengali and sometimes towards the Kashmiri. Ed. V. Raghavan, The Abhijnanas'akuntala, Sahitya Akademy, Delhi, 1965, Introduction, p. 3.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

है ?" । अब इस तरह की तर्कगम्य सम्भावना वास्तव में सच है कि नहीं ?- उसकी परीक्षा करने के लिए कुछ प्रसंगों के पाठान्तरों का अभ्यास करना आवश्यक हैः—

(1) इस नाटक के तृतीयांक में दुष्यन्त और शकुन्तला का गान्धर्व-विवाह निरूपित किया गया है । अतः इसमें शृङ्गारिक श्लोकों का ज्यादा संनिवेश है । काश्मीरी वाचना के पाठ में यहाँ 35 श्लोक है[7], मैथिली वाचना में 40 श्लोक हैं[8] और बंगाली वाचना में 41 श्लोक मिलते हैं[9] । इस तरह की वृद्धिंगत हो रही श्लोकसंख्या ही इन वाचनाओं के प्रादुर्भाव का क्रम सूचित कर रही है । उदाहरणतया- काश्मीरी वाचना के पाठ में *तव कुसुमशरत्वं शीतरश्मित्वमिन्दोः*0 (3-4) के बाद, *शक्योऽरविन्दसुरभि*0 (3-5) श्लोक आता है । इस के बाद आकारित हुई मैथिली वाचना ने इन दोनों के बीच में *अनिशमपि मकरकेतो0 (3-5), वृथैव संकल्पशतैर्0 (3-6)* एवं *संमीलन्ति न तावद् बन्धनकोशा0 (3-7)* । जैसे तीन श्लोक नये प्रक्षिप्त किये हैं । किन्तु बंगाली वाचना के पाठ में *शशिकरविशदान्यस्या-स्तथा*0 (3-11) जैसा एक चौथा श्लोक *स्तनन्यस्तोशीरम्0 (3-10)* तथा *क्षामक्षाम-कपोलमाननम्0 (3-12)* के बीच में नया प्रक्षिप्त हुआ मिलता है ।। (समग्र नाटक में प्राप्त होनेवाले कुल श्लोकों की संख्या देखी जाय तो, काश्मीरी पाठ में 203 श्लोक हैं, मैथिली पाठ में 225 श्लोक हैं, बंगाली पाठपरम्परा में 225 से 232 श्लोक पर्यन्त का समूह है । किन्तु दाक्षिणात्य पाठ में 193 श्लोक हैं, और देवनागरी में 190 श्लोकों का योग है ।।)

(2) काश्मीरी वाचना के अनुसार दुष्यन्त की रानी का नाम कुलप्रभा है, किन्तु अन्य वाचनाओं में उसका नाम वसुमती मिलता है । षष्ठांक में विरही दुष्यन्त ने शकुन्तला का चित्र बनाया है । उसमें पूर्ति करने के लिए उन्होंने अपनी परिचारिका मेधाविनी को वर्तिका-करण्डक लाने के लिए भेजी थी । काश्मीरी पाठ के अनुसार, वह वापस आ कर बताती है कि रास्ते में ही रानी की दासी पिंगलिका ने उसके हाथ में से वर्तिका-करण्डक को छीन लिया । मतलब कि, काश्मीरी पाठ में दो दासियों के बीच में संघर्ष होता है । कुलप्रभा की ओर से कोई नाराजगी या स्पर्धा का भाव दिखाया नहीं है । विदूषक ने भी पिंगलिका को ही अन्तःपुर की व्याघ्री का उपमान दिया है । उससे विपरीत मैथिली वाचना में कुछ बदलाव लाया जाता है । मेधाविनी राजा के लिए जब वर्तिका-करण्डक लेकर वापस आ रही थी, तब रास्ते में स्वयं रानी वसुमती ने ही उसके हाथ में से उसको छीन लिया । यानी मैथिली पाठ के अनुसार रानी ईर्ष्याग्रस्त हो कर राजा की दासी मेधाविनी के साथ सीधी स्पर्धा में उतरती है । राजा दुष्यन्त भी इस रानी के आगमन की सूचना से भयभीत होता है, और विदूषक भी इस परिस्थिति को "अन्तःपुर का कालकूट" नाम देता है । इसी प्रसंग का पाठ जब बंगाली वाचना में देखते हैं तो मालूम होता है कि इसमें एक तीसरा परिवर्तन लाया गया है । जैसे कि, बंगाली पाठ में राजा की परिचारिका का

---

[7] अभिज्ञानशकुन्तला नाटक (शारदा पाण्डुलिपियों में संचरित हुई काश्मीरी वाचना का समीक्षित पाठ), सं. वसन्तकुमार म. भट्ट, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, 2018

[8] अभिज्ञानशकुन्तलम् (मैथिल-पाठानुगम्), (शंकर-नरहरिकृतव्याख्याद्वयसमलंकृतम्), सं. रमानाथ झा, मिथिला विद्यापीठ, दरभङ्गा, 1957

[9] अभिज्ञानशकुन्तलम् (बंगाली वाचना का समीक्षित पाठ), सं. डॉ. रिचार्ड पिशेल, हार्वर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, 1922 (द्वितीयावृत्ति)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

नाम मेधाविनी में से चतुरिका बनाया गया है। यहाँ एक ओर ध्यानास्पद बात है:- बंगाली वाचना के पाठशोधकों ने दासी मेधाविनी का नाम "चतुरिका" के रूप में परिवर्तित तो किया, लेकिन उसका साद्यन्त निर्वहण किया नहीं। जिसके कारण विदूषक की एक उक्ति में दासी मेधाविनी नाम यथावत् बना रहता है ! जैसे कि, "भोः, अभिधावन्ती एषा अन्तःपुव्याघ्री मेधाविनीं मृगीमिव कवलयितुम् उपस्थिता ।" बंगाली पाठ का समीक्षित पाठ सम्पादन करनेवाले डॉ. रिचार्ड पिशेल[10] एवं डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल[11] की आवृत्तियों में एक ही दासी के इसी तरह के दोनों नाम यथावत् मुद्रित हुए हैं। बंगाल की पाण्डुलिपियों में संचरित हुआ इस तरह का अनवधान-प्रयुक्त दोष हमें इस बात का अनुमान करने के लिए बाध्य करते हैं कि मैथिली वाचना के बाद ही, तृतीय क्रम पर बंगाली वाचना की सभी पाण्डुलिपियों में, मेधाविनी का नाम बदल कर, उसको "चतुरिका" में परिवर्तित करने की चेष्टा की गई है ।।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि चतुर्थ क्रमांक पर आकारित की गई दाक्षिणात्य वाचना ने रानी वसुमती की दासी पिंगलिका का भी नाम बदल कर, उसे "तरलिका" में परिवर्तित कर दिया है। इस तरह से पात्रसृष्टि के नामों में जो परिवर्तन आते हैं वे भी इन वाचनाओं के आविष्कार-क्रम को सूचित कर रहे हैं ।।

[4]

इस नाटक की पाँच वाचनाओं में से तीन (काश्मीरी-मैथिली-बंगाली) वाचनाओं में बृहत्पाठ संचरित हुआ है। तथा दो वाचनाओं (दाक्षिणात्य एवं देवनागरी) में इस नाटक का लघुपाठ संचरित हुआ है। अब इस दो तरह के पाठों में लघुपाठ वाली परम्पराएँ उत्तरवर्ती काल में ही पैदा हुई है और बृहत्पाठ वाली परम्परा पुरोगामिनी ही है- उसके कुछ ठोस प्रमाणों की ओर अंगुलि-निर्देश करना आवश्यक है :-- बहिरंग प्रमाण के रूप में देखा जाय तो (1) अलंकारशास्त्रीय ग्रन्थों में वामन, आनन्दवर्धनादि काश्मीरी आचार्यों ने इस नाटक का शारदापाठ उद्धृत किया है, जिसमें इस नाटक का बृहत्पाठ चल रहा है। तत्पश्चात् 14वीं शती के साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ ने बंगाली बृहत्पाठ में से उद्धरण दिये हैं। देवनागरी या दाक्षिणात्य वाचनाओं के पाठों में से इतने पुराने समय के किसी आलंकारिक ने लघुपाठ के उद्धरण नहीं दिये हैं। (2) हर्षवर्धन ने अपनी प्रियदर्शिका तथा रत्नावली नाटिकाओं में बृहत्पाठानुसारी अभिज्ञानशकुन्तल के प्रसंगों का अनुकरण किया है, लघुपाठानुसारी प्रसंगों का अनुकरण नहीं किया है। (3) केवल लघुपाठ वाले दाक्षिणात्य और देवनागरी पाठों में महाराष्ट्री प्राकृत का उपयोग हुआ है, जो महाराष्ट्री प्राकृत कालिदास के समय में तो प्रचलन में ही नहीं थी। उसके प्रतिपक्ष में बृहत्पाठ वाली तीनों वाचनाओं में (भरत मुनि के नियमानुसारी) शौरसेनी प्राकृत प्रयुक्त की गई मिलती है। (4) बृहत्पाठ वाली वाचनाओं में भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में बताये "आत्मगतम्" तथा अर्थोपक्षेपकों के लिए केवल "प्रवेशक" जैसे पारिभाषिक शब्द का उपयोग मिलता है। परन्तु लघुपाठ वाली दोनों वाचनाओं में परवर्ती काल के दशरूपक में प्रयुक्त हुए "स्वगततम्" एवं "विष्कम्भक" जैसे पारिभाषिक शब्दों का प्रवेश हुआ मिलता है। (5) अब कृतिनिष्ठ

[10] अभिज्ञानशकुन्तलम्। (बंगाली वाचना का समीक्षित पाठसम्पादन), सं. डॉ. रिचार्ड पिशेल, हार्वर्ड युनि. प्रेस, द्वितीयावृत्ति, 1922, पृष्ठ-85-86

[11] अभिज्ञानशकुन्तलम्। (बंगाली वाचना का समीक्षित पाठसम्पादन), सं. डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल, संस्कृत कॉलेज, कालकाता, 1980, पृष्ठ-324

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

आन्तरिक प्रमाणों को देखा जाय तो, (क) लघुपाठ वाली वाचनाओं के दोनों पाठों में संक्षेपीकरण के अनेक स्थान मिलते हैं। जैसे कि,

(1) बृहत्पाठ वाली वाचनाओं में तृतीयांक का कलेवर 35 से 41 श्लोकों वाला मिलता है। उसके सामने लघुपाठ वाली दोनों वाचनाओं के पाठ में इस अंक का कलेवर केवल 24 से 26 श्लोकों वाला मिलता है। क्योंकि अल्प समयावधि में इस अंक का मंचन करने के लिए उसके पाठ्यांश में संक्षेप करना आवश्यक था। जिसके कारण तृतीयांक में से दो दृश्य हटाये गये हैं। जैसे कि, (क) दोनों सहेलियाँ मृगबाल को लेकर जब चली जाती है तब दुष्यन्त ने शकुन्तला को शिलातल पर अपने साथ में बिठा कर, उसके हाथ में मृणाल-वलय पहनाया है और (ख) तत्पश्चात् पुष्प की रज गिरने से कलुषित हुए शकुन्तला के नेत्र को वह अपने वदन-मारुत से प्रमार्जित कर देता है। इन दो दृश्यों का विस्तार निकालने के बाद, दाक्षिणात्य और देवनागरी वाचनाओं के पाठ में दुष्यन्त-शकुन्तला का एकान्त-मिलन का प्रसंग केवल छह-सात उक्तियों में ही सिमट जाता है[12]। ये दोनों दृश्यों की प्राप्ति बृहत्पाठवाली तीनों वाचनाओं में होती है। एवं इन दृश्यों का मौलिक होना कृतिनिष्ठ आन्तरिक प्रमाण से सिद्ध भी होता है। जैसे कि, षष्ठांक में दुष्यन्त ने "शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानां मृगीम्" (6-17) शब्दों से मृग के नोंकिले शींग पर अपना वामनेत्र खुजलाती हुई मृगी का चित्र बनाने की जो चाहत व्यक्त की है, उन शब्दों से (बृहत्पाठ वाले) तृतीयांक में पुष्परज से कलुषित हुए शकुन्तला के नेत्र का उसने जो प्रमार्जन कर दिया था उसका प्रतिरूप खडा किया गया है- उससे समर्थन हो रहा है।।

(2) लघुपाठानुसारी प्रथमांक के भ्रमरबाधा प्रसंग में "सस्पृहम्" ऐसी रंगसूचना के साथ "चलापाङ्गाम् दृष्टिम्0" वाला श्लोक अवतारित है। जो नितान्त विसंगत लगता है, क्योंकि इस श्लोक की अन्तिम पङ्क्ति में ईर्ष्याग्रस्त दुष्यन्त "वयं तत्त्वान्वेषान्-मधुकर ! हतास्त्वं खलु कृती" शब्दों से भ्रमर को प्रतिस्पर्धी के रूप में निरूपित कर रहा है। अतः इस श्लोक को "सस्पृहम्" ऐसी रंगसूचना से नहीं, बल्कि "सासूयम्" ऐसी रंगसूचना से अवतारित करना चाहिए। लेकिन ऐसी विसंगति पैदा होने का कारण यही है कि संक्षेपीकरण करने वाले किसी अज्ञात रंगकर्मी ने "सस्पृहम्" ऐसी रंगसूचना के साथ अवतारित होने वाले "यतो यतः षट्चरणोऽभिवर्तते0" श्लोक (जिसमें नायक शकुन्तला के चंचल नेत्रों के भ्रमण को स्पृहा के साथ देख रहा है- ऐसा कहा गया है, उस)की बीच में से कटौती कर दी गई होगी, और "सस्पृहम्" वाली रंगसूचना अनुगामी श्लोक के साथ जुड गई होगी। लघुपाठ में ऐसी रंगसूचना-सम्बन्धी विसंगतियाँ ही इस बात की अन्तः साक्षी बनती है कि इस लघुपाठ कुछ श्लोकों की कटौती करने के बाद बनाया गया है।। इति दिक्।।

[5]

यद्यपि विद्वान् लोग ऐसा मानते आये हैं कि इस नाटक के देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं के लघुपाठों में से पहले देवनागरी वाचना का पाठ ही आकारित हुआ है, और दाक्षिणात्य पाठ अन्तिम क्रमांक पर आविर्भूत हुआ है। प्रॉफे. डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल ने भी (प्रस्तावना, प्रकरण-2, पृष्ठ 73-77) देवनागरी पाठ को पञ्चम क्रमांक पर रखा है। यह मान्यता शायद लिपियों के विकासक्रम को ध्यान में लेकर बनी हुई होगी। परन्तु इस मान्यता का समर्थन या खण्डन करनेवाला कोई अनुसन्धान अद्यावधि हुआ नहीं है। यदि कोई ऐसा प्रश्न उठाये कि काश्मीरी-आदि तीन वाचनाओं में सुरक्षित रहे इस नाटक के बृहत्पाठ को किसने सब से पहले संक्षिप्त किया था ?,

[12] द्रष्टव्यः- मेरा शोधलेखः अभिज्ञानशाकुन्तल की देवनागरी वाचना में संक्षेपीकरण के पदचिह्न, "नाट्यम्" पत्रिका का अंक-71-74, पृष्ठ 27 से 57, सं. श्रीराधावल्लभ त्रिपाठी, सागर, 2012.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

तो देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं के पौर्वापर्य का निर्णय करना कितना महत्त्वपूर्ण है- वह तुरंत स्पष्ट हो जायेगा। मैं ने इन दोनों वाचनाओं के पाठान्तरों का तुलनात्मक अध्ययन किया है[13]। जिससे ऐसा फलित होता है कि देवनागरी पाठ की अपेक्षा से दाक्षिणात्य वाचना के पाठान्तरों में ही आन्तरिक सम्भावना अधिक मात्रा में संनिहित है। उदाहरणतया, (क) देवनागरी पाठ के अनुसार "आशंसन्ते सुरयुवतयो बद्धवैरा हि दैत्यैरस्याधिज्ये धनुषि विजयं पौरुहूते च वज्रे ।।(2-16)" से कहा गया है कि सुरयुवतियों ने दैत्यों के साथ वैर बांध लिया है। किन्तु दाक्षिणात्य पाठ के अनुसार "*आशंसन्ते सुरयुवतयः त्यक्तभोगा हि दैत्यैः0*।(2-15)" इस पंक्ति में आये "दैत्यैः (हेतुना) त्यक्तभोगाः" का अर्थ होता है कि, सुरयुवतियों को दैत्यों के निमित्त से भोग-विलास को छोडना पडा है। इन दोनों पाठान्तरों की परीक्षा करेंगे तो सुरयुवतियों के लिए दाक्षिणात्य पाठ में प्रयुक्त विशेषण ही सुसंगत हो सकता है। क्योंकि दैत्यों के कारण सुरयुवतियों को भोग-विलास छोडना पडा है, और वे उसी कारण से दुष्यन्त के विजय की कामना कर रही हैं। देवनागरी पाठ का "दैत्यैः (सह) बद्धवैराः" विशेषण सुरयुवतियों के लिए अयुक्त ही सिद्ध होगा। क्योंकि, "सुरयुवतियों ने सीधा दैत्यों के साथ वैर बांध लिया है, इस लिए वे दुष्यन्त के धनुष के विजय की कामना करती है" ऐसा कहना बीलकुल अयोग्य है। यानी दाक्षिणात्य पाठान्तर में ही तार्किक संगति देखी जा सकती है ।। (ख) दाक्षिणात्य वाचना के षष्ठांक में, धीवर की उक्ति हैः- "*भट्टा, तुम्ह केलए मे जीविदे*" (स्वामिन्, आपके कारण मैं जीवित रहा हूँ)। किन्तु देवनागरी पाठ में भिन्न वाक्य मिलता हैः- "*भट्टा, अह कीलिसे मे आजीवे*" (स्वामिन्, अब मेरी आजीविका कैसी लगती है ?)। इन दोनों पाठभेदों को आन्तरिक सम्भावना की दृष्टि से देखेंगे तो दाक्षिणात्य पाठ ही उचित सिद्ध होता है। (ग) प्रथमांक के अन्त में राजा की उक्ति हैः- "*अहो धिक्, पौरा अस्मदन्वेषिणस्तपोवनम् उपरुन्धन्ति*।" किन्तु दाक्षिणात्य पाठ में कहा है कि- "*अहो धिक्, सैनिका मदन्वेषिण-स्तपोवनम् उपरुन्धन्ति*।" इन दोनों में भी दाक्षिणात्य पाठ ही तर्कसंगत है। क्योंकि राजा दुष्यन्त के साथ मृगया में साहाय्य करने के लिए पौरजन (नगरजन) नहीं आये थे, वे तो सैनिक लोग ही थे !। अतःदेवनागरी पाठ में जो कहा है कि नगरजनों राजा को ढूँढते हुए आये है और वे तपोवन में अवरोध पैदा कर रहे है- वह बीलकुल संगत नहीं है। इस दृष्टि से परीक्षा करने से मालूम होता है कि जिस वाचना के पाठ में आन्तरिक सम्भावनायुक्त पाठ की सुरक्षा हुई है, वह पाठ पुरोगामी होता है। तथा जिस पाठ में विकृतियाँ प्रविष्ट हुई दिखती है, वह पाठ निश्चिततया परवर्ती काल में विचलित हुआ होगा। मतलब कि चतुर्थ क्रमांक पर दाक्षिणात्य वाचना आकारित की गई है, और देवनागरी वाचना पञ्चम क्रमांक पर आविष्कृत हुई है ।।

उपर्युक्त परामर्श से अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की उपलब्ध हो रही पाँचों वाचनाओं के आकारित होने का अनुक्रम इस तरह से सिद्ध हो रहा हैः—(1) काश्मीरी पाठ प्राचीनतम एवं प्रथम क्रमांक पर स्थित है। (2) तत्पश्चात् मैथिली पाठ द्वितीय क्रमांक पर और (3) बंगाली पाठ तृतीय क्रमांक पर खडे हैं। (इन तीनों में क्रमशः बृहत्पाठ, बृहत्तरपाठ तथा बृहत्तमपाठ उपलब्ध होता है।) उनके बाद, (4) दाक्षिणात्य पाठ तथा (5) वर्तमान काल में सुप्रचलित बनी देवनागरी वाचना का पाठ अन्त में आविष्कृत हुआ है। (इन दोनों में क्रमशः 193 श्लोकोंवाला संक्षिप्त पाठ एवं 190 श्लोकोंवाला संक्षिप्ततर पाठ उपलब्ध होता है। तथा देवनागरी वाचना का जो पाठ वर्तमान में प्रचलित हुआ है वह देवनागरी वाचना का तीसरा, अन्तिम रूपान्तरण है) ।।

कहने का तात्पर्य यही है कि प्राचीनतम सिद्ध हो रही काश्मीरी वाचना में कम प्रक्षेप हुए है ऐसा सिद्ध होता है। और उसमें जो बृहत्पाठ मिलता है, वही पाठ विचलित होता हुआ जब मैथिली एवं बंगाली पाण्डुलिपियों

[13] द्रष्टव्यः- मेरा लेख- अभिज्ञानशाकुन्तलम् : देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं की पाठालोचना। "नाट्यम्" पत्रिका का अंक-77, पृष्ठ 33 से 58, प्रकाशक एवं सम्पादक श्रीराधावल्लभ त्रिपाठी, सागर, 2015.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

में संचरित होता है, तब वह अनेक नवीन श्लोकों के प्रक्षेपों के कारण क्रमशः वृद्धिंगत होता हुआ बृहत्तर एवं बृहत्तम कलेवर धारण करता है। तत्पश्चात् उसी बृहत्तम पाठ में, रंगकर्मियों के द्वारा संक्षेपीकरण की प्रवत्ति शूरु की जाती है। जिसके कारण, आज हमें क्रमशः दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं के (संक्षिप्त एवं संक्षिप्ततर) लघुपाठ मिल रहे हैं।। इन दोनों वाचनाओं में न केवल संक्षिप्त किया गया पाठ मिलता है, बल्कि उन दोनों में काश्मीरी पाठान्तरों का ही बहुशः ग्रहण किया गया है। तथा कुत्रचित् मैथिली एवं कुत्रचित् बंगाली पाठान्तरों का भी ग्रहण किया गया है। इस तरह से पाठान्तरों का जो यथेच्छ ग्रहण किया गया है, उससे उन दोनों वाचनाओं के पाठ को "संक्षिप्त पाठ" कहने के साथ साथ "संमिश्रित किया गया पाठ" भी कहना होगा।।

इस नाटक की काश्मरी वाचना के पाठ की "पाठयात्रा" (यानी पाठसंचरण एवं पाठविचलन की आनुक्रमिकता) का चित्र निम्नोक्त स्वरूप वाला सिद्ध होता हैः--



कालिदास के सर्वोत्कृष्ट सिद्ध हुए अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की इस तरह की पाठयात्रा स्पष्ट हो जाने के बाद, आज हमारे पास जो पञ्चविध वाचनाओं के पाठ आये हैं, वे अलग अलग / स्वतन्त्र यानी परस्पर निरपेक्ष नहीं खडे हैं। न वे युगपत्-काल में पैदा हुए हैं। उच्चतर समीक्षा से ज्ञात होता है कि उनमें से काश्मीरी वाचना ही प्राचीनतम है, तथा उसकी वंशज वाचनाओं के रूप में ही अन्य चारों वाचनाओं के पाठ आकारित हुए हैं।। इस नाटक की पाठयात्रा के इस तरह के अनुसन्धान ने इस नाटक के मूलगामी पाठ का पुनर्गठन करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रकरण – 4

पुनर्गठित पाठ के लिए स्वीकृत नियमावली

भूमिकाः- इस नाटक के पाठभेदों में न केवल शब्द-परिवर्तन ही दिखते हैं, उनमें तो उक्तियाँ एवं श्लोकों के प्रक्षेप एवं संक्षेप का खेलवाड भी दिखता है । एवञ्च रंगसज्जा, वेशभूषा तथा संवादों (उक्तियों) को बोलनेवाले पात्रों में भी बदलाव प्राप्त होता है । जिनको देख कर सहसा दो-तीन प्रश्न उपस्थित होते हैं :---

1. इस नाटक का मूल पाठ क्या रहा होगा, जो महाकवि ने स्वयं अपने हाथ से लिखा होगा ?
2. दूसरा प्रश्न होता है कि सहस्राधिक पाण्डुलिपियों में इस नाटक का जो पाठ संचरित हुआ है, और विद्वानों ने जिनकी पहचान पाँच वाचनाओं (पाठपरम्पराओं की शाखाओं) में प्रवाहित पाठ के रूप में की है, वह पाठ किस स्वरूप का दिखता है ? । इस प्रश्न के सन्दर्भ में त्रिविध सम्भावनाएं हो सकती हैः---
   (क) परस्पर में पृथक् पृथक् हो ऐसी पञ्चविध स्वतन्त्र वाचनाओं के ये पाठ हैं ?, या फिर,
   (ख) परस्पर में पृथक् हो ऐसी, पाँच स्वतन्त्र रंगावृत्तियाँ प्राप्त हो रही है ?, या फिर,
   (ग) जो कवि-प्रणीत हो ऐसे एक ही पाठ में अनेक प्रदेशों के रंगकर्मियों द्वारा किये गये सुधार / विकार का सांकर्य हुआ दिखता है ? ।।
3. तथा तीसरा प्रश्न होता है कि स्वयं कालिदास के द्वारा लिखे गये मूल पाठ में परिवर्तन तथा परिवर्धन (पाठभेद, प्रक्षेप एवं संक्षेप) आदि किस क्रम में पैदा हुए होंगे ? अर्थात् पाठविचलन की आनुक्रमिकता में कौन सा पाठ प्राचीनतम, प्राचीनतर या उत्तरवर्ती काल में आकारित किया गया सिद्ध होता है ? ।।

इनमें से पहले प्रश्न का उत्तर ही हमारी उत्कृष्ट एवं चरम जिज्ञासा का विषय है । किन्तु लगता है कि कवि-प्रणीत मूल पाठ को यथातथ रूप में हम कथमपि पुनः प्राप्त नहीं कर पायेंगे । बहुविध एवं सैंकडों प्रयासों के बाद भी जो हांसिल किया जायेगा वह केवल पुनर्गठित आनुमानिक[1] पाठ ही होगा । तथा वैसा पाठ सम्भवतः विवादास्पद भी होगा । तथापि यह भी कहना आवश्यक है कि यह पाठ आन्तर-सम्भवना युक्त है, जिसको अनेक प्रमाणों से समर्थित भी किया गया है । अतः यह आनुमानिक पाठ बहुत कम मात्रा में ही विवादास्पद रहेगा । अतः, उपर्युक्त तीन प्रश्नों में से कम से कम दूसरे एवं तीसरे प्रश्न का उत्तर मिल जाने पर भी हम अपने आप को बड-भागी मानेंगे ।। इस दृष्टिकोण से यह प्रयास किया गया है ।।

उपर्युक्त दूसरे एवं तीसरे प्रश्न के उत्तर प्राप्त करने के लिए जिन पाँच रंगावृत्तियों के पाठों का तुलनात्मक अध्ययन मेरे आगामी (अभिज्ञानशकुन्तला नाटकस्य पञ्चरंगावृत्तयः । शीर्षकवाले) ग्रन्थ में प्रस्तुत किया है – उससे कतिपय प्रधान बिन्दु हमारे सामने आ गये हैं । जैसे कि,

---

[1] इस नाटक का डॉ. एस. के. बेलवालकर द्वारा पुरस्कृत "नातिदीर्घ एवं नातिह्रस्व" पाठ, जो साहित्य अकादमी, दिल्ली, 1965 से प्रकाशित किया गया है, उसको पुनर्गठित पाठ नहीं कहा जा सकता । तत्पश्चात् डॉ. दिलीप-कुमार काञ्जीलाल (1980) ने भी यद्यपि "Reconstructed Text" ऐसे शब्द का प्रयोग किया है, तथापि वह भी पुनर्गठित पाठ नहीं कहा जा सकता । उसमें बंगाली वाचना के पाठ को ही मौलिक पाठ मान लेने की गुजारीश की गई है । मैंने यहाँ जो अनुमानित पाठ पुरस्कृत किया है उसमें पहले जिन पाँचों रंगावृत्तियों का पङ्क्तिशः तुलनात्मक अभ्यास किया है, उन सब पाठों का विनियोग करते हुए यह पुनर्गठित किया गया पाठ है, अत उसको मैंने "प्रथम पुनर्गठित पाठ" कहा है । भविष्यति काले दूसरा, तीसरा अनुमान भी पेश करने की आवश्यकता एवं उम्मीद है ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

(क) कवि कालिदास के मूलपाठ की एक भी प्रतिलिपिभूत पाण्डुलिपि कहीं से भी मिलने की सम्भावना शायद नहीं है ।

(ख) पाँच तथाकथित वाचनाओं के पाठों में से किसी एक में ही कवि-प्रणीत पाठ की सीधी धारा संचरित हो कर आयी हो- ऐसा भी नहीं है । बल्कि यह निश्चित है कि इन पाँचों पाठों में जो पाठ संचरित हुआ है वह विभिन्न प्रदेश एवं विभिन्न कालखण्ड के अनेक अज्ञात रंगकर्मियों द्वारा बनाये रंगावृत्ति के ही ये पाठ हैं ।

(ग) इन रंगावृत्तियों के पाठों में, परस्पर से भिन्न हो ऐसे, ये अलग अलग रंगावृत्ति के पाँच स्वतन्त्र पाठ भी नहीं है । बल्कि ऐसे प्रकट प्रमाण मिलते हैं कि प्राचीनतम काश्मीरी रंगावृत्ति के पाठ को ही आधार बना कर, उसमें ही मिथिलादि प्रदेश के रंगकर्मियों ने संशोधन, परिवर्तन, परिवर्धन, संक्षेपादि करके अपनी अपनी रंगावृत्तियों के पाठ बनाये हैं । मतलब कि- मैथिली, बंगाली, दाक्षिणात्य तथा देवनागरी रंगावृत्तियाँ काश्मीरी रंगावृत्ति की ही वंशज रंगावृत्तियाँ कही जा सकती हैं । अतः कवि-प्रणीत पाठ में ही अनेक अज्ञात रंगकर्मियों ने किये सुधार / विकार का सांकर्य हुआ दिखता है ।

(घ) इन पाँच रंगावृत्तियों के आविष्कार का कालानुक्रम जानने के लिए यद्यपि कोई दस्तावेजीय यानी पुरातात्त्विक प्रमाण तो उपलब्ध नहीं होते हैं, तथापि इन रंगावृत्तियों के पाठों में ही सर्वत्र बिखरे हुए अन्तःसाक्ष्यों से (पुरोगामी प्रकरण – 3 में) सप्रमाण सिद्ध किया गया है कि – वर्तमान में उपलब्ध हो रही इन पाँचों में से सब से प्रथम क्रमांक पर 1. काश्मीरी रंगावृत्ति खडी है, ततः 2. द्वितीय क्रमांक पर, (विक्रमादित्य बिरुदधारी साहसाङ्क चन्द्रगुप्त-2 के समय में तैयार की गई) मैथिली रंगावृत्ति आती है ।, तत्पश्चात् 3. तृतीय क्रमांक पर, बंगाली रंगावृत्ति आकारित की गई है ।, 4. चतुर्थ एवं पञ्चम स्थान पर दाक्षिणात्य एवं 5. देवनागरी रंगावृत्तियों आती हैं ।।

तुलनात्मक अध्ययन से सविशेष रूप से यह भी ज्ञात हो रहा है कि इन पाँच रंगावृत्तियों में से जो प्रथम पायदान पर खड़ी प्राचीनतम काश्मीरी रंगावृत्ति का पाठ है, केवल उसीमें ही अनेक स्थानों पर आन्तरिक सम्भावनायुक्त पाठ सुरक्षित रहा है । एवं काश्मीरी रंगावृत्ति के अनेक पाठान्तर अधिक श्रद्धेय एवं मौलिकता के नजदीक है ऐसा कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्यों से एवं प्राचीनतर (वामन, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त से लेकर भोजराज के शृङ्गारप्रकाश तक) अलंकारशास्त्रीय उद्धरणों से प्रमाणित हो रहा है । तथा काश्मीरी पाठ के जिन जिन स्थानों में संक्षेप एवं परिवर्तन हुए हैं, उन स्थानों का पाठोद्धार मैथिली-आदि रंगावृत्तियों के सहारे हो भी सकता है । क्योंकि इन पाँचों रंगावृत्तियों के तुलनात्मक अध्ययन से यह जाना गया है कि मूलगामी हो सकता हो ऐसा पाठ्यांश आंशिकतया कहीं न कहीं सुरक्षित पड़ा है ।। तुलनात्मक अध्ययन के सहारे इस नाटक के अनुमानित सर्वाधिक श्रद्धेय / मूलगामी पाठ को पुनःप्रतिष्ठित एवं पुनर्गठित (Restoration & Reconstruction of the text) करके, यहाँ सम्पादित किया जा रहा है ।।

[1]

प्रस्तुत प्रयास में, व्यापक तुलनात्मक अध्ययन के बाद, कालिदासीय अभिज्ञानशकुन्तला नाटक का जो पाठ सम्पादित किया गया है, उसमें प्रचलित किन नियमों से सम्पादन नहीं किया गया है, **उसमें क्या नहीं है ? वह प्रथम सोपान** पर कहना अतीव आवश्यक हैः—

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

1. पाँचों रंगावृत्तियों के पाठों में जिन जिन पाठ्यांशों की सर्वत्र प्राप्ति हो रही है- उन निर्विवाद एवं सर्व साधारण पाठ्यांशों का संग्रह करके, यह सामान्य /सर्वमान्य पाठ का सम्पादन नहीं है ।
2. पाँचों रंगावृत्तियों में से बहुसंख्य रंगावृत्तियों में उपलब्ध हो रहे समान पाठ भी सम्पादन यहाँ नहीं किया गया है । अर्थात् संदोहन पद्धति से भी किया गया यह पाठ-सम्पादन नहीं है ।
3. जिन पाठ्यांशों में सविशेष नाट्यक्षमता है, एवं जिनसे ध्वनिविशेष की अभिव्यक्ति हो रही हो – उन पाठ्यांशों का चयन करके भी यह पाठ सम्पादित नहीं किया गया है । अतः इसको मधुकर-वृत्ति से किया गया पाठ-सम्पादन भी नहीं कहा जा सकता है ।
4. संदिग्ध पाठ्यांश (पाठान्तरों) में कहीं पर "अनुलेखनीय सम्भावना" एवं "पाठ-सुधारणा" के नाम पर, कल्पनाजनित नवीन शब्दावली की रचना करने का भी प्रयास / साहस नहीं किया है[2] ।
5. काश्मीरी रंगावृत्ति का पाठ प्राचीनतम होने के कारण, अथवा उसमें बहुशः आन्तरिक सम्भावना वाला पाठ मिलता है, इसी लिए उसीको ही साद्यन्त (यथावत् रूप में) नहीं स्वीकारा गया है ।।

[2]

अनुमानतः जो कवि-प्रणीत हो ऐसे **मूलगामी पाठ (** Ur-Text **) की पुनःस्थापना एवं पुनर्गठन** करने के लिए पाठालोचना के चतुर्थ चरण पर (= उच्चतर पाठसमीक्षा के लिए) निम्नोक्त दृष्टि-बिन्दु अनिवार्यतया ध्यानास्पद माने गये हैं :-- (क) अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के प्रस्तुत किये जा रहे इस पाठ्यांश में कहीं पर भी कृतिनिष्ठ आन्तर विरोध (any contradiction) नहीं होना चाहिए, (ख) पुनरुक्ति (repetition) वाला पाठ्यांश नहीं होना चाहिए, तथा (ग) विषयान्तर (digression) के रूप में सिद्ध होनेवाला पाठ्यांश भी नहीं होना चाहिए ।। (घ) ई. स. प्रथम शताब्दी को कालिदास का प्रादुर्भाव-काल मान कर, उनसे पुरोगामी काल में हुए भरत मुनि के नाट्यशास्त्र-सम्मत अर्थोपक्षेपक के रूप में (नाटक के लिए केवल) "प्रवेशक" एवं "आत्मगतम्" जैसे पारिभाषिक शब्दों का सर्वत्र एक समान प्रयोग होना चाहिए । उसी तरह से, पिङ्गल-निर्दिष्ट छन्दो-बंधारण का परिपालन होना चाहिए । (उत्तरवर्ती काल के छन्दःशास्त्रीय ग्रन्थ एवं दशरूपकादि का प्रभाव अमान्य करना चाहिए ।) एवञ्च, (ङ) नाट्यशास्त्रानुसारी शौरसेनी एवं मागधी के नियमों के अनुकूल प्राकृत उक्तियों का स्वरूप होना चाहिए । अथवा यथासम्भव प्राचीनतम प्राकृत-व्याकरणों के नियमों एवं इसी नाटक के ही उद्धृत उदाहरणों के अनुसार होना चाहिए[3] । एवञ्च, अनिर्णयात्मक स्थिति में

---

[2] उदाहरणतया डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी जी ने इस नाटक के नान्दी-पद्य में "प्रपन्नाँस्तनुभिः" ऐसा पाठभेद कल्पित किया है । इस तरह से यहाँ किसी भी स्थान में एक भी अपूर्व पाठान्तर की कल्पना नहीं की है ।

[3] डॉ. रिचार्ड पिशेल के द्वारा परिष्कृत एवं सम्पादित बंगाली पाठ में प्राप्त होनेवाली शौरसेनी प्राकृत भाषा स्वीकारनी चाहिए- ऐसा भी अभिप्राय किसी का हो सकता है । किन्तु उसमें मेरा मतभेद है । क्योंकि उन्होंने आर्यपुत्र के लिए "अज्जउत्त", तथा खलु के लिए क्खु ऐसा जो ध्वनिरूप माना है, उसमें महाराष्ट्री प्राकृत की छाया संनिहित है । अतः उसका त्याग करके, इतिहासानुक्रम से जो प्राकृत ध्वनिरूप पहले प्रचार में आये हुए हैं, उनको पुनः प्रतिष्ठित (restored) करना चाहिए ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्राचीनतम काश्मीरी प्राकृतपाठ सुरक्षित रहना चाहिए । (च) तथा प्राचीन से प्राचीनतर अलंकार-शास्त्रीय ग्रन्थों के उद्धरणों से यदि स्वीकृत / अनुमानित पाठ को समर्थन मिलता है, तो उसको भी पादटिप्पणी में यथासम्भव निर्दिष्ट करना है । (छ) डॉ. एस. के. बेलवालकर जी ने 1923 में अभिज्ञानशाकुन्तल की उच्चतर समीक्षा करते समय कहा था कि इस नाटक में शकुन्तला एक निसर्ग-कन्या के रूप में प्रस्तुत की गई है । इस केन्द्रवर्ती बिन्दु को दृष्टि-समक्ष रखते हुए पाठनिर्धारण करना अतीव आवश्यक है[4] । (द्रष्टव्यः- The Application of a few canons of Textual & Higher Criticism to Kalidasa's S'akuntala, Asia Major, Vol.-2, Leipzig, Germany, 1923, pp. 79 to 104) । इसी तरह से, (ज) यह भी ध्यातव्य है कि इस नाटक के सभी प्रसंगों के आलेखन में एक रूप के सामने दूसरा प्रतिरूप खड़ा करने की निरूपण-विधा का साद्यन्त विनियोग किया गया है । (जिसका निरूपण हमने अभिज्ञानशकुन्तला नाटक की काश्मीरी वाचना का समीक्षित पाठसम्पादन- ग्रन्थ की प्रस्तावना में (पृ. 361 से 364) किया है ।) अतः उस तरह की निरूपणविधा को भी उच्चतर समीक्षा के एक मानदण्ड के रूप में स्वीकारनी होगी ।। (जैसे कि, तृतीयांक में पुष्प की पराग-रज से कलुषित हुए शकुन्तला के नेत्र को दुष्यन्त ने अपने वदनमारुत से प्रमार्जित कर दिया है । इस दृश्य के सामने, षष्ठांक में कवि ने, "शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानां मृगीम्" शब्दों से दुष्यन्त का संकल्पित चित्र रखा है । जब हम सोचते हैं कि विरही दुष्यन्त के मन में मृग के सींग पर अपना वामनेत्र खुजलाती हुई मृगी चित्रित करने की चाहत कैसे, कहाँ से पैदा हुई होगी ? तो उसका उत्तर केवल तृतीयांक का वही प्रसंग दे सकता है कि जिसमें दुष्यन्त ने शकुन्तला के कलुषित हुए नेत्र का वदनमारुत से प्रमार्जन कर दिया था ।) तो इस तरह की निरूपण-विधा से प्रस्तुत हुए तृतीयांक के उस दृश्य की मौलिकता प्रमाणित हो जाती है । उसी तरह से (उसी तृतीयांक के अन्दर), शकुन्तला के मृणालवलय को वक्षःस्थल पर चिपकाते हुए दुष्यन्त ने उसको हृदयस्य निगडमिव कहा है, और उस मृणालवलय को वापस लेने के लिए आई शकुन्तला को देख कर दुष्यन्त ने उसे जीवितेश्वरी कही है । उसका प्रतिध्वनि षष्ठांक के गोत्रस्खलन के निर्देश में प्राप्त होता है । अतः मृणालवलय पहनाने के प्रसंग का भी मौलिकत्व निःशंक हो जाता है ।) (झ) कवि कालिदास ने प्रस्तावना में ही अपने इस नाटक के लिए "अपूर्वम् नाटकम्" एवं "नवेन नाटकेन" ऐसे दो विशेषण रखे हैं । अतः जहाँ द्विविध प्रसंगालेखन मिल रहा हो, वहाँ जिस पाठान्तर से नाटक की अपूर्वता की रक्षा हो रही हो- ऐसे ही पाठ को मूलगामी पाठ मान कर, उसीका स्वीकार करना चाहिए । उदाहरणतया, इस नाटक की काश्मीरी रंगावृत्ति में पूर्वपरिणीता रानी कुलप्रभा ईर्ष्या-कषायिता नहीं दिखाई है । उसके प्रतिपक्ष में मैथिली-आदि सभी रंगावृत्तियों में पूर्वपरिणीता रानी वसुमती राजा की दासी मेधाविनी के साथ सीधी स्पर्धा में आती है । विदूषक भी ज्येष्ठा नायिका के संघर्ष को अन्तःपुर का कलह, वागुरा, कालकूट-आदि कहता है । इनमें से कौन सा प्रसंगालेखन मौलिकता के नजदीक होगा ? उसका निर्णय करते समय हमें याद रखना है कि कवि ने अपने पहले दो नाटकों में पूर्वपरिणीता रानियों का संघर्ष बहुविधतया आलिखित किया ही है । लेकिन जब वे

[4] I must here advert to one another point of higher criticism without a due appraisal of which a true understanding of the play and even a final fixing of its text is to my mind altogether impossible : I mean the philosophy of Nature which forms the ground-work of the play. (page-99)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

अभिज्ञानशकुन्तला जैसी रचना करते हैं, तो उसमें उन्होंने दुर्वासा के शाप का जो विनियोग किया है, वह एक अपूर्व योजना है। कवि ने इस शाप रूप अपूर्व संघर्ष प्रवर्तित किया है तो उसके साथ में पूर्वपरिणीता रानी का संघर्ष भी निरूपित करना आवश्यक नहीं है, क्योंकि ऐसे संघर्ष में कोई अपूर्वता नहीं है। यदि मैथिली पाठ का यहाँ स्वीकार करेंगे तो मालविकाग्निमित्र एवं विक्रमोर्वशीय में दिखाये गये संघर्ष का ही पुनरावर्तन हो जायेगा। अतः नाटक की अपूर्वता बनाये रखने के लिए उन मैथिलादि रंगावृत्तियों के पाठों में जो पूर्वपरिणीता रानी का संघर्ष भी दाखिल किया गया है, वह यहाँ अस्वीकार्य एवं त्याज्य ही होगा।।

इतनी सैद्धान्तिक पूर्व-पीठिका के अनुसन्धान में पाठसम्पादन के लिए जो नियम यहाँ स्वीकारे गये हैं, वे निम्नोक्त हैं :-- (1) शारदा-लिपि-निबद्ध काश्मीर की रंगावृत्ति का जो पाठ प्राचीनतम सिद्ध हो रहा है, तथा उसी पाठ में अनेक स्थान पर आन्तरिक सम्भावना-युक्त पाठ मिल रहा है- ऐसा बहुशः देखा गया है, इस लिए उसीको प्राथमिक स्तर पर वरणीय माना गया है, अर्थात् मूलाधार सामग्री के रूप में उसीका पाठ लिया गया है। (इस शारदा-पाठ की मेरी समीक्षितावृत्ति राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, 2018 में प्रकाशित हुई है।) (2) उस प्राचीनतम काश्मीरी रंगावृत्ति के पाठ में जिन श्लोकों एवं पाठ्यांशों को "विरासत में मिले प्रक्षिप्त अंश" के रूप में पहचाने गये हैं, (आन्तरिक सम्भावना की दृष्टि से जो मौलिक नहीं हो सकते हैं) वे हटाये गये हैं। (3) कालिदास के द्वारा प्रयुक्त किये गये "अपि च" एवं "अथवा" निपातों के प्रयोग का स्वारस्य ढूँढ कर, उस प्रमाण के आधार पर, इस नाटक के श्लोकों में रंगकर्मियों के द्वारा संक्षेपीकरण कार्य किया गया है, या कविंमन्यमान व्यक्तियों ने जो प्रक्षेप का खेलवाड़ किया है- उसको बहुशः पहचाना गया है[5]। (4) काश्मीर के स्थानिक रंगकर्मियों द्वारा किये हुए वे प्रक्षेप एवं परिवर्तन, जो आन्तरिक सम्भावना के विरुद्ध सिद्ध किये गये हैं- उनको मैथिली (या बंगाली) रंगावृत्ति के पाठ के आधार पर पुनर्गठित किया गया है। (जैसे कि, काश्मीरी पाठ के तृतीयांक में प्रयुक्त सहकार-अतिमुक्त लता, एवं चित्रा-विशाखावाले दो उपमान प्रक्षिप्त घोषित करके, मैथिली एवं बंगाली पाठ की साहाय्य लेकर वहाँ अधिक श्रद्धेय पाठ को पुनर्गठित किया है।) ऐसे स्थानों पर,

---

[5] इस सन्दर्भ में कार्ल कैप्लर ने जो सम्पादन किया था, उसमें "अपि च", एवं "तथाहि" निपातों से अवतारित सभी श्लोकों को प्रक्षिप्त मान कर हटा दिये हैं। (द्रष्टव्य- Kalidasa's Sakuntala : Kurzer Textform, mit kristischen und erklarenden, Anmerkungen hrsg. Von Carl Cappeller, Kalidasa, Leipzing, H. Haessel, 1909) यद्यपि यह सही है कि उक्त निपातों से प्रस्तुत किये गये श्लोकों में प्रक्षेप होने की शक्यता है, तथापि ऐसे सभी श्लोकों को प्रक्षिप्त घोषित करने से पहले, कुछ विवेक की आवश्यकता भी थी। इस विषय में हमने बंगाली पाठ की विस्तृत एवं कड़ी आलोचना करते समय विवेक प्रस्थापित किया है, उसके लिए द्रष्टव्य हैः- अभिज्ञानशकुन्तलम्, (सन्दर्भदीपिका टीका-समेतम्), सं. वसन्तकुमार म. भट्ट, राष्ट्रिय पाण्डुलिपि मिशन, दिल्ली, 2013, (पृ. 32 से 46), एवं धीमहि, वॉ.-3, एर्णाकुलम्, 2012, पृ. 76 से 89.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

मैथिली (या बंगाली) रंगावृत्ति के पाठ्यांशों को आन्तरिक सम्भावना का निश्चित समर्थन मिल रहा है, ऐसा देखने के बाद ही, उसे स्वीकार्य रखे गये हैं । (5) यदि कुत्रचित् बृहत्पाठवाली तीनों रंगावृत्तियों से भी प्रामाणिक एवं सुसंगत पाठ नहीं मिला है, तो दाक्षिणात्य (एवं देवनागरी) रंगावृत्ति के पाठ की ओर देखा गया है, तथा उसका चयन वहाँ से भी किया गया है। उदाहरणतया, माधवीलता से सम्बद्ध संवाद को निकाल ने के बाद, शकुन्तला जब नवमालिका को गले से लगा कर उससे बिदाई लेती है, तब वहाँ का (चतुर्थांक की उक्ति-संख्या 111से 117 पर्यन्त का) पाठ दाक्षिणात्य पाठानुरूप रखा है । (6) इस नाटक की कथावस्तु महाभारत के आदिपर्वान्तर्गत सम्भवपर्व के शकुन्तलोपाख्यान (अ. 62 से 69) से ली गई है । अतः उसमें दुःषन्त शब्द का प्रयोग हुआ है- इस बात को ध्यान में रखते हुए, प्रस्तुत पुनर्गठित पाठ में सर्वत्र दुःषन्त ऐसी ही वर्तनी का स्वीकार किया गया है। क्योंकि कालिदास के सामने तो वही शब्दस्वरूप रहा होगा । (बंगाली पाठ परम्परा में भी उसी दुःषन्त शब्द को ग्राह्य रखा है ।) इस दृष्टिबिन्दु से दुष्ष्यन्त, दुष्यन्त, या दुष्मन्त / दुष्वन्त, दुष्कंत जैसे नामान्तरों को अस्वीकार्य माना गया है । (7) काश्मीरी पाठ में यद्यपि कण्व मुनि का दूसरा नाम काश्यप भी बीच बीच में प्रयुक्त हुआ है, किन्तु यहाँ सर्वत्र "कण्व" नाम ही स्थापित किया है। (8) इस नाट्य-कृति के तीन शीर्षक मिलते हैं। ये तीनों ही शीर्षक मौलिक होने का दावा एक समान रूप से कर सकते हैं । यानी तीनों की सम्भावना बराबर हो सकती है, अतः निर्णयात्मक प्रमाणान्तर के अभाव में, प्राचीनतम होने के नाते काश्मीरी शारदा-पाण्डुलिपियों में उपलब्ध हो रहा "अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम्" ऐसा शीर्षक स्वीकार्य रखा गया है। (9) इस नाटक की पात्रसृष्टि के नामों के विषय में, (क) जो नाम अन्धकार में चले गये थे, जैसे कि मारीचाश्रम की दो कन्याएँ अनुक्रम से संयता एवं सुव्रता है, वे नाम पुनः प्रतिष्ठित किये हैं। (ख) जिस नाम में विकृति ने प्रवेश किया था, जैसे कि- उद्यानपालिकाओं परभृतिका एवं मधुकरिका में से मधुकरिका, जो बंगाली पाठ में मधुरिका बनाई गई है- वह मूल रूप में पुनः प्रतिष्ठित की गई है। (ग) जहाँ नवीन नामान्तर पेश किया गया है, जैसे कि- मेधाविनी को बंगाली पाठ में चतुरिका बनाया गया है, एवं दाक्षिणात्य पाठ में पिङ्गलिका को तरलिका बनाया गया है। तो उन दोनों को अपने प्राचीनतम नामों में स्थिर किया गया है। (10) संस्कृत भाषानिबद्ध पादटिप्पणियों में (क) जिन पाठ्यांशों को काश्मीरेतर पाठ में से लिया गया है, उसका सन्दर्भ उक्ति-क्रमांक के साथ दिया गया है , (ख) जिस काश्मीरी पाठ्यांशों को "विरासत में मिले प्रक्षेप" के रूप में पहचाना हैं, तथा अन्यान्य वाचनाओं में जिन श्लोकों का प्रक्षेप हुआ है- उन सब का "प्रक्षिप्त-श्लोक-संख्या" के साथ निरूपण किया है, (ग) "स्वगतम्" जैसी नाट्यशास्त्रेतर रंगसूचना का विनियोग करके जिन उक्तियाँ एवं श्लोकों का प्रक्षेप किया गया है- उनका निर्देश पाद-टिप्पणियों में किया गया है। (घ) जिन काश्मीरी पाठों को कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य से समर्थन मिलता है- उनका सूत्रात्मक रूप से समुचित परामर्श किया गया है । (ङ) बृहत्पाठ के जिन श्लोकों को प्राचीनतर अलंकार-शास्त्रीय ग्रन्थों में उद्धृत किये गये हैं, उनका सन्दर्भ-निर्देश भी प्रायः किया गया है। (जिससे उन श्लोकों की प्रामाणिकता / प्राचीनतमता या उसके प्रचलन का काल-निर्धारण करने में सहायता मिलेगी ।)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

निष्कर्षतः उच्चतर समीक्षा की अपेक्षा के अनुसार, प्रस्तुत प्रयास में, आन्तरिक सम्भावना-युक्त एवं कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य से समर्थित हो रहे पाठ को ही प्राधान्येन पुरस्कृत किया गया है। तथा पूर्वापर सन्दर्भों में विरुद्ध सिद्ध होनेवाले पाठ, विषयान्तर या पुनरुक्ति रूप सिद्ध होने वाले पाठ, या असम्बद्ध / विसंगत पाठ को (एवं ऐसी रंगसूचनाओं को, तथा उत्तरवर्ती काल के पारिभाषिक शब्दों को भी) हटाया गया है। तदनन्तर तृतीय क्रम पर, काश्मीरी रंगावृत्ति का पाठ (अपने साद्यन्त रूप में सम्पूर्णतया श्रद्धेय नहीं होते हुए भी) कुत्रचित् अगतिकतया प्राचीनतम होने के कारण ग्राह्य रखा गया है ।।

[3]

आर्या छन्द में निबद्ध गाथाओं के पुनर्गठन की कोशिश करने से पहले अधिक समुचित समाधान की प्रतीक्षा करनी आवश्यक लगती है । डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल जैसे विद्वान् पिङ्गल-प्रोक्त लक्षणानुसारिणी ही आर्या गाथा होनी चाहिए- ऐसा मानते हैं। तथा उपलब्ध पाँचों पाठों में से केवल बंगाली पाठ में ही वह लक्षण घटित होता है, अतः सार्वत्रिक रूप से बंगाली पाठ को ही ग्राह्य बताते हैं। किन्तु आर्या छन्द का विनियोग प्राकृत गाथाओं के निबन्धन में जब होता है, तब प्राकृत भाषा में प्रादेशिक एवं कालिक सन्दर्भों के कारण हो रहे परिवर्तनों की भी हम उपेक्षा नहीं कर सकते हैं (जैसे कि, पिङ्गलप्रोक्त आर्या के लक्षण से हट कर, कदाचित् उत्तरवर्ती काल के श्रुतबोध में दिये गये आर्या के लक्षण का परिपालन भी दिखता है।) तथा राघव भट्ट ने आदिभरत के नाम से जिस द्विपदी गीति आर्या का निर्देश किया है, वह भी विचारणीय है। एवमेव, यदि इन सभी में विभिन्न कालखण्ड के रंगकर्मियों का ही खिलवाड़ हो तो, उनका पुनर्गठन करने में मार्गदर्शक हो सके ऐसे सिद्धान्तों की पुनर्विचारणा करनी चाहिए ।।

[4]

किसी भी खण्डित या बहुशः परिवर्तित या संमिश्रित पाठ्यग्रन्थ (Text) के पुनर्गठन में, या फिर विविध पाठान्तरों में जब सर्वत्र समान सम्भावना दिखती हो तो वहाँ पाठचयन में 1. आन्तरिक सम्भावना का समर्थन होना चाहिए- ऐसा उच्चतर समीक्षा का प्रधान नियम है। किन्तु, इस तरह के समर्थन के अभाव में, 2. प्राचीनतम पाठ का आदर, या स्वीकार करने में सलामती ज्यादा है, एवं ज्यादा बुद्धिमानी है। क्योंकि इस नाटक का पाठ पुनर्गठित करने का जो मेरा प्रथम प्रयास है, उसमें कहीं कहीं ऐसे भी स्थान ध्यान में आ रहे हैं कि जहाँ पर परम्परागत सभी पाठ दुर्बोध या दुःसाध्य एवं कुत्रचित् संदिग्ध प्रतीत होते हैं। इन स्थानों की दुरुस्ती करने के लिए कुछ अनुपयुक्त अज्ञात पाण्डुलिपियों को प्रकाश में आने की प्रतीक्षा करनी होगी। या फिर, उनके अभाव में कुछ नये तर्कों, अनुमानों को सोचना पडेगा। उदाहरणतया, (क) पुत्र सर्वदमन को जिस ऋषि का खिलौना देने का प्रस्ताव है, उस ऋषि का नाम मङ्कणक, मार्कण्डेय, या शालंकायन बताया जा रहा है। किन्तु इन तीनों पाठभेदों में से एकान्तिक निर्णय नहीं किया जा सकता है। (ख) काश्मीरी पाठ के सप्तमांक के आरम्भ में दो नाकलासिकाएँ जिस गाथा को प्रस्तुत करती हैं, वह प्राकृतभाषा में है। परन्तु उसमें एकाधिक शब्द दुर्बोध या दुःसाध्य है । इस लिए अज्ञात एवं अप्राप्य पाण्डुलिपियाँ मिलने की प्रतीक्षा करनी होगी । उससे पहले उस गाथा के दुर्बोध होने मात्र से उसको प्रक्षिप्त घोषित करनी की चेष्टा हानिकारक सिद्ध हो सकती

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

है । इतने अंश को यथावत् बनाये रखना उचित है, (जिसको हम "डिप्लोमेटीक टेक्स्ट" सम्पादन के नाम से पहचान सकते हैं) । 3. नेपाली पाण्डुलिपियों के आधार पर श्रीडमरुवल्लभ पन्त ने जो अभिज्ञानशाकुन्तल 1871 में प्रकाशित किया था, उसमें कतिपय नवीन श्लोक भी मिलते हैं । अतः इस नाटक की नेपाली पाठपरम्परा का भी अन्वेषण करना आवश्यक है । तथा उत्कलीय पाठपरम्परा से भी मैं अनभिज्ञ हूँ ।। इति दिक् ।।

----88----

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रकरण – 5

पुनर्गठन के निदर्शभूत स्थानों का परिचय

[1]

श्लोक-संख्या के योग की जिज्ञासाः- इस नाटक के पुनर्गठित पाठ की प्रस्तुति करने के अवसर पर सब से पहले यही जिज्ञासा होती है कि इस पुनर्गठित पाठ में कितने श्लोकों को स्वीकार्य माने गयें है। अतः तुलनात्मक दृष्टि से पाँचों रंगावृत्तियों की श्लोक-संख्या बताना जरूरी है :- -बंगाल के कुछ संस्करणों में 230 या 232 श्लोकवाला बृहत्तम पाठ प्रकाशित हुआ है। डॉ. रिचार्ड पिशेल ने 221 श्लोकवाला समीक्षित बंगाली पाठ दिया है। मैथिल पाठ में 225 श्लोक मिलते हैं। प्रचलित (संक्षिप्त) दाक्षिणात्य एवं (संक्षिप्ततर) देवनागरी पाठों में अनुक्रमतः 193 एवं 191 श्लोकोंवाला लघुपाठ मान्य किया गया है। इन सब के सामने इस पुनर्गठित पाठ में 198 श्लोकों को श्रद्धेय पाठ के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। (पादटिप्पणी में मैं ने जिन श्लोकों को प्रक्षिप्त एवं अस्वीकार्य घोषित किये हैं, उनकी कुल संख्या 34 होती हैं। द्रष्टव्य- परिशिष्ट 1) अब प्रत्येक अंक के किन किन प्रसंगों में, दृश्यों में, श्लोकों में, एवं रंगसूचना-आदि में पुनर्गठन[1] किया गया है उनका शृङ्ग-ग्राहिकतया परिगणन करना आवश्यक है ।।

[2]

प्रथमांक की दृश्यावली में मुख्यतया निम्नोक्त स्थान पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया हैः- (क) शारदा-पाण्डुलिपियों में संचरित हुआ पाठ प्राचीनतम सिद्ध हो रहा है- उस आधार पर इस नाटक का शीर्षक "अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम्" स्वीकारा गया है। (ख) नाटक के प्रस्तावना-भाग में, 1. नटी-गीत की "खण-चुम्बिआइं भमरेहिं0" गाथा के शब्दों में आन्तरिक सम्भावना दिख रही है- उस लिए उसका पाठ मान्य रखा है। (यहाँ आर्या के लक्षणों की पूर्ति को ही एकमात्र मानदण्ड नहीं माना है।) 2. उसी तरह से सूत्रधार के "कतमत्प्रकरणमाश्रित्य" शब्दों में ही आन्तरिक सम्भावना होने से, वे मान्य किये हैं। तथा "कतमं प्रयोगम् आश्रित्य" वाला पाठभेद अमान्य किया है। (ख) मृगयाविहारी राजा दुष्यन्त के प्रवेशदृश्य में मैथिली-आदि में प्राप्त होनेवाला "न खलु न खलु बाणः0" श्लोक पुनरुक्तिदोषग्रस्त होने के कारण प्रक्षिप्त घोषित किया है। (ग) वैखानस के आशीर्वाद-प्रदान दृश्य में दाक्षिणात्य एवं देवनागरी पाठों द्वारा प्रक्षिप्त किया "जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपमिदं तव0" श्लोक भी अमान्य किया गया है। (घ) काश्मीरी रंगकर्मियों ने शकुन्तला के वल्कल शिथिली-करण-प्रसंग के पाठ में जो स्थानान्तरण किया है- उसको अमान्य किया है। तथा उसके स्थान पर मैथिल-पाठानुसारी पाठयोजना पुरस्कृत की गई है। (यद्यपि डॉ. बेलवालकर जी ने इस प्रसंग में काश्मीरी पाठ को ही मौलिक कहा है। (द्रष्टव्यः- The Original S'akuntala, Published in Sir Ashutosh Mookherjee Silver Jubilee Vol. 3, Orientalia, part-2, Calcutta, 1925, pp. 349 - 359) किन्तु उसमें "शुद्धान्त-दुर्लभम्0" श्लोक में रहा बहुवचनान्त प्रयोग उनके मत से विरुद्ध जा रहा है। अतः उनका अभिप्राय कथमपि ग्राह्य नहीं है। (ङ) शकुन्तला के वल्कल को लेकर जो संवादमाला परम्परागत पाठों में है, उनमें से अथवा-निपात से सुसम्बद्ध "इदम् उपहितसूक्ष्मग्रन्थिना0" तथा "सरसिजमनुविद्धम्0" श्लोकों को मान्य रखा है। तथा "कठिनमपि मृगाक्ष्या वल्कलं कान्तरूपम्0" को अमान्य किया है। किन्तु "इदम् उपहितसूक्ष्मग्रन्थिना0" श्लोक

---

[1] पुनर्गठन शब्द से Restoration & Reconstruction of the text ऐसा अर्थ अभीष्ट है। जिसमें, पहले संक्षेपीकरण से हटाये गये पाठ का एवं नाट्यशास्त्र की पारिभाषिक शब्दावली से विमुख किये गये शब्दों का पुनः प्रतिष्ठापन किया गया है। तत्पश्चात् पाठ-संशुद्धि के प्रयोजन से प्रक्षेपों को पहचान कर उनको हटाये गये हैं। तथा विकृत हुए स्थानों का आंशिक पुनर्योजन शामिल है ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

का राजा के मुख से उच्चारण होने के पूर्व जो उक्ति हैः- "सम्यगियमाह प्रियंवदा"। उसके स्थान में "सम्यगियमाह शकुन्तला" ऐसा परिवर्तन करना सन्दर्भोचित लगता है। (च) वृक्षों को जलसिंचन करने का जो प्रसंग है उसमें माधवीलता से सम्बद्ध पूरा संवाद कृतिनिष्ठ आन्तरिक प्रमाणों से प्रक्षिप्त सिद्ध होता है, इस लिए उसको निरस्त किया गया है। (यह बात डॉ. दिलीपकुमार काञ्जीलाल के ध्यान में नहीं आयी है। हाँ, डॉ. बेलवालकर जी ने इस विषय को लेकर एक रोचक बात यह बताई है कि श्रीहर्षदेव की रत्नावली नाटिका का अनुकरण करते हुए किसीने उस माधवीलता का यहाँ प्रक्षेप किया है ! द्रष्टव्यः- S'r.garic Elaboration in S'akuntala Act-3, 1929, pp. 187 to 192)। (छ) अंक के अन्त भाग में, शकुन्तला-निष्क्रमण के दृश्य का पाठ निश्चित करने के लिए द्वितीयांक के "दर्भांकुरेण चरणः क्षत इत्यकाण्डे0" (2-12) श्लोक के शब्दों को ध्यान में लेना आवश्यक है। यहाँ काश्मीरी पाठ की अपेक्षा से मैथिली पाठ अधिक वरणीय प्रतीत हुआ है ।।

[3]

द्वितीयाङ्क की दृश्यावली में मुख्यतया निम्नोक्त स्थान पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया हैः- (क) विदूषक का मूल नाम माधव्य है, दाक्षिणात्य एवं देवनागरी पाठों में संस्कृतभाषी राजा के मुख से भी उसे "माढव्य" नाम से सम्बोधित करवाया जाता है, जो परवर्ती काल का पाठान्तर होने से अस्वीकार्य है। (ख) विदूषक ने रंगमंच पर पधार रहे राजा को बाणासनगृहीत यवनियों से परिवृत बताया है- उसी तरह की मंचन-योजना ही कवि को मान्य थी। यह बात आगे आनेवाले राजा के "(परिजनमवलोक्य) अपनयन्तु भवन्तो मृगयावेषम्, रेव(त)क ! त्वमपि स्वनियोगमशून्यं कुरु।" वाक्य से, (यानि कृतिनिष्ठ अन्तः साक्ष्य से ही) समर्थित होती है। अतः, यहाँ मैथिल एवं बंगीय पाठ "हृदयनिहितप्रियजन0" अग्राह्य सिद्ध होता है। (ग) विदूषक ने अपने कष्टों के लिए राजा स्वयं ही दोषी है- ऐसा सूचित करने के लिए दो नहीं, एक ही उपमा का प्रयोग किया हैः- "स्वयमेवाक्षीण्याकुलीकृत्याश्रुकारणं पृच्छसि"। अन्यथा राजा मन्दबुद्धि सिद्ध होगा। (घ) विदूषक ने राजा के प्रणयालाप पर रोक लगाने के लिए त्रिविध हेतु प्रस्तुत किये थे, जिसका यहाँ काश्मीरी पाठ के आधार पर, पुनःप्रतिष्ठापन किया गया है। (इन तीन उक्तियों में संक्षेप करने के लिए ही ललितान्य-सम्भवा0 श्लोक में पाठभेद करना शूरु हुआ है।) (ङ) शकुन्तला के पास किस उपाय से जाया जाय- यह सोचने के लिए राजा के कहने पर विदूषक रंगभूमि पर समाधि लगाता है। यह दृश्य केवल काश्मीरी पाठ में ही सुरक्षित रहा है। अन्यत्र ऐसा दृश्य ही नहीं है। किन्तु विक्रमोर्वशीय नाटक के द्वितीयांक में भी इसी तरह के शब्दों के साथ विदूषक समाधिमग्न होता है। अतः इस दृश्य की सम्भावना को नकारा नहीं जा सकता है ।।

[4]

तृतीयाङ्क की दृश्यावली में मुख्यतया आठ स्थानों पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया हैः- (क) कुसुमास्तरणवाले शिलापट्ट पर शकुन्तला को जो लम्बे समय तक लेटी हुई अवस्था में प्रस्तुत करने की दृश्य-योजना, जो मूल में कविसंकल्पित दृश्य-योजना थी, उसका पुनः प्रतिष्ठापन किया गया है। [जो दृश्य-योजना प्राचीनतम काश्मीरी रंगावृत्ति से ही अपने मूल रूप में से विचलित होना शुरू हुई थी, (और अद्यावधि दुनिया भर के किसी भी पाठालोचक एवं पाठसम्पादक का उसकी विचलित हुई दुर्दशा की ओर ध्यान ही नहीं गया था,) उसको अपने मूल रूप में पुनः प्रतिष्ठित (Restored) किया गया है। इसमें मदनलेख लिखते समय एवं मदनलेख के शब्दों को सुन कर सखियों के सामने दुष्यन्त प्रकट होने के बाद भी रंगमंच पर शकुन्तला लेटी

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

हुई अवस्था में ही रहती है। तथा (दोनों सखियाँ के वहाँ से चली जाने के बाद) उसी शिलापट्ट पर समीप में बैठे नायक के द्वारा जब उसके पद्मताम्रवर्णी पाद को अपनी गोदी में लेकर, उनका संवाहन करने का प्रस्ताव रखा जाता है, तब ही वह शयनावस्था को छोड़ती है[2]।] (ख) काश्मीरी रंगावृत्ति को विरासत में मिले सुरुचि का भङ्ग करनेवाले / अश्लीलता से भरे चार प्रक्षिप्त श्लोकों को हटाया गया है। (ग) मैथिली रंगावृत्ति द्वारा प्रक्षिप्त किये अन्य तीन श्लोकों को भी निरस्त किया गया है, जिनमें से एक "गान्धर्वेण विवाहेन बह्व्यो मुनिकन्यकाः0" श्लोक भी है। कृतिनिष्ठ आन्तरिक प्रमाण से ही वह श्लोक प्रक्षिप्त सिद्ध हो रहा है। तथा च, बंगाली पाठ में प्रक्षिप्त हुआ "शशिकरविशदान्यस्याः0" श्लोक भी हटाया गया है। (घ) तीन सखियों के लिए प्रयुक्त किये गये चित्रा-विशाखे एवं शशाङ्कलेखा के उपमानों को हटाया गया है। (ङ) शकुन्तला को बिठाने के लिए प्रयुक्त मेघनादाहत मयूरी का उपमान भी हटाया गया है। (च) दाक्षिणात्य एवं देवनागरी रंगावृत्तियों में संक्षेपीकरण के आशय से हटाये गये दो दृश्य सप्रमाण पुनःप्रतिष्ठित किये गये हैं[3]। जैसे कि, 1. दुष्यन्त और शकुन्तला के एकान्त मिलन को (आन्तरिक सम्भावना के तर्कबल पर) जो लम्बे समय तक (मध्याह्न से सायंकाल पर्यन्त) चलता रहा हो- उसको मान्य रखा गया है। इस दृश्य के दौरान दुष्यन्त ने शकुन्तला के हाथ में मृणालवलय को पहनाया है। इसको इसी तृतीय अंक के उपान्त्य श्लोक में विद्यमान "हस्ताद् भ्रष्टं बिसाभरणम्" शब्दों से (=कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य से) समर्थित किया गया है। तथा इस एक रूप के सामने दूसरा प्रतिरूप खड़ा करने की निरूपण-विधा, जो इस नाटक में साद्यन्त प्रयुक्त हुई है, उसको मानदण्ड बना कर देखने से- 2. पुष्प की पराग-रज से कलुषित हुए शकुन्तला के नेत्र को नायक अपने वदनमारुत से प्रमार्जित कर देता है- उस तृतीयांक के दृश्य को षष्ठांक के "शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानां मृगीम्0" शब्दों का समर्थन भी मिल रहा है। इस तरह से उसकी मौलिकता प्रमाणित की गई है।। (छ) नायक-नायिका के एकान्त मिलन को रोकने ने के लिए, रंगावृत्तियों में उपलब्ध हो रही द्विविध (नेपथ्योक्ति की) व्यवस्थाओं में समान सम्भावनाएँ होते हुए भी मैथिली पाठानुसारी व्यवस्था अधिक स्वीकार्यतर मानी हैं। क्योंकि पूरे नाटक में शकुन्त-ला के लिए परभृतिका, चक्रवाकादि पक्षियों के भी प्रतीकों का विनियोग किया गया है। (ज) अंक के अन्त भाग में, जब गौतमी आ कर शकुन्तला को अपने साथ ले जाती है, तब उस गौतमी के साथ में दोनों सखियों का आगमन नहीं दिखाया है।।

[5]

चतुर्थाङ्क की दृश्यावली में मुख्यतया निम्नोक्त दस स्थानों पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया है:-

(क) दुर्वासा-शाप-प्रसंग के अवसर पर शाप-मोचन की याचना करने के लिए सखी अनसूया जाती है, और शाप-वृत्तान्त को शकुन्तला से संगोपित रखने का प्रस्ताव प्रियंवदा ने किया है- ऐसी काश्मीरी पाठ योजना ही

---

[2] इस प्रसंग का निरूपण अनुगामी प्रकरण – 6 में विस्तार के साथ रखा गया है।

[3] डॉ. एस. के. बेलवालकर ने 1929 में लिखा है कि इस नाटक के तृतीयांक के बृहत्पाठ की प्रसिद्धि सम्राट् हर्षवर्धन के (ई. स. 650) समय में भी थी। किन्तु संक्षेपीकरण के लिए हटाये गये दो दृश्यों की मौलिकता कैसे कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्यों से सिद्ध होती है ?- यह नहीं बताया है। द्रष्टव्यः- S'r.garic Elaboration in S'akuntala Act-3, Published in Indian Studies in Honour of C. R. Lanman, Harvard University Press, 1929, pp. 187 to 192.

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

आन्तरिक सम्भावना की दृष्टि से संरक्षणीया है। (ख) प्रातःकाल का वर्णन करते समय शिष्य के मुख से कितने श्लोक निकले हैं एवं वे कौन कौन से श्लोक हैं ? इस विवाद को समुच्चयार्थक "अपि च" निपातयुग्म के प्रयोग का स्वारस्य ध्यान में लेकर ही किया जा सकता है। तदनुसार कर्कन्धूनाम्0 तथा पादन्यासं क्षितिधर0 श्लोक ही मान्य हो सकते हैं। (ग) सखियों के आगमन से पूर्व, दो-तीन अज्ञात नामधारिणी तापसियाँ आकर शकुन्तला को महादेवी होने का, भर्ता को बहुमता होने का एवं वीरपुत्र-प्रसविनी होने का आशीर्वाद बारी बारी पर देती हैं- उस पाठ्यांश का निष्कासन किया गया है। (घ) काश्मीरी पाठ के अनुसार "क्षौमं केनचित्0" श्लोक के पीछे जो प्रियंवदा की उक्ति है कि- अनयाभ्युपपत्या भर्तुः गृहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीः0,-तत्पश्चात् उसके पीछे लज्जावती शकुन्तला कहती है कि- "कोटरसम्भवेव मधुकरी पौष्करमुखम्-अभिलषसि0", वही स्वीकार्य है। यहाँ मैथिली-बंगाली-पाठानुसारी योजना मान्य नहीं है, क्योंकि उनमें प्रियंवदा के सख्य एवं सद्भावना की परिरक्षा नहीं होती है। (ङ) नेपथ्य से कोकिलरव पैदा करने के लिए मैथिल-रंगकर्मियों ने जो श्लोक-क्रमांक परिवर्तित किया है, उसने एक गम्भीर शंका पैदा की है। क्योंकि, सोचने पर लगता है कि- 1.शाङ्गरव के मुख में रखे गये "अनुमतगमना शकुन्तला0" श्लोक और गौतमी की उक्ति में पुनरुक्ति-दोष आ रहा है। 2. इस श्लोक के छन्दो विषय में भी विवाद है। एवं 3. कण्व की तपोवनदेवताओं से की गई अभ्यर्थना एवं नेपथ्य से उठी "रम्यान्तरः0" श्लोक की गुञ्ज के साथ ही गौतमी की उक्ति का सच्चा सम्बन्ध बैठता है। अतः हो सकता है कि "अनुमतगमना शकुन्तला0" वाला श्लोक प्रक्षिप्त ही हो। यद्यपि यह श्लोक काश्मीरी पाठ में भी है, तथापि उसको बीच में से उठा लिया जायेगा तो भी भाव की और पाठ की संगति अक्षुण्ण बनी रहती है।

(च) पिता कण्व के मुख से "अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे0" श्लोक के बाद, "अपि च" निपात से अवतारित "यथा शरीरस्य शरीरिणश्च पृथक्त्वमेकान्तत एव भावि0" श्लोक का पुनःप्रतिष्ठापन भी करना अनिवार्य है। क्योंकि बिदाई ले रही पुत्री शकुन्तला का मन उभयत्र विभक्त / चिन्तित होना स्वाभाविक है। (छ) प्रथमांक की तरह यहाँ चतुर्थांक में से भी, माधवीलता से बिदाई लेने का प्रसंग निष्कासित करना अनिवार्य है। क्योंकि कण्व के "कान्तं समीपसहकारमिमं करिष्ये" ऐसा वचन कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य के विरोध में जा रहा है । (ज) शकुन्तला अपने को "मलय-पर्वतोन्मूलिता चन्दनलता" का उपमान नहीं देती है, किन्तु "करिसार्थपरिभ्रष्टा करेणुका" का उपमान देती है- उसका पुनःस्थापन किया गया है। यहाँ एक मात्र काश्मीर पाठ में ही आन्तरिका सम्भावना सिद्ध होती है। (झ) बिदाई के सन्दर्भ को निरूपित करनेवाली तीन प्राकृत-गाथाएँ, जिनमें विशेष रूप से चक्रवाक-पक्षी सम्बन्धी गाथा का पुनः प्रतिष्ठापन करना भी सन्दर्भोचित है। परवर्ती काल में, संक्षेपीकरण के व्यामोह में इसी स्थान में कटौती की गई है। (ञ) "अर्थो हि कन्या परकीय एव0" अन्तिम श्लोक में न्यास शब्द के स्थान में, कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य (उक्ति-116) से, धरोहर अर्थवाले "निक्षेप" शब्द का पुनः प्रतिष्ठापन किया गया है। "धरोहर" अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला जो निक्षेप शब्द है, वह विक्रमोर्वशीय नाटक में (2-13 के नीचे) भी प्रयुक्त हुआ है। तथा कालिदास की अन्य कोई भी कृति में धरोहर अर्थ में न्यास शब्द का प्रयोग हुआ ही नहीं है- ऐसा डॉ. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी जी के "कालिदासशब्दानुक्रमकोश" (पृ. 258) से ही मालूम होता है ! (ट) काश्यप शब्द के स्थान में, सार्वत्रिक रूप से कण्व शब्द का ही प्रयोग किया गया है ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

[6]

पञ्चमाङ्क की दृश्यावली में मुख्यतया निम्नोक्त स्थानों पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया हैः- (क) इस अंक की प्रारम्भिक दृश्यावली का क्रम परम्परागत पाँच पाठों में अलग अलग है । किन्तु काश्मीरी पाठ प्राचीनतम होने के साथ साथ अधिकतर श्रद्धेय प्रतीत हो रहा है । अतः उसी क्रम को मान्य पाठ के रूप में रखा गया है । जैसे कि, पहले कञ्चुकी की उक्ति, (जिसमें आकाशभाषित का भी विनियोग होता है), उसके बाद में राजा और विदूषक का प्रवेश हो जाने के पश्चात् हंसवतिका का गीत-श्रवण, तृतीय क्रम में वैतालिकों का श्लोक-गान होता है, (जिससे क्लान्तमना राजा नवीभूत होते हैं), ततः चौथे क्रम पर, कण्वाश्रम के ऋषिकुमार एवं शकुन्तला के साथ गौतमी का प्रवेश होता है । इस तरह की दृश्यानुक्रमिकता में कञ्चुकी की वार्धक्यवशात् हो रही विस्मृति की दशा के सामने राजा की शापवशात् हुई विस्मृति का विरोध आकारित होता है । (जो दाक्षिणात्य एवं देवनागरी पाठों में नहीं है ।), एवं हंसवतिका-गीत के बाद आ रहे वैतालिकों के श्लोक-गान से राजा की धर्मबुद्धि को जागृत तथा सतेज करने का प्रयोजन सिद्ध होता है । (इस तरह की फलप्राप्ति मैथिली एवं बंगाली पाठों में से नहीं होती है ।) सारांशतः काश्मीरी पाठ में नाटकीय-प्रयोजनों की संसिद्धि सर्वाधिक होती है, और उसीमें गुणपक्ष का आधिक्य एवं दोषपक्ष का अभाव होने से वही मान्य पाठ के रूप में स्थापित किया है । (ख) हंसवतिका के गीत को सुन कर दुष्यन्त के मुख से जो प्रतिभाव निकला है, "वयस्य, सत्कृत-प्रणयोऽयं जनः । तदस्याः कृते कुलप्रभामन्तरेण समुपालम्भम् उपागतोऽस्मि । तन्मद्वचनात्0" इत्यादि, उसको काश्मीरी पाठ के अनुसार यथावत् रखा है । क्योंकि मैथिली एवं बंगाली पाठों में से पूर्वपरिणीता रानी का (कुलप्रभा, या वसुमती) नाम हटा कर, हंसवती ही रखा है । उस तरह का पाठान्तर रखने में ऐसा लगता है कि उन्होंने हंसवतिका-गीत के अर्थघटन के साथ जुड़े विवाद को दूर या कम करने का प्रयास किया है । अतः प्राचीनतम होने के कारण काश्मीरी पाठ को संग्राह्य माना गया है, (जिसमें लघुपाठों का भी परोक्ष समर्थन सम्मिलित हुआ है) । (ग) शकुन्तला-प्रत्याख्यान प्रसंग में, रंगसज्जा के रूप में (मैथिल-पाठानुसार) होमधेनु नहीं, किन्तु कपिला धेनु को स्थान देना उचित समझा गया है । क्योंकि अग्निशरणालिन्द में खडे राजा के परिसर में होमधेनु न होने से भी, (काश्मीरी पाठक्रम से) वैतालिकों के श्लोक-गान से वह प्रयोजन सिद्ध किया ही गया है । अतः यहाँ काश्मीरी पाठ के अनुसार यदि कपिलाधेनुवाले पाठ को मान्य रखते हैं, तो वह कपिला-धेनु दयनीय शकुन्तला का प्रतीक भी बन सकती है । (घ) कण्वाश्रम से शाङ्गरव एवं शारद्वत के साथ भागुरि नाम का कोई तीसरा व्यक्ति भी, काश्मीरी पाठ में उपस्थित होता है । लेकिन उसको पुनर्गठित पाठ में अमान्य किया है । क्योंकि चतुर्थाङ्क में शकुन्तला को लेकर जब दो ऋषिकुमार एवं गौतमी निकले थे, तब उसका कोई निर्देश नहीं किया गया है । यानि कृतिनिष्ठ आन्तरिक प्रमाण के अभाव में उसका निष्कासन करना आवश्यक है । (ङ) राजा के साथ वाद-विवाद करते समय, तीनों बृहत्पाठों में शकुन्तला के मुख में "तुम्हे य्येव पमाणं जाणध0" ऐसी गाथा मिलती है । किन्तु उसका अस्वीकार किया गया है । क्योंकि वह निसर्ग-कन्या शकुन्तला के स्वरूप से विरुद्ध है । (च) एवमेव, शकुन्तला के स्वाभाविक कोप को देख कर

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

राजा दुष्यन्त उसकी भ्रूलताओं का वर्णन करने के लिए दो श्लोकों का गान "स्वगतोक्ति" के रूप में करता है, किन्तु वे दोनों ही श्लोक अप्रासंगिक हैं। क्योंकि जब दुष्यन्त के सामने खडी शकुन्तला के लिए जीवन-मरण का दुःख (संघर्ष) पराकाष्ठा पर पहुँच चूका है, तब राजा के द्वारा दो श्लोकों का काव्यालाप अप्रासंगिक एवं सर्वथा अनुचित कहा जायेगा। अतः काश्मीरी पाठ का "न तिर्यगवलोकि चक्षुरतिलोहितं0", तथा मैथिली पाठवाला "मय्येवमस्मरणदारुण0" श्लोक भी अग्राह्य है।।

[7]

षष्ठाङ्क की दृश्यावली में मुख्यतया निम्नोक्त स्थानों पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया हैः- (क) प्रवेशक के दृश्य में धीवर-प्रसंग आता है। उसमें पाठनिर्धारण की दृष्टि से कुछ स्थान ध्यानास्पद हैं। 1. धीवर ने राजमुद्रा की कहीं से चोरी नहीं की है, बल्कि मछलीमारी करते हुए उसको वह किसी मत्स्य के उदर से प्राप्त हुई है। इस बयान की सच्चाई प्रमाणित करने के लिए परम्परागत पाठों में त्रिविध पाठान्तर मिलते हैं। जिनमें से प्राचीनतम काश्मीरी पाठ तर्कसंगत लगता है। नागरिक (श्याल) ने अंगूठी अपनी नासिका से लगाई और सूँघने का अभिनय करके बताया कि धीवर की बात ठीक लगती है। अंगूठी में से ही ऐसी दुर्गन्ध आ रही है कि वह मत्स्य के उदर में रही हो। किन्तु धीवर की मुखाकृति से वह "घोराकृति" दिखता है, अथवा वह "गोधादी" हो ऐसी दुर्गन्ध उसके शरीर से निकल रही है, अतः उसका बयान ठीक है- ऐसी प्रस्तुतियाँ निश्चित तया परवर्ती काल की सिद्ध होती हैं। 2. जब राजा ने बताया कि धीवर का बयान सच्चा है, और उसको बन्धन से मुक्त किया जाय। तो उसके प्रतिभाव में, काश्मीरी पाठ के अनुसार "यमवसतिं गत्त्वा गुडखण्डं च दत्त्वा प्रतिनिवृत्तः।" ऐसा वाक्य मिलता है, जो संग्राह्य पाठ लगा है। (ख) प्रथम दृश्य में जो दो उद्यानपालिकाएँ आती हैं, उनको सभी पाठों में चेटी या दासी का सामाजिक दरजा दिया गया है। किन्तु लगता है कि कवि की मूल अवधारणा तो निसर्ग के / वसन्त ऋतु के ही प्रतिनिधिभूत मधुमक्षिका (मधुकरिका) एवं कोकिला (परभृतिका) को ही उद्यानपालिकाओं के नाम से प्रस्तुत करने की रही होगी। जो विचार शताब्दियों से अन्धकाराच्छादित रहा है। अतः हमने उनको चेटियाँ न कह कर, उद्यानपालिका के नाम से ही पुनर्गठित पाठ में रखा है, जिससे उनकी वेशभूषा भी तदनुरूप निश्चित होगी । (ग) कञ्चुकी के मुख से निकलनेवाला श्लोक "चूतानां चिरनिर्गतापि कलिका बध्नाति न स्वं रजः0" को, एवं तदनुगामिनी दो उक्तियाँ को प्रक्षिप्त घोषित करने की आवश्यकता है। क्योंकि कञ्चुकी के निषेध करने से पहले तो परभृतिका (कोकिला) ने चूतमञ्जरी का भङ्ग कर लिया है, और उसको कामदेव को समर्पित भी कर दिया है ! तथैव च, आगे चल कर जो विदूषक की उक्ति है कि- "साम्प्रतं शिशिरविच्छेदे रमणीयेऽस्मिन् प्रमदवने सुखं विहरिष्यामः" उसके साथ भी कञ्चुकी-निर्दिष्ट निषेधात्मक परिस्थिति के साथ विरोध पैदा हो रहा है। यद्यपि कञ्चुकी की इस उक्ति का सर्वत्र स्वीकार हुआ है, तथापि यह कृतिनिष्ठ आन्तरिक विरोध पैदा करनेवाला पाठ होने से अग्राह्य बनता है। (घ) उसी दृश्य में प्रथमा (परभृतिका) एवं द्वितीया (मधुकरिका) की आरम्भिक उक्तियों के क्रम में भी परम्परागत पाठों में विकृति पैदा हुई है, जिसको मैथिल पाठ के सहारे तर्कसंगत बनाया गया है। (ङ) शकुन्तला के चित्रफलक प्रसंग में, मैथिली पाठ से प्रविष्ट हुए 1. दीर्घापाङ्गविसारिनेत्र0, 2. अस्यास्तुंगमिव स्तनद्वयम्0, 3. यद्यत्

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

साधु न चित्रेऽस्मिन्0 ।, तथा 4. उपहितस्मृतिरंगुली0 श्लोकों को प्रक्षिप्त घोषित करके हटाया गया है । क्योंकि वे आन्तरिक सम्भावना के विरुद्ध जा रहे हैं । (च) मिश्रकेशी के मुख से निकलने वाले अमुक वाक्यों को भी, विषयान्तर पैदा करनेवाले होने से निरस्त करना आवश्यक समझा गया है । (छ) राजा की दासी का नाम मेधाविनी और रानी की दासी का नाम पिङ्गलिका ही संग्राह्य है, क्योंकि बंगाली पाठ से ही उसमें परिवर्तन आना शुरू हुआ है- ऐसा सिद्ध हो रहा है । (ज) मैथिली पाठशोधकों द्वारा दाखिल किया पूर्वपरिणीता रानी का संघर्ष सर्वथा अग्राह्य है । क्योंकि उसके कारण नाटक की अपूर्वता एवं नवीनता पर आघात हो रहा है । यानि कि यह पाठ्यांश कविप्रतिज्ञा विरुद्ध जा रहा है । दुर्वासा के शाप रूप एक नवीन संघर्ष को रखने के बाद इसकी आवश्यकता नहीं रहती है । एवञ्च, उस तरह का विरोध जिसमें न आता हो ऐसे पाठ की उपलब्धि भी प्राचीनतम काश्मीरी पाठ में से हो ही रही है । अतः उसकी पुनःप्रतिष्ठा होनी ही चाहिए । (जिसके कारण बहुमानगर्विता वसुमती, अन्तःपुरकलह, अन्तःपुरकालकूट, अन्तःपुर वागुरादि पाठान्तर निरस्त कर दिये गये हैं ।) (झ) अक्षमाला की रंगभूमि से निवृत्ति का निरूपण जिस तरह का काश्मीरी पाठ में सुरक्षित है, वह नाट्यशास्त्रीय सूचना के अनुरूप होने से मान्य पाठ के रूप में स्वीकारा गया है । (ञ) अन्त में, मातलि के द्वारा विदूषक का ग्रहण होता है, तब कञ्चुकी एवं राजा के मुख में स्थित तीन श्लोक (1. प्रागेव जरसा0, 2. तस्याग्रभूमेर्नीलकण्ठ0, तथा 3. अहन्यहन्यात्ममनः0) भी कवितालाप रूप एवं अप्रासंगिक हैं । अतः वे भी प्रक्षिप्त घोषित किये हैं ।।

[8]

सप्तमाङ्क की दृश्यावली में मुख्यतया निम्नोक्त स्थानों पर परम्परागत पाठ को पुनर्गठित किया है:- (क) इस अन्तिम अंक के प्रारम्भ में नाकलासिकाओं का प्रवेशक आता है, जो केवल काश्मीरी पाठ में ही उपलब्ध हो रहा है । उसमें प्राप्त हो रही प्राकृत-गाथा में आर्या छन्द के लक्षण घटित नहीं होते हैं । एवं उसके प्राकृत शब्दों का अर्थबोध कठिन लगता है । जिसके कारण, पूरे नाटक के साथ उसकी संगति कैसे बिठाई जाय ? वह विचारणीय है । पाठालोचना की प्रक्रिया में पुनर्गठन से पहले अर्थघटन के प्रयास को भी अवकाश है । इस नियम से प्रेरित हो कर, मैंने उस दिशा में कुछ विचार रखे हैं । अन्यान्य पाण्डुलिपियाँ भविष्य में जब मिलें, और उस आर्या का पाठ परिशुद्धस्वरूप में सामने आये, तब इस प्रवेशक का प्रयोजन ठीक तरह से समझ में आयेगा ऐसी हम आशा करते हैं । अतः उसको सर्वथा प्रक्षिप्त घोषित करके निरस्त करने की जल्दबाजी करना उचित नहीं है । डॉ. बेलवालकर जी ने भी कालिदास के अन्य नाटकों में जैसे संगीत-नृत्यादि का प्रस्तुतिकरण है, वैसे इस नाटक में भी नर्तन का दृश्य हो सकता है- ऐसी सम्भावना शब्दबद्ध की है । (ख) मारीच ऋषि के आश्रम में, दो मुनिकन्याएँ हैं । परम्परागत पाठों में उनको प्रथमा तापसी एवं द्वितीया तापसी से पहचाना गया है । तथा केवल प्रथमा तापसी द्वितीया तापसी को सुव्रता के नाम से संबोधित करती है । किन्तु प्रथमा तासपी का नाम क्या है ? वह संदिग्ध रहता है । इसकी जानकारी काश्मीरी पाठ से मिलती है कि प्रथमा का नाम संयता है । एवञ्च, द्वितीया सुव्रता ने ही किसी ऋषिकुमार द्वारा बनाया मृत्तिकामयूर उटज से लाकर

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

सर्वदमन को दिया है। इस प्रसंग से जुड़ी सारी अस्पष्टता, संदिग्धता हटाई गई है। (ग) दुष्यन्त ने जब इन मुनिकन्याओं को पूछा कि- "न चेन्मुनिकुमारोऽयम्, अथ कोऽस्य व्यपदेशः।" तो उसका उत्तर "पुरुवंशः" दिया जाता है। लेकिन यहाँ पर काश्मीरी (एवं तदनुगामिनी दाक्षिणात्य एवं देवनागरी) में दिया गया यह पाठ आन्तरिक सम्भावना के विरुद्ध है। सामान्यतः पूरे नाटक में, (नायक के मुख से निकला है कि- 1. कः पौरवे शासति वसुमतीम्0। तथा 2. नायिका के मुख से निकला है कि- पौरव, रक्ख विणअम्।) दुष्यन्त को पौरव ही कहा गया है। अतः मुनिकन्याओं के मुख से निकले उत्तर में (मैथिल एवं बंगाली पाठों के अनुसार) "पौरवः" ऐसा शब्द ही पुनः प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। (घ) सामान्यतः नाटक के अन्त भाग में कवि के द्वारा लिखे गये भरत-वाक्य में शुभाशंसा रूप विचार रखे जाते हैं। किन्तु नाट्यकृति का मंचन करनेवाली नटमण्डली भी तत्-तत्कालिक राजाओं को उद्देश्य करके ऐसे ही शुभाशंसा व्यक्त करनेवाले अन्य श्लोकों का प्रक्षेप करती है। जैसा कि राजशेखर ने काव्यमीमांसा में कहा है कि साहसांक की राजसभा में कविपरीक्षा होती थी, और सभी मैथिली पाण्डुलिपियाँ भी कहती है कि- "आर्ये, रसभावविशेषदीक्षागुरोः श्रीविक्रमादित्यस्य साहसाङ्कस्य अभिरूपभूयिष्ठा परिषत्। अस्यां च कालिदासग्रथितवस्तना...।" इत्यादि, तब उससे यह बात सिद्ध हो जाती है। अतः पुनर्गठित एवं अनुमित इस पाठ में से भरत-वाक्य के पूर्व में आनेवाले दो श्लोकों (1. तव भवतु बिडौजाः0। एवं 2. क्रतुभिरुचितभागांस्त्वं सुरान्0) को हटाना आवश्यक समझा गया है। (ङ) अन्तिम भरत-वाक्य में, प्राचीनतम होने से "श्रुतिमहताम्" काश्मीरी पाठ को मान्य रखा है, क्योंकि कवि ने अन्यत्र वेदधर्म एवं ब्राह्मण संस्कृति की ओर पक्षपात दिखाया है। (अतः "श्रुतिमहती" पाठभेद में भी समान सम्भावना दिखती है।) किन्तु "श्रुतमहताम्" पाठ तो परवर्ती ही हो सकता है, अतः उसको अमान्य किया हैं।।

[9]

अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के पाठोद्धार की परिणति : -- पाँचों रंगावृत्तियों के तुलनातत्मक अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि काश्मीरी रंगावृत्ति में संचरित हुआ "अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम्" ऐसा शीर्षक प्राचीनतम है। ऐसा तीसरा शीर्षक हस्तगत होने से इस नाटक का नया मर्मोद्घाटन हो रहा है :- अभिज्ञानपूर्विका या शकुन्तला, सा अभिज्ञानशकुन्तला। ताम् अधिकृत्य कृतं नाटकमपि (अभेदोपचाराद्) "अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम्" उच्यते। इस व्युत्पत्ति के अनुसार, अब अभिज्ञान के रूप में (केवल) अंगूठी ही नहीं लेना है। यहाँ प्रस्तुत किये गये पुनर्गठित पाठ से मालूम होगा कि- नायक दुःषन्त हर कदम पर शकुन्तला का पहले अभिज्ञान खोजता है, बाद में उसको शकुन्तला मिलती है। किन्तु अन्ततोगत्वा वह स्वयं का भी नया अभिज्ञान प्राप्त करता है। यानि शिकारी (राजा) के रूप में प्रस्तुत होने से नहीं, किन्तु "विश्वनीय हिरण" होने से ही हरिणी स्वरूपा नायिका मिल सकेगी। एवमेव, अनुरक्त मधुकरी का अङ्गीकार (भ्रमर होकर नहीं), किन्तु मधुकर होकर ही किया जायेगा- इस जीवनदर्शन को (षष्ठांक में) आत्मसात् करता है। "अभिज्ञानपूर्विका शकुन्तला (वर्ण्यते यत्र)" का अर्थ क्या है ? शकुन्तला को प्राप्त करने के लिए किस प्रकार के अभिज्ञान को पहले प्राप्त

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

करने की अनिवार्यता है ? । इसका मार्मिक अर्थ यही है कि समानाधिकरणवाले दाम्पत्य जीवन का अभिज्ञान जब तक नहीं मिलेगा, तब तक अनागस मुनिकन्या शकुन्तला पत्नी के रूप में नहीं मिल सकती है ।।

दूसरा ध्यातव्य बिन्दु यह है कि कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने केवल दुःषन्त के लिए प्रयुक्त भ्रमर के प्रतीक को ही केन्द्र में रख कर अभिज्ञानशकुन्तल का मर्मोद्घाटन किया था। लेकिन वह एकदेशी दर्शन है। यहाँ शकुन्तला के लिए प्रयुक्त (क) कमल, शिरीषादि पुष्प, (ख) हरिणी एवं (ग) चक्रवाकादि शकुन्त (पक्षी)- जैसे त्रिविध प्रतीकों का भी कोई प्रयोजन है। रंगमंच पर मानवीय पात्रसृष्टि से प्रस्तुत हो रही प्रणय-कथा की पार्श्वभूमि में जब इन पुष्पों, पशु और पक्षियों की पात्रसृष्टि का अजस्र मंचन भी होता रहता है तब इसको देखते हुए लगता है कि मानवों की प्रणय-कथा का ही प्रतिघोष निसर्ग के इन पात्रों में हो रहा है, और वे दोनों परस्पर से अविभाज्य है। यहाँ, तात्त्विक रूप से नायक दुःषन्त (मनुष्य) और नायिका शकुन्तला (निसर्ग) के अद्वैत को साधने की प्रक्रिया चलती है ।।

[10]

प्रस्तुत प्रयास की सिद्धि एवं मर्यादाएँ :—

(क) इस नाटक के मूल पाठ में प्रविष्ट प्रक्षेपों एवं संक्षेपों की पहचान तर्कनिष्ठ एवं व्याकरणनिष्ठ प्रमाणों के आधार पर की गई है। जिसमें मुख्यतया (क) अपि च, (ख) अथवा जैसे अव्ययों के विनियोग का स्वारस्य निश्चित कर लिया गया है। तथा "स्वगतम्" जैसी दशरूपकानुसारी रंगसूचना से अवतारित कतिपय श्लोक एवं उक्तियों को प्रक्षेप के रूप में निश्चित की गई है। कुल मिला कर 34 श्लोकों के प्रक्षेपों को निष्कासित किये गये हैं ।।

(ख) इस नाटक के तृतीयांक में जो कुसुमशयना शकुन्तला का दृश्य है, उसको कविसंकल्पित दृश्य-योजना के अनुरूप पुनःप्रतिष्ठित किया जा सका है। तथा इसी अंक में रंगकर्मियों के द्वारा जो अरुचिकर अश्लील पाठ्यांश प्रक्षिप्त किये गये थे, उनकी पहचान करके सब को हटा दिया है ।।

(ग) पञ्चमांक की आरम्भिक दृश्यावली का क्रम काश्मीरी रंगावृत्ति में सुरक्षित रहा है, उसका पुनः प्रतिष्ठापन किया गया है ।।

(घ) इस नाटक के षष्ठांक में से पूर्वपरिणीता रानी का संघर्ष निरस्त करके, नाटक की एक अपूर्वता को बरकरार रखी गई है। (यानि restored पुनःस्थापित की गई है।)।

(ङ) इस नाटक के प्रत्येक श्लोक की छन्दःशास्त्रीय परीक्षा करके, उनका तदनुसारी पुनर्गठन भविष्य में किया जायेगा। (विशेष रूप से प्राकृत गाथाओं का पाठ अभी सम्यक् अवस्था में नहीं है।) नाट्यशास्त्र में जिस तरह से अमुक छन्दों के लक्षण दिये है, उससे हट कर परवर्ती काल में कुत्रचित् नवीन उपस्थापनाएं की गई है- ऐसा डॉ. मनःसुखलाल मोलिया, राजकोट का मन्तव्य है। अतः छन्दो-विधान में हुए ऐसे परिवर्तनों से भी इस नाटक के श्लोकों में पाठान्तर प्रविष्ट हुए होंगे ।।

(च) सामान्यतया देवनागरी पाण्डुलिपियों में इस नाटक का केवल लघुपाठ ही मिलता है। तथापि देवनागरी पाण्डुलिपियाँ एकत्र करने के प्रयास से हम विरत नहीं हुए हैं। कूपखानक-न्याय से

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रोत्साहित होकर प्रयास करते रहने पर हमें कतिपय देवनागरी पाण्डुलिपियाँ ऐसी भी मिल गई हैं कि जिनमें इस नाटक का बृहत्पाठ संचरित हुआ है ! किन्तु प्रस्तुत कार्य में उनका विनियोग नहीं किया गया है ।

(छ) यहाँ केवल काटयवेम के द्वारा मान्य किये गये दाक्षिणात्य पाठ को ही आधार बनाया है ।, क्योंकि दाक्षिणात्य वाचना की समीक्षितावृत्ति बनाने का कार्य अभी तक किसी ने नहीं किया है । हमने 80 से अधिक तेलुगु, ग्रन्थ, मळयालम, नन्दी-नागरी लिपियों में लिखी ताडपत्रीय पाण्डुलिपियाँ प्राप्त कर ली हैं, जिनमें कुत्रचित् काश्मीरी पाठ का सीधा प्रतिबिम्ब भी देखा जा रहा है- किन्तु उनका भी साङ्गोपाङ्ग अध्ययन अवशिष्ट है ।

(ज) असंख्य पाण्डुलिपियों का विवरण उपलब्ध है, वे सभी हमने अभी देखी नहीं हैं । तथा जो शारदा पाण्डुलिपियाँ कहीं न कहीं विद्यमान होंगी, परन्तु हमें ज्ञात नहीं हैं, प्राचीनतम काश्मीरी पाठ के संदिग्ध स्थानों को सुधारने में उनका भी विनियोग नहीं हो पाया है । अतः हो सकता है कि कुछ नवीन जानकारी मिलने से, उपर्युक्त तीन मर्यादाओं से बाहर निकल जाने पर दूसरा आनुमानिक पाठ पुनर्गठित किया जा सकेगा, तथा अधिक श्रद्धेय एवं मूलगामी पाठ प्राप्त किया जायेगा ।।

-----88-----

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रकरण – 6

तृतीयांक के परम्परागत पाठ की उच्चतर समीक्षा

भूमिकाः- पुरोगामी प्रकरण में हमने इस नाटक के सातों अंकों के पाठ में किन किन स्थान पर पुनर्गठन किया है उनका परिगणन करवाया है। लेकिन सातों अंकों में से सब से बडी चुनौती वाला अंक तीसरा अंक ही है। अतः यहाँ उस एक अंक की विस्तार से चर्चा करना अभीष्ट है। कालिदास (ईसा की प्रथम शती) ने ब्राह्मीलिपि में लिखा स्वहस्तलेख तो कालग्रस्त हो चूका होगा। अतः परवर्ती काल की सामग्री से ही हमें काम लेना है। शारदा लिपि में लिखा गया काश्मीरी वाचना का पाठ सातवी शताब्दी का है। तथा देवनागरी वाचना का पाठ पंदरवीं या सोलहवीं शती में तैयार हुआ होगा, जो आज प्रचलन में है (इस संक्षिप्ततर पाठ पर राघव भट्ट की अर्थद्योतनिका टीका लिखी गई है)। अतः प्रथम शती से लेकर सातवी शती के बीच में इस नाटक के पाठ में क्या क्या परिवर्तन आए होंगे ? वह हमारे लिए अन्धकारग्रस्त है। काश्मीरी पाठ से अधिक पुरानी पाठपरम्परा जब तक उपलब्ध नहीं होती है, तब तक काश्मीरी वाचना से शूरु करके देवनागरी वाचना पर्यन्त की पाठपरम्पराओं में, कितनी विकृतियाँ प्रविष्ट हुई है ? वह शृङ्ग-ग्राहिक न्याय से जान लेना आवश्यक है। तत्पश्चात् ही तृतीयांक की दृश्यावली में विकृत एवं विनष्ट स्थानों का समाधान (सम्यक् आधान) प्रस्तुत किया जायेगा :--

(क) काश्मीर की प्राचीनतम पाठपरम्परा में ही तृतीयांक के पाठ में कतिपय अश्लीलतापूर्ण श्लोक एवं संवाद प्रक्षिप्त मिलते हैं, जो परवर्ती काल में आविष्कृत हुई मैथिली एवं बंगाली वाचनाओं के पाठों में भी संचरित हुए हैं। लेकिन ऐसे प्रक्षेप होने का क्या कारण हो सकता है ? वह विचारणीय है।

(ख) इस अंक के प्रमुख दृश्य में नायिका शकुन्तला कुसुमास्तरणवाले शिलापट्ट पर अधिशयाना है, उस दृश्य को रंगकर्मियों ने परस्पर विरोधी रंगसूचनाओं से बे-ढंगी स्वरूप में परिवर्तित किया है। अतः इस दृश्य की कविसंकल्पित मूल योजना क्या रही होगी, वह गवेषणीय है।

(ग) महर्षि कण्व की दुहिता को "मुनिकन्या" के गरिमामय स्थान से भ्रष्ट करके, "राजर्षिकन्या" (यानी विश्वामित्र की कन्या) के स्तर पर स्थापित की गई है। एवं नायक दुष्यन्त, जो पहले "प्रियवयस्य" की भूमिका में था, उसको बदल कर, "महाराज" की कोटि में ले आया जाता है।

(घ) तत्पश्चात् जब दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचना के संक्षिप्त पाठ तैयार किये गये तब काश्मीरी-आदि पुरोगामिनी वाचनाओं में उपलब्ध हो रहे दो दृश्यों को हटाये गये हैं। इन दृश्यों में नायक-नायिका का नैसर्गिक प्रेम-सहचार दिखाया गया था। लेकिन दाक्षिणात्य एवं देवनागरी में वे दृश्य नहीं होने से, आधुनिक काल के सभी साहित्य-रसिक उस हृदयंगम दृश्य से वञ्चित ही रहे हैं।।

[1]

म. म. श्रीईश्वरचन्द्र विद्यासागर से आरम्भ करके, अद्यावधि देवनागरी पाठ को मौलिक माननेवाले विद्वान् सर्वाधिक है। अतः "इस नाटक की दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं में संचरित हुआ लघुपाठ मौलिक एवं अखण्ड है कि नहीं ?" (अर्थात् इन दोनों लघुपाठों में संक्षेपीकरण की प्रवृत्ति हुई है कि नहीं ?) इस प्रश्न का निर्णय सब से पहले करना होगा। इस अंक के सुप्रचलित हुए प्रकाशित पाठ में "समय-संगति (= समय की अन्विति)" (Unity of time) का अभाव है। यह बात बतानेवाले सर्वप्रथम विद्वान् है डॉ. श्री एस. के. बेलवालकर जी थे। उन्होंने अपने S'ringaric Elaboration in S'akuntala – Act: 3, published in Indian Studies in Honour of C. R. Lanman, Harvard University Press, 1929, pp. 187-192 इस शोध-आलेख में बताया है कि केवल छह उक्तियों में नायक-नायिका का मिलन सीमट लिया जाता है। अंक के

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

आरम्भ में तो कहा गया था कि यह शृङ्गारिक दृश्य मध्याह्न में शूरु हो रहा है[1] । मृगबाल को उसकी माता के पास पहुँचाने के बहाने दोनों सहेलियाँ रंगमंच से निकल जाती है । उन दोनों के चले जाने से उद्विग्न हुई शकुन्तला को आश्वस्त करते हुए दुष्यन्त ने उसको नलिनी-दल से पवन झलने का तथा पादसंवाहन करने का प्रस्ताव रखा । लेकिन शकुन्तला खडी हो जाती है, और वहाँ से चले जाना चाहती है । तब दुष्यन्त के मुख में निम्नोक्त उक्ति हैः- *सुन्दरि, अनिर्वाणो दिवसः । इयं च ते शरीरावस्था । उत्सृज्य कुसुमशयनं नलिनीदलकल्पित-स्तनावरणा । कथमातपे गमिष्यसि परिबाधा पेलवैरङ्गैः* ।। (देव. 3-19) इसमें भी फिर से स्पष्ट कहा है कि अभी दुपहर का, आतप का ही समय चल रहा है । किन्तु यह एकान्त मिलन का शृङ्गारिक दृश्य कुछ क्षणों में ही समाप्त किया जाता है । यहाँ गिनती करके देखें तो केवल छह संवादों के बाद, नेपथ्योक्ति से कहा जाता है कि- *चक्रवाकवधूके, आमन्त्रयस्व सहचरम्, उपस्थिता रजनी* । इस तरह से मध्याह्न के बाद तुरंत रात्रि आ जाती है यहाँ स्पष्टतया समय-संगति का भङ्ग हो रहा है ऐसा सूचित हो रहा है । जिससे ज्ञापित होता है कि यहाँ से कुछ दृश्य हटाये गये हैं ।।

डॉ. बेलवालकर जी के द्वारा सूचित किया गया संक्षेपीकरण तो एक संकेत मात्र है । लेकिन बिना बृहत्पाठ को टटोले, केवल लघुपाठ के आधार पर ही हम कैसे जाने की बीच में से कुछ विनष्ट हुआ है ? तो उसके लिए तृतीयांक का उपान्त्य श्लोक परीक्षणीय है । गौतमी दोनों सहेलियों के साथ रंगमंच पर आती है और शकुन्तला को अपने साथ मे लेकर चली जाती है, तब वृक्ष के पीछे तिरोहित हुआ नायक बाहर आकर निम्नोक्त श्लोक बोलता हैः—

तस्याः पुष्पमयी शरीरलुलिता शय्या शिलायामियम्
क्लान्तो (कान्तो) मन्मथलेख एष नलिनीपत्रे नखैरर्पितः ।
हस्ताद् भ्रष्टमिदं बिसाभरणमित्यासज्यमानेक्षणो
निर्गन्तुं सहसा न वेतसगृहाच्छक्नोमि शून्यादपि ।। (देव. 3-23)

इस श्लोक में, दुष्यन्त ने शकुन्तला की तीन चीजों का प्रकट निर्देश किया है । जैसे कि, 1. शकुन्तला जिस पुष्पमयी शय्या पर लेटी थी उसका, 2. शकुन्तला ने अपने नाखूनों से लिखा मदनलेख, एवं 3. उसी के हाथ में से निकल कर नीचे गिरा हुआ बिसाभरण (यानी मृणाल-वलय) । अब इस श्लोक को पढते हुए यह तो स्मरण में आता ही है कि हाँ, इस अंक के आरम्भ में शकुन्तला कुसुमास्तरणवाले शिलापट्ट पर लेटी हुई बताई गई थी । एवमेव, शकुन्तला ने प्रियंवदा के सुझाव पर नलिनीपत्र पर "*तव न जाने हृदयम्0*" शब्दों से एक मदनलेख लिखा था, वह भी ठीक है । किन्तु जब, हाथ में से गिरे बिसाभरण का निर्देश हम पढते हैं तब प्रश्न होता है कि यह कहाँ से आया ?। क्योंकि लघुपाठवाली दोनों वाचनाओं के पाठ में कहीं पर भी इस बिसाभरण यानी मृणाल-वलय के साथ सम्बद्ध हो ऐसा प्रसंग आया ही नहीं है । नाटक मात्र का यह सार्वभौम नियम है कि रंगमंच पर जिस चीज का अभिनय क्रिया में विनियोग न हो, उसका व्यर्थ शाब्दिक निर्देश भी नहीं होना चाहिए । क्योंकि नाटक एक समयबद्ध कला है, उसमें निरुपयोगी वर्णनात्मक शब्दावली का प्रयोग असह्य माना गया है । इससे सुतराम् ज्ञापित होता है कि इस बिसाभरण के साथ संलग्न हो ऐसा कोई प्रसंग मूल में रहा होगा । परन्तु कालान्तर में, किसी अज्ञात रंगकर्मियों ने उसको संक्षेपीकरण के आशय से निकाल दिया होगा । इस तरह से, "देवनागरी-दाक्षिणात्य पाठों में किस प्रकार के दृश्य की कटौती हुई है ?" उसका प्रमाण भी इसी अंक में से ही मिल रहा है [2] ।

---

[1] (सूर्यमवलोक्य) इमामुग्रातपवेलां प्रायेण लतावलयवत्सु मालिनीतीरेषु ससखीजना शकुन्तला गमयति । तत्रैव तावद्गच्छामि । अभिज्ञानशाकुन्तलम्, तृतीयोऽङ्कः, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, 2006, पृ. 87.

[2] द्रष्टव्य है मेरा शोध-आलेखः--अभिज्ञानशाकुन्तल की देवनागरी वाचना में संक्षेपीकरण के पदचिह्न ।। नाट्यम्, (अंक 71-74), सं. श्रीराधावल्लभ त्रिपाठी, सागर, 2012, (पृ. 27-57)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

[2]

अब, तृतीयांक में से हटाये गये एक अन्य दृश्य की जानकारी षष्ठांक के एक निम्नोक्त श्लोक में से मिल रही है, वह भी ज्ञातव्य हैः-

कार्या सैकतलीनहंसमिथुना स्रोतोवहा मालिनी
पादास्तामभितो निषण्णहरिणा गौरीगुरोः पावनाः ।
शाखालम्बितवल्कलस्य च तरोर्निर्मातुमिच्छाम्यधः
शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानां मृगीम् ।। (देव. 6-17)

अर्थात् "इस (चित्रफलक) में बनानी है बहते प्रवाह से युक्त मालिनी नदी और उसकी बालू में बैठी हंसो की जोडी, उसी के चारों ओर हिमगिरि की चोटियाँ बनानी हैं जिन पर हिरन बैठें हो, शाखाओं पर टँगे वल्कल वाले वृक्ष बनाना चाहता हूँ जिनके नीचे बनाना चाहूँगा कृष्णमृग के शृङ्ग की नोंक से अपने सुन्दर नेत्र खुजलाती हुई मृगी[3] ।।"

इस श्लोक में ऐसा भाव निरूपित किया गया है कि दुष्यन्त के मन में, "कृष्णमृग के शृङ्ग पर मृगी अपना वामनेत्र खुजला रही हो" ऐसा चित्र बनाने की इच्छा पैदा हुई है । लेकिन उसका बीज कहाँ हो सकता है ? वही विचारणीय बिन्दु है । अतः प्रतिष्ठित विद्वानों ने इस श्लोक को उद्धृत करते हुए जो विचार-विमर्श किया है वह प्रथम उल्लेखनीय है[4] । जैसे कि, प्रॉफेसर डॉ. श्रीराधावल्लभ त्रिपाठी जी (2001 में) ने कालिदास की "सौन्दर्यदृष्टि और सौन्दर्यचित्रण" इस शीर्षक के नीचे लिखा है कि "(विरही नायक) शकुन्तला का सौन्दर्य रेखाओं में थोडा-सा ही अँट सका है । निस्सीम सौन्दर्य का अनुभव मनुष्य चराचर जगत् के साथ एकाकार होकर कर सकता है । इसी चित्र को समग्र बनाने के लिए दुष्यन्त की परिकल्पना हैः- *कार्या सैकतलीनहंसमिथुना0* (6-17)" । इस श्लोक के विश्लेषण में डॉ. श्री राधावल्लभ जी ने लिखा है कि दुष्यन्त का विरही मन शकुन्तला के अखण्ड सौन्दर्य को चराचर में ढूँढ रहा है[5] । मेरे अभिप्राय से यहाँ दुष्यन्त (बृहत्पाठानुसारी) तृतीयांक के ही एक प्रसंग को चित्र के माध्यम से पुनरुज्जीवित करना चाहता है । जैसे कि, तृतीयांक में पुष्प की रज से कलुषित हुए शकुन्तला के नेत्र को उसने अपने वदनमारुत से प्रमार्जित किया था, उसी को ही वह "कण्डूयमानां मृगीम्" शब्दों से याद कर रहा है । मुझे इस श्लोक के पीछे रही कालिदास की सौन्दर्यदृष्टि देखने के साथ साथ, यदि यहाँ पूर्वापर सन्दर्भ को देखा जायेगा तो उसमें से एक प्राकरणिक अर्थ भी निकलता है ।।

किन्तु मेरे मत की विशद चर्चा करने से पहले प्रॉफे. डॉ. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी जी का मत भी देखना चाहिए । उन्होंने इसी पद्य (6-17) को उद्धृत करते हुए उसका विश्लेषण किया हैः- "चित्र की एक विधा है **विद्धचित्रविधा** अर्थात् जैसा का तैसा चित्र । यह विधा मालिनी-नदी आदि के चित्रण में प्रस्तुत है । दूसरी विधा है **भावचित्रविधा** । हंसमिथुन के आलेखन में वह भी प्रस्तुत है यहाँ । तीसरी विधा है **रसचित्रविधा** । मृगमृगीवृत्तान्त के द्वारा वह भी यहाँ उपस्थित हो चुकी है । इस विधा में दुष्यन्त ने स्वयं की विषमशीलता प्रस्तुत की । कहाँ तो अति तीक्ष्ण शृङ्गाग्र और कहाँ अति कोमल आँख । मृगी पूर्ण आश्वस्त । यही स्थिति

---

[3] कालिदास-ग्रन्थावली (हिन्दी अनुवाद के साथ), सं. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी, उज्जयिनी, भाग-2, पृ. 481

[4] *संस्कृत साहित्य का अभिनव इतिहास*, लेखक- डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2001, (पृ.162), तथा *कालिदास : अपनी बात* ।, लेखक- डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी, कालिदास संस्थान, वाराणसी, 2004, (पृ. 267)

[5] प्रेम की इस तल्लीनता और सृष्टि के कण-कण के साथ एकाकार होने में ही सच्चे सौन्दर्य के दर्शन होते हैं । (पृ. 162)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

दुष्यन्त और शकुन्तला की। शकुन्तला भी पूर्णतः आश्वस्त थी दुष्यन्त के परिचय से। मृगमृगी के रूप में दुष्यन्त चित्र में स्वयं को भी प्रस्तुत करना चाह रहा है जो उसका बाद का विचार है।" (पृ. 267) यहाँ मृग के नोंकिले सींग पर वाम नेत्र खुजलाती मृगी का चित्र बनाने की चाहत के पीछे श्रीरेवाप्रसाद जी ने दो बातों की व्यंजना उद्घाटित की हैः-(क) प्रथम तो यहाँ "दुष्यन्त की विषमशीलता" व्यंजित हो रही है ऐसा कहा है। और, (ख) साथ में यह भी लिखा है कि "मृगमृगी के रूप में दुष्यन्त स्वयं को भी प्रस्तुत करना चाहता है, जो उसका बाद का विचार है"। यानी शकुन्तला का प्रत्याख्यान करने के बाद, अब नायक भविष्य में शकुन्तला के लिए विश्वनीय पति होने का संकल्प कर रहा है। प्रॉफे. द्विवेदी जी ने सही दिशा में सोच कर दो व्यंजनाएँ दिखलाई हैं।।

मेरे अभिप्राय से शकुन्तला के चित्र को लेकर जो दृश्यविस्तार किया गया है, उसकी पुनरपि परीक्षा करनी आवश्यक है। दुष्यन्त उस चित्र की पश्चाद्भूमिका में गौरीगुरु यानी पार्वती के पिता हिमालय को चित्रित करने की बात इस लिए करता है कि शकुन्तला के साथ उसका जो प्रेम-प्रसंग हुआ था, वह हिमालय की उपत्यका में आये कण्वाश्रम में हुआ था। उसको वहाँ के वृक्षों पर टाँगे (शकुन्तला के) वल्कल-वस्त्र याद आ रहे हैं। तथा वाम नेत्र को खुजलाती मृगी की बात से ("कण्डूयमानाम् मृगीम्" शब्दों से) तृतीयांक का एक विशिष्ट प्रसंग भी उसके स्मरण-पट में रममाण है ऐसा व्यञ्जित हो रहा है। वह प्रसंग कौन सा है ? उसको जानने के लिए अन्य वाचनाओं के पाठ का तुलनात्मक अध्ययन करना होगा। जिससे मालूम होगा कि वह प्रसंग काश्मीरी-आदि बृहत्पाठवाली वाचनाओं के तृतीयांक में ही उपलब्ध है। जैसे कि, दुष्यन्त मालिनी-नदी के लतावलयों में जब शकुन्तला के हाथ में मृणाल-वलय पहना कर, शकुन्तला को उसे देखने का कहता है। तब उसी क्षण हवा चलती है, जिसके कारण शकुन्तला के नेत्र में कर्णपुष्पों का परिमल (पराग-रज) गिरता है और शकुन्तला के नेत्र कलुषित हो जाते हैं। तब दुष्यन्त अपने वदन-मारुत से नायिका के नेत्रों का प्रमार्जन करता है। बस, उसी नेत्र-प्रमार्जन कर देने के प्रसंग की याद में वह "कण्डूयमानाम् मृगीम्" का चित्र बनाने की चाहत व्यक्त करता है।।

निष्कर्षतः, तृतीयांक के उपान्त्य श्लोक में प्रयुक्त "बिसाभरण" शब्द के सहारे, उसी अंक में से एक दृश्य हटाया गया होगा उसका समर्थन मिलता है। (वह दृश्य था, जिसमें दुष्यन्त शकुन्तला के हाथ में मृणाल-वलय पहनाता है।) तथा षष्ठांक के उपर्युक्त (6-17) श्लोक में व्यक्त की गई नायक की एक विशिष्ट चाहत के द्वारा उसी तृतीयांक का एक दूसरा दृश्य (जो पूर्वोक्त दृश्य से ही सम्बद्ध है) भी लुप्त किया गया है, ऐसा स्पष्ट सूचित हो रहा है। (उस दृश्य में शकुन्तला के कलुषित हुए नेत्र को नायक ने अपने वदन-मारुत से प्रमार्जित किया था।) इस तरह से कृतिनिष्ठ दो आन्तरिक प्रमाणों से सिद्ध होता है कि दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं के तृतीयांक में से दो दृश्यों को रंगकर्मियों के द्वारा निकाले गये हैं। नाटक के मूल पाठ में हुए संक्षेपीकरण के ये पदचिह्न हैं, जो उन दोनों दृश्यों का पूर्व-अस्तित्व सूचित करते हैं, (और वे दोनों दृश्य तीनों बृहत्पाठों में सुरक्षित रहा मिलता है।)।।

[3]

यहाँ एक **विशेष विमर्श** करना आवश्यक हैः- उच्चतर समीक्षा के नाम से जिस पाठभेद का समाधान दिया जाता है, उसमें कदाचित् पाठालोचक का आत्मगत अभिगम प्रविष्ट होने की सम्भावना रहती है। यानी उच्चतर समीक्षा करते समय पाठालोचक को आत्मलक्षिता से बच कर रहना है। अतः सम्भव है कि 6-17 श्लोक में वर्णित दुष्यन्त की विशिष्ट प्रकार की चाहत को लेकर जो व्यंजना बताई गई है, वह मेरी वैयक्तिक विचारणा हो सकती है- ऐसा आक्षेप किया जा सकता है। अतः वह व्यंजना तर्कनिष्ठ है- इसका प्रमाणान्तर भी प्रस्तुत करना अनिवार्य है :-- महाकवि कालिदास ने इस नाटक में **एक रूप के** सामने दूसरा **प्रतिरूप** खडा करने की निरूपण-विधा का साद्यन्त विनियोग किया है। उदाहरणतया-

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

1. प्रथमांक में, मृगयाविहारी राजा दुष्यन्त का प्रवेश होता है, उसके सामने सप्तमांक में, दानवहन्ता के रूप में दुष्यन्त का प्रवेश दिखाया है।

2. प्रथमांक में कण्वाश्रम का वर्णन है, तो सप्तमांक में अन्तरिक्ष में स्थित मारीच ऋषि के आश्रम का वर्णन है।

3. प्रथमांक में दुष्यन्त मृग के शरीर पर शरसन्धान करता है, तो सप्तमांक में सर्वदमन सिंहशावक के दांत गिनने की चेष्टा करता है।

4. द्वितीयांक के आरम्भ में विदूषक राजा के मृगयाविहार के कारण संत्रस्त होकर उसके दुःख को रोता है, और अंक के अन्त में वही विदूषक युवराज होकर हस्तिस्कंध पर आरूढ होकर रंगमंच से बाहर निकलता है। इसके सामने षष्ठांक के आरम्भ में धीवर भी मारापीटा जा रहा है, किन्तु प्रवेशक के अन्त में वह भी राजा के पुरस्कार को प्राप्त करता है। तथा शूली से उतर कर हस्तिस्कंध पर स्थापित किये जाने का सुख अनुभूत करता है।

5. प्रथमांक में, राजा भ्रमर के प्रति असूया भाव से प्रतिस्पर्धा करता है, लेकिन वही राजा षष्ठांक में भ्रमर का उपदेष्टा बनता है।

6. तृतीयांक के अन्त भाग में यज्ञक्रिया में उपद्रव पैदा करनेवाले राक्षसों को मार भगाने के लिए दुष्यन्त धनुष उठा कर रंगमंच से बिदाई लेता है। उसके सामने षष्ठांक के अन्त में दुष्यन्त अदृश्य मातलि से पीडित विदूषक को छुडवाने के लिए धनुष उठाता है।

7. तृतीयांक में नायक-नायिका का गान्धर्व-विवाह निरूपित है। तो उसके सामने पञ्चमांक में शकुन्तला का प्रत्याख्यान निरूपित किया गया है।

8. षष्ठांक के आरम्भ में दो उद्यानपालिकाएं (1. परभृतिका एवं 2. मधुकरिका) आती हैं, तो सप्तमांक में (काश्मीरी पाठ में दो नाकलासिकाएं आती हैं, तथा) मारीचके आश्रम में संयता एवं सुव्रता नाम की दो ऋषिकुमारिकाएं आती है।

9. नाटक के पूर्वार्ध में संयोग शृङ्गार है तो उत्तरार्ध में विप्रलम्भ शृङ्गार है। और उन दोनों के बीच में रहे चतुर्थाङ्क में मध्येमणिन्याय से पिता-पुत्री का वात्सल्य प्रेम निरूपित है। इति दिक्।

इस तरह से कालिदास ने सम्पूर्ण कृति में एक रूप (दृश्य) के सामने दूसरा प्रतिरूप (प्रतिदृश्य) खडा करने की स्पृहणीय नाट्य-शैली का मार्ग अपनाया है। यह नाट्य-निरूपण शैली भी हमारे लिए कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य बनती है। (जो आत्मलक्षिता से मुक्त है।) जिसके आधार पर यह बताया जाता है कि बृहत्पाठ-वाली काश्मीरी-आदि वाचनाओं (के तृतीयांक) में शकुन्तला के पुष्परज से कलुषित हुए नेत्र को दुष्यन्त ने प्रमार्जित कर दिया था- वह प्रसंग आया है, ठीक उसी रूप के सामने षष्ठांक में "कण्डूयमानां मृगीम्" का चित्र प्रतिरूप में खडा किया गया है। अतः अंक 6 का 17वाँ श्लोक असंदिग्धतया तृतीयांक से हटाये गये दृश्य का अस्तित्व सिद्ध कर रहा है – अब ऐसी तर्कनिष्ठ व्यंजना निर्विवाद बनती है।।

[4]

तीसरे अङ्क के दृश्य को रंगमंच पर प्रस्तुत करने की कालिदास की मूल योजना तो यही रही होगी कि शकुन्तला पुष्पमयी शय्या पर लेटी हो, मदनलेख लिखते समय भी वह लेटी रहे और मदनलेख को सुन कर राजा प्रकट हो जाय और उसी शिलापट्ट पर उसके साथ वह आसनग्रहण करें, तब भी वह लेटी रहे। जब दोनों सहेलियाँ रंगमंच से बिदा लें और दुष्यन्त शकुन्तला से कहे कि- *अंके निधाय चरणावुत पद्मताम्रौ, संवाहयामि करभोरु यथासुखं ते*।। तब, वह कुसुमास्तरण से उठ कर चलने का आरम्भ करे। ("अवस्थासदृशम् उत्थाय प्रस्थिता")।। लेकिन कवि ने नायिका को रंगमंच पर लेटी हुई अवस्था में प्रस्तुत करने का जो सोचा है वही मूल पाठ के विचलन का उद्गमबिन्दु बन गया ! रंगभूमि पर लेटी हुई नायिका को देख कर भूतकाल के रंगकर्मी लोग अपनी रुचि के अनुसार शृङ्गारातिरेक को प्रदर्शित करने के लिए लालायित हो गये हैं।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

और ऐसे स्थानों के ज्ञापक-चिह्न केवल इन शारदा पाण्डुलिपियों में ही विद्यमान है, जो हम आज भी पहचान सकते हैं। तद्यथा (1) कुछ रंगकर्मियों को दुष्यन्त के मुख में अश्लील संवाद रखना था, इस लिए उन्होंने पहेले एक पूर्वभूमिका बनाई है : सहेलियों के पूछने पर जब शकुन्तला बताती है कि- *एवं यदि वोऽभिमतं तत्तथा मन्त्रयेथां मां यथा तस्य राजर्षेरनुकम्पनीया भवामि। अन्यथा मां सिञ्चतमिदानीमुदकेन।* इस वाक्य को सुन कर नायक प्रतिभाव प्रकट करता है कि – *विमर्शच्छेदि वचनम्। एतावत् कामफलं, यत्फलमन्यत्।* इन दो वाक्यों में से पहला वाक्य तो सभी वाचनाओं में मिलता है। लेकिन जो दूसरा वाक्य है वह केवल काश्मीरी पाण्डुलिपियों में ही मिलता है। (भोजराज के शृङ्गारप्रकाश 29-105 में, पृ.1300 पर भी इसका एक पाठान्तरित वाक्य उद्धृत है[6]।) जिसका सूचितार्थ यह है कि कामदेव की कृपा से नायिका मदनाविष्ट हो गई है, किन्तु अब नायक दुष्यन्त सोच रहा है कि नायिका से रति-सुख प्राप्त करने के लिए कुछ प्रयास भी करना होगा ! आगे चल कर दुष्यन्त नायिका से जो सहशयन की मांग करता है, उसका बीजनिक्षेप यहाँ देख सकते हैं।।

शकुन्तला का मदनलेख सुन कर राजा नायिका के सामने सहसा प्रकट होता है। अनसूया राजा का स्वागत करती है और उसको शिलातल के एकदेश पर बैठने की विनती करती है। रंगमंच पर एक ही शिलातल है, जिस पर शकुन्तला पहले से ही लेटी हुई है। अतः, जिन रंगकर्मियों ने लेटी हुई शकुन्तला की स्थिति का उपयोग करने का सोचा है, उन्होंने अनसूया की विनती के बाद नाटक के मूलपाठ में एक नवीन रंगसूचना जोडी है : "शकुन्तला पादावपसारयति"। यह रंगसूचना सब से प्राचीन भूर्जपत्रवाली पाण्डुलिपि क्रमांक 192 में और ऑक्सफर्ड की पाण्डुलिपि क्रमांक 159 में नहीं है। वह केवल ऑक्सफर्ड की पाण्डुलिपि क्रमांक 1247 एवं श्रीनगर की 1345 में ही है। उसका मतलब यह हुआ कि काश्मीर की शारदा पाठपरम्परा के मूल में आरम्भ में तो "शकुन्तला पादावपसारयति" जैसी कोई रंगसूचना नहीं थी। लेकिन नया प्रक्षेप करने के इच्छुक रंगकर्मियों ने उसको कालान्तर में निवेशित किया है।।

अब यह देखना है कि "एतावत्कामफलं, यत्फलमन्यत्।" एवं "शकुन्तला पादावपसारयति" जैसे दो प्रक्षेपों के अनुसन्धान में कौन सा संवाद प्रवेश करता है ?। अनसूया ने राजा से प्रार्थना की है : "सुना जाता है कि राजाओं की वल्लभायें अनेक होती है, फिर भी हमारी सखी (शकुन्तला) स्वजनों के लिए चिन्ता का कारण न बन जाय ऐसा खयाल कीजिएगा"। तब राजा ने "परिग्रहबहुत्वेपि0" इत्यादि शब्दों से उनको आश्वस्त किया कि आप दोनों की सहेली ही मेरे कुल की प्रतिष्ठा बनेगी। जिसको सुन कर दोनों सहेलियाँ शकुन्तला के भाग्य को लेकर पूर्ण रूप से निःसन्देह हो जाती है।। उसके बाद केवल यही होना था कि दोनों सहेलियाँ वहाँ से चली जायें और नायक-नायिका को एकान्त की सुविधा जताये। किन्तु राजा को अपने पास में बैठने की जगह देने के लिए जिसने अपने पाँव सिकोड़ लिए थे वह लेटी हुई शकुन्तला जिन रंगकर्मियों की दृष्टि में थी उन्होंने यहाँ अश्लीलता से भरा निम्नोक्त संवाद दाखिल किया है:—

शकुन्तला – *हला मरिसावेध लोअवालं जं किं च अम्हेहिं उवआरादिक्कमेण बीसम्भपलाविणीहिं भणिदं।*

(हले, मर्षयतं लोकपालं यत् किञ्चास्माभिरुपचारातिक्रमेण विस्रम्भप्रलापिनीभिः भणितम्।)

सख्यौ – *(सस्मितम्) जेण तं मन्तिदं सो मरिसावेदु। अणस्स जणस्य को अच्चओ। परोक्खं को वा किं ण मन्तेदि। (येन तन्मन्त्रितं स मर्षयतु। अन्यस्य जनस्य कोऽत्ययः। परोक्षं को वा किं न मन्त्रयति।)*

राजा – *(सस्मितम्)*

अपराधमिमं ततः सहिष्ये यदि रम्भोरु तवाङ्गरेचितार्द्धे।
*कुसुमास्तरणे क्लमापहं मे सुजनत्वादनुमन्यसेऽवकाशम्।। **3 – 19**।।*

[6] शृङ्गारप्रकाशः। (भाग 1 एवं 2) सं. श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी, वाराणसी, 2007

CC-0.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

प्रियंवदा – *एत्तिएण उण दे तुट्ठि भवे । (एतावता पुनस्ते तुष्टिर्भवेत् ।)*

शकुन्तला – *(सरोषमिव) विरम दुल्ललिदे । एदावत्था एवि मे कीलसि । (विरम दुर्ललिते, एतावदवस्थयापि मे क्रीडसि ।)*

यहाँ पर "तवाङ्गरेचितार्धे" शब्दों के प्रयोग से ही मालूम होता है कि यह "पादावपसारयति" वाली पूर्वनिर्दिष्ट रंगसूचना की परिणति के रूप में सहशयन की मांग करने की बात प्रस्तुत हुई है, प्रक्षिप्त हुई है । एवमेव, इसी बातचीत के सन्दर्भ में प्रियंवदा के मुख में जो वाक्य रखा गया है, वह सुरुचि का भंग करने वाली है । जो इस पूरे संवाद का प्रक्षिप्तत्व सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है ।। काश्मीरी वाचना के "तवाङ्ग-रेचितार्द्धे" शब्दों को बदल कर मैथिली वाचना में "तवाङ्ग-सङ्गसृष्टे" ऐसा पाठभेद किया गया है । जिसका अनुसरण बंगाली पाठ में भी हुआ है ।।

काश्मीरी वाचना में विरासत के रूप में संचरित हुए दो-तीन अन्य अश्लील संवादों का परिचय भी करना जरूरी है : (1) दुष्यन्त ने शकुन्तला के चरणों का संवाहन करने की तत्परता दिखाई तब तुरन्त ही लेटी हुई नायिका खड़ी हो जाती है और वहाँ से प्रस्थान करने लगती है । उस समय दुष्यन्त कहता है कि अभी दिवस पूरा नहीं हुआ है, और इतनी कड़ी धूप में तुम कोमल अङ्गोंवाली कैसे जाओगी ? यहाँ पर, कुछ रंगकर्मियों ने एक लम्बे संवाद का प्रक्षेप किया है । जैसे कि,

शकुन्तला – *सहिमेत्तसरणा, कं वा सरणइस्सम् । (सखीमात्रशरणा, कं वा शरणयिष्यामि ।)*

राजा – *इदानीं व्रीडितोऽस्मि ।*

शकुन्तला – *ण क्खु अय्यं, देव्वं उवालहामि । (न खल्वार्यम्, दैवमुपालभे ।)*

राजा – *किम् अनुकूलकारिण उपालभ्यते दैवस्य ।*

शकुन्तला – *कधं दाणिं उवालभिस्सं जो अत्तणो अणीसं परगुणेहिं मं ओहासेदि । (कथमिदानीम् उपालप्स्ये य आत्मनोऽनीशां परगुणैर् माम् उपहासयति ।)*

राजा – *(स्वगतम्)*

अप्यौत्सुक्ये महति न वरप्रार्थनासु प्रतार्याः
काङ्क्षन्त्योऽपि व्यतिकरसुखं कातराः स्वाङ्गदाने ।
आबाध्यन्ते न खलु मदनेनापि लब्धास्पदत्वाद्
आबाधन्ते मनसिजमपि क्षिप्तकालाः कुमार्यः ।। 3 – 22 ।।
(शकुन्तला प्रस्थितैव)

राजा – (स्वगतम्) कथमात्मनः प्रियं न करिष्ये । (उत्थायोपसृत्य पटान्तादवलम्बते)

इस संवाद को ध्यान से देखेंगे तो उसमें नायक ने "काङ्क्षन्त्योऽपि व्यतिकरसुखं कातराः स्वाङ्गदाने" इत्यादि शब्दों से कुमारिकाओं की जो मानसिकता मुखर रूप से वर्णित की है वह भी सुरुचि का भङ्ग करनेवाली है । (यद्यपि कालिदास ऐसे कामोत्तेजक वर्णन कभी नहीं करते हैं ऐसा नहीं है । हमारे सामने कुमारसम्भव के शृङ्गारातिरेक के शब्दचित्र अवश्य हैं, लेकिन वह प्रसंगोचित नहीं है ऐसा नहीं है ।) किन्तु यहाँ जो वाक्य रखे गये हैं वे पूर्वापर सन्दर्भ में सुसंगत और सुग्रथित प्रतीत नहीं होते है । यह वाक्यावली प्रक्षिप्त ही है उसका विशेष विमर्श करने से पहले, उपर्युक्त अश्लील शब्दों के साथ साथ, उसके ही नीचे जो दूसरा अतिरेक मिलता है, वह भी देख लेते हैः—

(2) उपरि निर्दिष्ट वाक्यों में दुष्यन्त की मानसिकता ऐसी प्रकट हो रही है कि वह अब बलात्कार करने की हद तक भी जा सकता है । इस मानसिकता का प्रमाण निम्नोक्त संवाद में हैः-

शकुन्तला – *पोरव, मुञ्च मं । (पौरव, मुञ्च माम् ।)*

राजा – *भवति, मोक्ष्यामि ।*

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

शकुन्तला – *कदा ।*

राजा – *यदा सुरतज्ञो भविष्यामि ।*

शकुन्तला – *मअणावट्ठद्धो वि ण अत्तणो कण्णआअणो पहवदि । भूओ वि दाव सहिअणं अणुमाणइस्सम् । (मदनावष्टब्धोऽपि नात्मनः कन्यकाजनः प्रभवति । भूयोऽपि तावत् सखीजनम् अनुमानयिष्यामि ।)*

राजा – *(मुहूर्तम् उपविश्य) ततो मोक्ष्यामि ।*

यहाँ पर, भूर्जपत्र पर लिखी 192 क्रमांक की पाण्डुलिपि में आये हुए "सुरतज्ञो भविष्यामि" शब्दों के स्थान में, कालान्तर में ऑक्सफर्ड की दोनों पाण्डुलिपियों में, और श्रीनगर की पाण्डुलिपि में "सुरतरसज्ञो भविष्यामि" जैसा पाठभेद भी किया गया है ।।

(3) उपर्युक्त अश्लीलांशों के प्रक्षेप-कर्ताओं ने इस अङ्क के उपान्त्य श्लोक में भी एक श्लोक जोड़ा है । शकुन्तला को ले कर गौतमी चली गई । दुष्यन्त प्रियापरिभुक्त लतावलयाच्छादित वेतसगृह में खड़ा रह कर उसका मन्मथलेख इत्यादि पर सानुराग दृष्टि से झाँक रहा है । और कहता है कि मेरा इस वेतसगृह से बाहर निकलना आसान नहीं है । ऐसी प्रेमासक्त दशा में फँसे नायक को रंगमंच से बाहर निकाल ने के लिए नाट्यकार कालिदास उसके वीरत्व को ही संक्षुब्ध करते हैं । अतः नेपथ्योक्ति से कहा जाता है कि "भो भो राजन्, सायन्तने सवनकर्मणि संप्रवृत्ते0" (श्लोक-35) अर्थात् सायंकाल होते ही यज्ञकर्म में बाधा डालने वाले काले-पीले वर्ण वाले राक्षसों की छायायें आकाश में मंडराने लगी हैं । जिसको सुनते ही दुष्यन्त के वीरत्व को चुनौती मिलती है और वह रंग से बाहर दौड़ जाता है । शाकुन्तल के षष्ठांक के अन्तभाग में भी दिखनेवाली यही पद्धति पूर्ण रूप से नाटकीय भी है, और कालिदासीय[7] भी । किन्तु काश्मीरी वाचना की चारों पाण्डुलिपियों में दुष्यन्त की "निर्गन्तुं सहसा न वेतसगृहाद् ईशोऽस्मि शून्यादपि ।। (3-33)" जैसि उक्ति और अनुगामी नेपथ्योक्ति में व्यवधान बननेवाला निम्नोक्त अश्लील श्लोक 34 अस्वाभाविक लगता है । जिसमें भोगवंचित दुष्यन्त कहता है कि –

हा हा धिक्, न सम्यग् आचेष्टितं मया प्रियामासाद्य कालहरणं कुर्वता । इदानीम्,
रहः प्रत्यासत्तिं यदि सुवदना यास्यति पुन-
र्न कालं हास्यामि प्रकृतिदुरवापा हि विषयाः ।
इति क्लिष्टं विघ्नैर्गणयति च मे मूढहृदयं
प्रियायाः प्रत्यक्षं किमपि च तथा कातरमिव ।। 3 – 34 ।।

नाटकीयता की दृष्टि से सोचा जाय तो प्रियासम्बद्ध तीन तीन चीजों को वेतसगृह में ही छोड़ कर बाहर निकलना मुश्किल है ऐसा बोले जाने पर ही परिस्थितिवशात् नायक को (प्रेमासक्ति को छोड़ कर) अपनी क्षत्रियता से उत्तेजित हो कर रंगभूमि से बाहर निकालने में ही नाटकीयता है । किन्तु जिन रंगकर्मियों ने दुष्यन्त के मुख से पहले भी भोगेच्छा को प्रकट करवाई थी, उन्हों ने इस अङ्क के अन्त भाग में भी, मूलपाठ को दूषित करने की चेष्टा की है । वस्तुतः सोचा जाय तो राजा दुष्यन्त के लिए तो सच्चा नैसर्गिक प्रेम ही दुरवाप्य और दुरवाप्त था, विषयोपभोग नहीं । अतः उपर्युक्त श्लोक की दूसरी पङ्क्ति को देख कर ही लगता है कि यह मौलिक श्लोक नहीं है । अस्तु ।।

काश्मीरी पाठ में परम्परा से चले आ रहे इन अश्लीलांशों को प्रक्षिप्त मानने का कारण अब विशद करना चाहिए : (क) काश्मीरादि तीनों वाचनाओं के तृतीयांक के पूर्वार्ध में ही ऐसे अश्लील संवाद मिलते हैं । इसी अङ्क के उत्तरार्ध में कहीं पर भी ऐसे सुरुचि का भङ्ग करनेवाले संवाद, एक उपान्त्य श्लोक को छोड कर,

[7] ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते ।
प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात् प्रतिपद्यते हि जन्तुः ।। अभि. शाक0. 6-31 ।।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

अन्यत्र नहीं मिलते हैं। साधारण तर्क से भी यह बात समझ में आती है कि अंक के पूर्वार्ध में ही नायक उपर्युक्त शब्दों से एक बार नहीं, तीन तीन बार अपनी भोगेच्छा प्रकट करता हो उसके उत्तरवर्ती दृश्यों में तो बलात्कार का दृश्य ही आना चाहिए। किन्तु वस्तुतः यहाँ तो उत्तरार्ध में नायक-नायिका के बीच सुशील एवं स्वाभाविक प्रेमसहचार ही वर्णित हुआ है। जिसमें वह अपनी प्रियतमा के हाथ में मृणालवलय पहनाने के दृश्यादि का समावेश है। इसमें कहीं पर भी सुरुचि का भङ्ग नहीं होता है। अर्थात् पूर्वार्ध में आये हुए उक्त अश्लील संवाद और उत्तरार्ध में आनेवाले संवाद के बीच भारी विरोध है।।

(ख) प्रासंगिकता की दृष्टि से सोचा जाय तो रंगमंच से सहेलियों के चले जाने के बाद कुछ ज्यादा समय तो बीता नहीं है और शकुन्तला के साथ कोई प्रेमगोष्ठियाँ भी अभी हुई नहीं हैं, उससे पहले दुष्यन्त की उपर्युक्त श्लोकोक्ति नायक की अधीरता प्रकट करनेवाली है। प्रेमकथाओं में प्रणयि-युगल के बीच जो संवनन स्वाभाविक रूप से क्रमशः विकसित होता है और जो इस अङ्क में आगे मृणालवलय प्रसंग में दृश्यमान होनेवाला है, उसकी प्रस्तुति होने से पहले दुष्यन्त की भोगेच्छा इस तरह खुल कर बाहर आये वह असम्बद्ध है, कृत्रिम है। और इस अङ्क के *रहः प्रत्यासत्तिं यदि सुवदना यास्यति0* श्लोक में भी दुष्यन्त से विषयोपभोग की ही बात कही जाय, वह असमञ्जस है। इन कारणों से उपर्युक्त अश्लील संवादों को प्रक्षिप्त कहना होगा। (ग) तथा, मूल महाभारत के उपाख्यान में दुःषन्त शकुन्तला से संयोग करने के लिए जिस तरह उतावला हो गया है, और फलाहार के लिए बाहर नजदीक में गये पिता कण्व की प्रतीक्षा भी नहीं कर सकता, उसीका पुनरावर्तन पूर्वोक्त अश्लीलांशों से इस नाटक में हो रहा है ऐसा लगता है। सच तो यही हो सकता है कि कालिदास एक नैसर्गिक प्रेम का निरूपण करना चाहते थे, (जिसके लिए उन्होंने यह नवीन नाटक लिखा है), महाभारत की कहानी का पुनरावर्तन नहीं।।

[5]

तृतीयांक में, नायिका को मदनसंतप्तावस्था में प्रस्तुत करने के लिए कुसुमास्तरवाले शिलापट्ट पर लेटी हुई स्थिति में प्रवेश करवाया है। लेकिन जैसा उपरि भाग में दिखाया है वैसे उस लेटी हुई अवस्था का मंचन करनेवाले रंगकर्मी लोग अश्लीलता में फिसल गये। शृङ्गार के निरूपण में सब से बडा भय यही होता है कि वह कब अश्लीलता में फिसल जायेगा वह कहना मुश्किल है। प्रथम स्तर पर, इस दृश्य को लेकर जिन अश्लील श्लोकों का प्रक्षेप हुआ उसका परिचय उपर्युक्त विवरण में बताया। अब, द्वितीय स्तर पर, कैसा पाठ-विचलन शूरु हुआ वह बताना है। किन्तु उसका निरूपण करने से पहले, एक महत्त्वपूर्ण हकीकत बतानी चाहिए। आज उपलब्ध हो रही सारी वाचनाएँ प्राचीनतम काश्मीरी वाचना की ही वंशज वाचनाएँ हैं। इस लिए जिन अश्लील श्लोकों का प्रक्षेप काश्मीरी पाठ में मिलते हैं, वे सब मैथिली एवं बंगाली में भी संचरित हुए है। जिसको देख कर ही हमारे पुरोगामी समय के विद्वानों ने उन सब को "अकालिदासीय" मान कर, उन तीनों से पराङ्मुख हो गये हैं। लेकिन तीन-चार अश्लील श्लोकों को देख कर, पूरा बृहत्पाठ अग्राह्य घोषित करने में विद्वत्ता समाहित नहीं हो जानी चाहिए। क्योंकि इन अश्लीलता भरे श्लोकों को हटाने के बाद, संक्षेपीकरण के द्वारा जो लघुपाठ वाली दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाएँ बनाई गई हैं, उन दोनों के पास भी कवि-प्रणीत मूलपाठ की कोई विशुद्ध पाठपरम्परा तो थी नहीं। वे दोनों भी काश्मीरी वाचना की ही वंशज वाचनाएँ है। अतः यह जानना रसप्रद होगा कि क्या इन दोनों में से अश्लीलता भरे श्लोकों को हटाने के बाद भी, जो अवशिष्ट रहा पाठ है, वह नितान्त ग्राह्य है ?। तो, इन लघुपाठवाली दोनों वाचनाओं में कुसमशयना शकुन्तला का दृश्य अभिनीत करने के लिए दी गई रंगसूचनाओं में परस्पर विरोध है, और "किं शीतलैः क्लमविनोदिभि0" श्लोक में पदक्रम बदले के बाद भी उस दृश्य का अभिनय बे-ढंग ही रहा है उसका परिचय निम्नोक्त पेरेग्राफ में होगा।।

दूसरे सोपान पर आये रंगकर्मियों ने सोचा कि शकुन्तला की लेटी हुई अवस्था का अभिनय होने के कारण इसमें अश्लील श्लोकों का प्रक्षेप हुआ है। अतः उस अश्लीलता को वृद्धिंगत होने से रोकना चाहिए। जिसके लिए उन्होंने नायिका की लेटी हुई अवस्था का समय कम करने की चेष्टा शूरु की। अब उस दृश्य के मंचन के

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

लिए जो आवश्यक रंगसूचनाएँ थी, उनमें गिरावट आने की शुरू हुई । अलबत्ता, कवि की मूलयोजना के अनुसार तो तीसरे अङ्क के पहले दृश्य में शकुन्तला को कुसुमास्तरण पर लेटी हुई अवस्था में प्रवेश करवाना है । घटना-क्रम आगे बढते ही मृगबाल को उसकी माता के पास पहुँचाने के बहाने दोनों सहेलियाँ रंगमंच से चली जाती हैं । तत्पश्चात् राजा शकुन्तला के पाँव का संवाहन करने की जब तत्परता दिखावे तब उसे लेटी हुई अवस्था से खड़ा होना था । लेकिन अज्ञात रंगकर्मियों ने यहाँ पर नवीन (लेकिन पूर्वापर में विरोधी) रंगसूचनायें जोड कर कवि की मूलयोजना को विफल कर दी है ।। आश्चर्य है कि यह परिवर्तन सार्वत्रिक रूप से पूरे भारत वर्ष की प्रायः सभी पाण्डुलिपियों में फैल गया है, और दुर्भाग्य से इसकी ओर एक भी पाठसम्पादक का ध्यान नहीं गया है ।।

रंगसूचना सम्बन्धी प्रक्षेप का और उससे आई विसंगति का प्राचीनतम संकेत भूर्जपत्र पर लिखी गई शारदा पाण्डुलिपि में मिलता है । लेटी हुई शकुन्तला के द्वारा मदनलेख का वाचन होता है, जिसको सुन कर राजा सहसा "तपति तनुगात्रि0 ।" इत्यादि शब्दों को बोलता हुआ शकुन्तला के सामने उपस्थित हो जाता है । यहाँ, शकुन्तला को राजा की सन्निधि में नाट्यात्मक शैली से खड़ी करने के लिए, काश्मीरी रंगकर्मी ने एक संवाद प्रक्षिप्त किया है । वह द्रष्टव्य है : जब अनसूया ने राजा को उसी शिलातल पर बैठने के लिए विनती की और राजा वहाँ बैठते भी हैं । तब बैठने के बाद (*लेटी हुई*) शकुन्तला के बारे में वे प्रश्न करते हैं कि- *(उपविश्य) प्रियंवदे, कच्चित् सखीं वो नातिबाधते शरीरसंतापः* । तब प्रियंवदा प्रत्युत्तर देती है कि- *लब्धौषधस्साम्प्रतम् उपशमं गमिष्यति कालेन* । इसके पीछे निम्नोक्त संवाद प्रक्षिप्त किया गया हैः—

अनसूया *– (जनान्तिकम्) प्रियंवदे, कालेन इति किम् । प्रेक्षस्व, मेघनादाहाताम् इव मयूरीं निमेषान्तरेण प्रत्यागताम् प्रियसखीम् ।*

शकुन्तला *– (सलज्जा तिष्ठति ।)*

अर्थात् मेघगर्जन (बादल की आवाज) सुन कर जैसे मयूरी में नवजीवन का संचार होता है वैसे देखो हमारी सखी भी नवजीवन प्राप्त कर रही है । अनसूया के इस वाक्य के बाद, (लेटी हुई) शकुन्तला के लिए कहा गया है कि वह लज्जा के साथ खड़ी होती है ।। लेकिन इस तरह से नायिका को रंगभूमि पर खड़ी करके जो दृश्य-परिवर्तन किया गया है उसी के कारण दो तरह की विसंगतियाँ आकारित हुई है ।

जैसे कि, (1) दोनों सहेलियों के रंगमंच से निकल जाने के पश्चात्, राजा शिलातल पर बैठे हो और वह पास में खड़ी हुई शकुन्तला को कहे कि- कहो तो मैं नलिनीदल से तुम्हें पवन झलुं, या कहो तो तुम्हारे पद्मताम्र चरणों का संवाहन करूँ ! तो ऐसी स्थिति में प्रेमाचार का गौरव नहीं है । क्योंकि जिसकी सेवाशुश्रूषा करनी हो वह नायिका खड़ी हो और आराधयिता व्यक्ति बैठा हो, यह तो बहुत भद्दा लगता है । (2) दूसरी विसंगति यह है कि राजा ने जब कहा कि "मैं तुम्हारे चरणों का संवाहन करूँ" तो उसको सुन कर शकुन्तला कहती है कि "*न माननीयेषु आत्मानम् अपराधयिष्ये* ।" उसके बाद वहाँ एक रंगसूचना दी गई है कि "*इत्यवस्थासदृशम् उत्थाय प्रस्थिता ।*", जिसको देख कर प्रश्न होता है कि जिस शकुन्तला को पहले से ही खड़ी रखी गई है, उसके लिए कैसे कहा जाता है कि वह अवस्था के सदृश खडी होकर[8] जाने लगती है ? ! इस तरह की विसंगति ही अपने आप में प्रमाण बनती है कि इस दृश्य को प्रस्तुत करने की कवि की मूलयोजना कुछ भिन्न थी । और ऐसी (सलज्जा तिष्ठति । जैसी) रंगसूचना और उससे भी पहेले रखा गया मेघनादाहत मयूरी का उपमान तो रंगकर्मिओं का खिलवाड़ है, जिसको प्रक्षेप ही मानना होगा ।।

रंगसूचनाओं से सम्बद्ध जो जो प्रक्षेप है उनका पौर्वापर्य भी सोचना चाहिए । "मेघनादाहत मयूरी की तरह शकुन्तला (लेटी हुई अवस्था से) सलज्जा खड़ी हो जाती है" यह अंश भूर्जपत्र पर लिखी गई पाण्डुलिपि में भी विद्यमान है । अर्थात् रंगसूचना से सम्बद्ध यह प्राचीनतम पहेला प्रक्षेप कहा जा सकता है । उसके बाद,

[8] देवनागरी और दाक्षिणात्य पाठ में "इत्युत्थाय गन्तुमिच्छति ।" ऐसा पाठभेद करके रंगसूचना लिखी गई है, वह भी विसंगतियुक्त है ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

मदनलेख लिखते समय शकुन्तला "बैठ कर सोचती है" वाली रंगसूचना द्वितीय क्रम में प्रक्षिप्त हुई होगी। क्योंकि ऐसी रंगसूचना भूर्जपत्रवाली प्राचीनतम पाण्डुलिपि में नहीं है। ऑक्सफर्ड की 1247 क्रमांकवाली और श्रीनगर की 1345 क्रमांकवाली दो ही शारदा पाण्डुलिपियों में "आसीना चिन्तयति" ऐसी रंगसूचना है। जिसके फल स्वरूप, मंचन के समय "लेटी हुई शकुन्तला" से पहले "बैठ कर सोचती हुई शकुन्तला ", और तत्पश्चात् "सलज्जा खड़ी रहनेवाली शकुन्तला" प्रस्तुत की जायेगी। यहाँ पर (अर्थात् ऑक्सफर्ड 1247 एवं श्रीनगर 1345 में) एक दूसरी ("पादावपसारयति" वाली) रंगसूचना भी अधिक होने से मंचन-योजना बदल जाती है। जैसे कि, मदनलेख लिखते समय जो शकुन्तला बैठी थी, उसको राजा को बिठाने के लिए जगह बनानी थी। अतः उसने जो पाँव सिकोड़ लिए होंगे, वो बैठे बैठे ही सिकोड़े थे ऐसा मानना होगा। परिणामतः इस दृश्य का मंचन करते समय, तीन सहेलियाँ और चौथे राजा को भी एक ही शिलातल पर बिठाना होगा। और सहेलियों के चले जाने के बाद, राजा ने जब शकुन्तला के पद्मताम्र चरणों का संवाहन करने की तत्परता दिखाई है तब शकुन्तला उसके पास में बैठी ही होगी।। यहाँ एक विचित्रता यह भी है कि "शकुन्तला सलज्जा तिष्ठति" वाली रंगसूचना भी ऑक्सफर्ड की 1247 एवं श्रीनगर की 1345 क्रमांकवाली पाण्डुलिपियों में मिलती है, जिसके कारण प्रश्न होगा कि शकुन्तला के पद्मताम्र चरणों का संवाहन करने की तत्परता दिखाते समय शकुन्तला को राजा के पास में बिठाना है या फिर राजा के सामने उसको खड़ी रखना है ? रंगकर्मी लोग इन दोनों में से जो भी मार्ग पसंद करेंगे उसमें पूर्वोक्त विसंगति आयेगी ही।

इस विवरण का निष्कर्ष ऐसा निकलता है कि (क) शारदा पाण्डुलिपियों में अश्लील अंशों की उपस्थिति विरासत में मिली है। (ख) लेटी हुई शकुन्तला को खडी करने की, अथवा बिठा कर मदनलेख लिखवाने की सभी रंगसूचनाएँ पश्चाद्वर्ती काल की योजनायें हैं। तथा इनमें से एक भी नवीन योजना ऐसी नहीं है कि जिसका अनुसरण करने से दृश्य-प्रस्तुति में विसंगतता या पूर्वापर में विरोध पैदा न होता हो। (ग) तृतीय अङ्क के पूर्वार्ध का मंचन करने के लिए कवि ने मूल में जो दृश्य योजना सोची थी, उसका पुनःस्थापन करने के लिए उपर्युक्त सभी रंगसूचनायें- "पादावपसारयति" , "सलज्जा तिष्ठति" , "आसीना / उपविष्टा चिन्तयति" यदि हटानी होगी। तथा उनसे सम्बद्ध सभी प्रक्षिप्त संवादों को भी हटाना होगा। तत्पश्चात् ही "कुसुमशयना शकुन्तला" के दृश्य की पुनःप्रतिष्ठा हो सकेगी। तथा ऐसा करने से ही "अंके निधाय चरणावुत पद्मताम्रौ0" शब्दों के बाद, शकुन्तला के लिए दी गई "अवस्थासदृशमुत्थाय प्रस्थिता" जैसी रंगसूचना का औचित्य सिद्ध हो सकेगा।।

रंगसूचनाओं से सम्बद्ध पूर्वोक्त विसंगतियाँ न केवल बृहत्पाठवाली तीन वाचनाओं में ही है, ऐसी परस्पर विरोधी रंगसूचनाएँ संक्षिप्त किये गये दाक्षिणात्य एवं देवनागरी पाठों में भी मौजुद है। (तथा उन वाचनाओं के सम्पादक श्रीमोनियर विलियम्स, श्री एम. आर. काळे, प्रॉ. पी. एन. पाटणकर, डॉ. गौरीनाथ शास्त्री, पंडितप्रवर श्री रेवाप्रसाद द्विवेदी जी इत्यादि सभी ने उस विसंगति को पहचानी तक नहीं हैं। सभी वर्तमान प्रकाशित आवृत्तियों में ये सारी विसंगतियाँ हम देख सकते हैं।)

[6]

काश्मीरी वाचना का आविष्कार होने से पहले इस तृतीयांक के पाठ में प्रविष्ट हुई विकृतियाँ अनुगामी काल में हरदम द्विगुणित-त्रिगुणित होती चली है। कालिदास ने मदनाविष्ट शकुन्तला को रंगमंच पर लेटी हुई अवस्था में प्रस्तुत करने का सोचा था, लेकिन उस दृश्य का यथातथ अभिनय करना एक बडी चुनौती थी। उपलब्ध हो रही पाण्डुलिपियों में मंचन का जो इतिहास प्रतिबिम्बित हो रहा है वह सफलता इतिहास नहीं है, बल्कि विफलता का इतिहास है। जैसे कि, उपर्युक्त परामर्श में हमने देखा वैसे इस अंक की पाठपरम्परा में सब से पहले तो नायिका की रंगमंच पर लेटी हुई अवस्था अभिनय के लिए हाथ आयी तो रंगकर्मियों ने उसमें सुरुचि का भङ्ग करनेवाले अश्लील श्लोकों का प्रक्षेप शूरु किया। नायक के मुख से सहशयन की बार बार माँग करवाई, और महिलाओं के दिल में अंकुरित होनेवाली निर्व्याज प्रेम की भावनाओं की नितान्त अवहेलना करके

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

पुरुषों की अतृप्त भोगेच्छा को अभद्र शब्दों में अभिनीत भी करवाई गई । दूसरे सोपान पर, अन्य रंगकर्मियों ने नायिका की लेटी हुई अवस्था का समय कम करने के लिए कुछ नवीन रंगसूचनाएँ दाखिल की । जिसके फल स्वरूप शकुन्तला को मदनलेख लिखते समय पहले रंगमंच पर बिठाई गई । तत्पश्चात् दुष्यन्त जब उस मदनलेख को सुन कर वृक्ष के पीछे से बाहर निकल कर, उसके साथ में बैठता है तब शकुन्तला को सलज्जा खडी की जाती है । लेकिन पाठ-परिवर्तन एवं परिवर्धन करते समय सभी सूत्रधारों / पाठशोधकों ने काश्मीरी पाठपरम्परा की जो धारा चली आ रही थी, उसी में ही (पुराने समय से चले आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ) अपनी ओर से जो नये उद्भावित पाठान्तर थे उनको संमिलित करते रहे हैं । जिसके कारण पूर्वोक्त दृश्य के मंचन के लिए परम्परा से प्राप्त पुरानी रंगसूचनाओं के साथ साथ प्रक्षिप्त की गई नयी रंगसूचनाओं का संकर पैदा हुआ है, जिसके कारण उनमें परस्पर विरोध एवं विसंगति कायम बनी रही है ।।

लेकिन रंगमंच लेटी हुई अवस्था में से शकुन्तला को कब बैठी करके चलाना है- उसकी कवि-प्रणीत योजना क्या थी ? वह स्वयं कवि कालिदास ने ही अपने एक श्लोक में प्रकट रूप से कही है । वह भव्य श्लोक निम्नोक्त हैः- **शकुन्तला** – कथं गत एव ।

राजा – अलमावेगेन । नन्वयमाराधयिता जनस्तव सखीभूमौ वर्तते । तदुच्यताम् –

किं शीतलैः क्लविनोदिभिरार्द्रवातं,
संचालयामि नलिनीदलतालवृन्तैः ।
अङ्के निधाय चरणावुत पद्मताम्रौ,
संवाहयामि करभोरु यथासुखं ते ।। (काश्मीरी पाठे, 3-20)

सखियों की अनुपस्थिति में उदद्विग्न हुई शकुन्तला को दुष्यन्त ने कहा है कि मैं तुम्हारी सखियों की भूमिका निभाने को सन्नद्ध हूँ । दुष्यन्त ने कुसुमास्तरण पर लेटी हुई शकुन्तला को इस श्लोक में कहा है कि मैं तुम्हे क्या नलिनीदलों से ठंडी हवा करूँ जिससे तेरी थकावट दूर हो, या हे करभोरु ! तेरे दोनों कमल जैसे लाल लाल चरणों को मेरी गोदी में रखकर, सहता सकता सहलाऊँ ?।।

यह एक कृतिनिष्ठ अन्तःप्रमाण है कि शकुन्तला को दृश्य के आरम्भ से लेकर इस श्लोकोक्त प्रस्ताव तक रंगमंच पर निरन्तर सोते ही रहना है । दूसरा अन्तःप्रमाण यह है कि इस दृश्य के आरम्भ में सहेलियों की बातचीत के दौरान शकुन्तला के द्वारा ही स्पष्टतया कहा गया है कि यदि आज मेरा उस तपोवनरक्षिता राजर्षि के साथ समागम नहीं होगा तो, मेरे पर उदक (तिलोदक) ही छिडक देना । जिसको सुन कर प्रियंवदा ने भी कहा है कि अब हमारी सहेली अधिक समय तक इस मदनसंताप को सहन नहीं कर पायेगी । ("अक्षमा इयं कालहरणस्य ।" इन संवादों से भी मालूम होता है कि नायिका इतनी भारी मदन-पीडितावस्था में पहुँच गई है कि वह जल्दी से उठ नहीं सकेगी, एवं बैठ कर मदनलेख भी नहीं लिख सकती है । अतः मदनलेख लिखते समय, या प्रेमपत्र के शब्दों को सुन कर दुष्यन्त सामने आ कर खडा रहे, और अनसूया की विज्ञप्ति से दुष्यन्त उसके साथ में बैठे तब भी शकुन्तला को लेटे ही रहना है । एवञ्च, दोनों सहेलियों के चले जाने के बाद भी लेटे ही रहना है । जब उपर्युक्त श्लोक से उसके पादसंवाहन का प्रस्ताव रखा जाय, तब ही उसको "अवस्थासदृशम् उत्थाय प्रस्थिता" जैसी रंगसूचना से उठना है । इस श्लोक का यह पाठ काश्मीरी, मैथिली एवं बंगाली पाठों में एक समान है ।

किन्तु लघुपाठवाली दोनों वाचनाओं के पाठशोधक या रंगकर्मियों के ध्यान में यह बात आयी कि इस श्लोक के शब्दों के अनुसार तो नायिका शकुन्तला को शूरु से लेकर यहाँ तक, लेटी हुई ही रखना चाहिए है । किन्तु पुरोगामी रंगकर्मियों ने तो उसको सलज्जा खडी हो जाने की रंगसूचना दे दी हैं । जिसके कारण खडी हुई शकुन्तला (सेव्य व्यक्ति) को शिलातल पर बैठा हुआ दुष्यन्त (सेवक व्यक्ति) उसके पाद अपनी गोदी में

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

लेकर पादसंवाहन करने का कहे- वह अनुचित सिद्ध होगा । तब उन लोगों ने इस श्लोक में भी पाठ-परिवर्तन करने का उपक्रम किया । इन लघुपाठ वाले पाठशोधकों की समझ में यह बात आ गई है कि रंगमंच पर अब पात्रों केबैठने और खडे रहने की नवीन अवस्थिति आकारित हुई है, तदनुरूप यह श्लोक होना चाहिए । जिसके परिणाम स्वरूप दाक्षिणात्य एवं देवनागरी वाचनाओं में यही श्लोक दूसरे (भिन्न) पदक्रम के साथ लिखा हुआ मिलता है । जैसे कि,

किं शीतलैः क्लविनोदिभिरार्द्रवातं,
संचारयामि नलिनीदलतालवृन्तम् ।
अङ्के निधाय करभोरु यथासुखं ते,
संवाहयामि चरणावुत पद्मताम्रौ ।। (दाक्षि.-देवनागरी पाठे, 3-20)

नवीन पाठभेद के रूप में इस तरह, तीसरे-चौथे चरणों में, उलटा-सूलटा किया गया है । जिसके कारण अब श्लोक का अर्थ ऐसा होगा कि- "हे करभोरु शकुन्तले, कहो तो तुम्हे मैं मेरी गोदी में बिठा कर, पद्म जैसे ताम्र वर्णवाले तुम्हारे पादों का संवाहन करुँ ।" वर्तमान समय के कालिदासानुरागियों को सोचना चाहिए कि मूल पाठ की कितनी हद तक अवनति हुई है ? । शिलापट्ट पर बैठा हुआ नायक अपने पास में खडी हुई नायिका को कहता है कि मैं तुम्हे मेरी गोदी में बिठा कर, तेरा पादसंवाहन करने को तत्पर हूँ । यह कविसंकल्पित मूल दृश्य योजना है ही नहीं, और उसमें नायिका की मदनसंतप्त अवस्था भी पूर्णतया विनष्ट हो गई है । हिमालय पर्वत से नीचे उतरी गङ्गा अजस्र गति से अधोगमन ही करती रही है और प्रदूषित भी होती रही है । तृतीयांक के पाठविचलन का, विनाश एवं विकृतियों से भरा, यह है इतिहास ।।

[7]

उपर्युक्त पाठविचलन का सिलसिला और उसमें प्रतिबिम्बित हो रही विकृतियाँ, जो अपने आप में आन्तरिक सम्भावना के विरुद्ध है । तथा दूसरी ओर कृतिनिष्ठ अन्तःसाक्ष्य ही कवि-प्रणीत दृश्य-योजना मूल में क्या रही होगी उसका मार्गदर्शन कर रहे हैं । उच्चतर समीक्षा के अन्तर्गत जो तुलनात्मक अध्ययन करने का सुफल है, उसका यह नतीजा है कि हमें मूलगामी पाठ का पुनःप्रतिष्ठापन करने के लिए ऐसे विकृत पाठविचलनों को पहचान कर, उनको पादटिप्पणियों में ही स्थान दे देना चाहिए । जिससे कालिदास का महाकवित्व सही रूप में आत्मसात् हो सके । इस नाटक के तृतीयांक का ऐसा आनुमानिक पुनर्गठित पाठ इस आलेख के अन्त में जोडा गया है, जिसकी आप सभी पाठ-समालोचक परीक्षण करे ऐसा मेरा अनुरोध है । क्योंकि किसी भी काव्य-साहित्य की कृति का रसास्वादन या काव्यशास्त्रीय अध्ययन शूरु करने से पहले उस कृति की पाठालोचना करनी अनिवार्य है । अन्यथा, कवि के मूल पाठ का सही एवं सर्वसम्मत मूल्यांकन हम नहीं कर पायेंगे ।।

उपर्युक्त उच्चतर पाठालोचना के द्वारा कुसुमशयना शकुन्तला के अभिनय की जो कवि-संकल्पित दृश्य-योजना होगी उसका जो निर्णय हमने यहाँ रखा है तदनुसार लेटी हुई शकुन्तला का दृश्य इस अंक के आरम्भ से लेकर, दुष्यन्त उसके पादसंवाहन करने का प्रस्ताव रखे तब तक निरन्तर बना रहना चाहिए । उच्चतर समीक्षा से प्रमाणित किया गया यह निर्णय अब पुरातत्त्वीय साक्ष्य का भी समर्थन प्राप्त कर रहा है । डॉ. श्री बहादूर चन्द छाबरा जी ने अपने "S'akuntala in S'unga Sclputre" इस शीर्षक से लिखे शोध-पत्र[9] में बताया है कि इलाहाबाद से एक शिल्प मिला है (आज वह कोलकाता के नेशनल म्युझीयम में सुरक्षित है), वह मथुरा शैली में तैयार किया गया है । यह मथुरा शैली का शिल्प शुंग कालिक यानी प्रथम या द्वितीय ईसा पूर्व का है, जिसमें शकुन्तला को लेटी हुई अवस्थिति में मूर्तिमन्त की गई हैः--

[9] Roop-Lekha, Vol.38, no. 1&2, All India Fine Arts and Crafts Society, New Delhi, 1969, pp. 195-199.

CC-0. Kaviguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

वह शिल्पस्थ आकृति इस तरह की है, जो अभिज्ञानशकुन्तला नाटक के तृतीयांक की शकुन्तला को लेटी हुई अवस्था में प्रस्तुत कर रही है, और दुष्यन्त उसको एक हाथ में कमलपत्र लेकर पवन झल रहा है, तथा दूसरे हाथ से उसका पादसंवाहन कर रहा हैः---

उपसंहारः- कतिपय विद्वानों ने कालिदास को गुप्तकाल (ई.स. चौथी या पाँचवी शती) में रखे हैं। किन्तु प्रस्तुत आलेख में परामर्शन के बाद अभिप्राय दिया है कि तृतीयांक में लेटी हुई शकुन्तला का दृश्य बहुत लम्बे समय तक निरन्तर बना रहना चाहिए, जिसका समर्थन एक पुरातत्त्वीय शिल्प से भी हो रहा है, तो वह निष्कर्ष सर्वथा ग्राह्य बनता है। तथा उसके साथ साथ यह भी कहना होगा कि यदि इस शिल्प में कालिदास की शकुन्तला की लेटी हुई अवस्था ही आकारित की गई है तो, कालिदास का समय भी ईसा पूर्व प्रथम या द्वितीय शती का सिद्ध हो रहा है ! जो उच्चतर समीक्षा करने का अकल्प्य अवान्तर सुफल भी है ।।

।। इति सत्यम्, शिवम् सुन्दरम् अस्तु ।।

------- 888 -------

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

(अभिज्ञानशकुन्तला नाटकस्य पुनर्ग्रथितः प्रथमोऽनुमितश्च पाठः)

।। अभिज्ञानशकुन्तला नाटकम् ।।

।। प्रथमोऽङ्कः ।।

या स्रष्टुस्सृष्टिराद्या[1], पिबति[2] विधिहुतं या हवि, र्या च होत्री,
ये द्वे कालं विधत्तः, श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम् ।
यामाहुस्सर्वबीजप्रकृतिरिति, यया प्राणिनः प्राणवन्तः
प्रत्यक्षाभिः प्रसन्नस्तनुभिरवतु नस्ताभिरष्टाभिरीशः ।। **1 – 1** ।। [1]

(नाद्यन्ते)

सूत्रधारः – (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) आर्ये, यदि नेपथ्यविधानमवसितं तदितस्तावद् आगम्यताम् । [2]

नटी – (प्रविश्य) अय्य, इअम्हि । आणवेदु अय्यो को णिओओ अणुचिट्ठहीअदु त्ति । (आर्य, इयमस्मि । आज्ञापयत्वार्यः को नियोगोऽनुष्ठीयताम् इति ।) [3]

सूत्रधारः – (दृष्ट्वा) आर्ये, अभिरूपभूयिष्ठेयं[3] परिषत् । अस्यां च किल कालिदासग्रथितवस्तुना नवेन अभिज्ञानशकुन्तला[4]-नामधेयेन नाटकेनोपस्थातव्यमस्माभिः । तत्प्रतिपात्रमास्थीयतां यत्नः । [4]

नटी – सुविहिदप्पओअदाए अय्यस्स ण किं चि परिहाइस्सदि । (सुविहितप्रयोगतयाऽऽर्यस्य न किंचित् परिहास्यते ।) [5]

सूत्रधारः – (सस्मितम्) आर्ये, वेदयामि ते भूतार्थम् । [6]

आपरितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम् ।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः ।। **1 – 2** ।। [7]

नटी – एवं णेदं । अणन्तरकरणीअं दाणिं अय्यो आणवेदु । (एवमेतत् । अनन्तरकरणीयमिदानीमार्य आज्ञापयतु ।) [8]

सूत्रधारः – (दृष्ट्वा) किमन्यत् । अस्याः परिषदः श्रुतिप्रसादहेतोरिमम् एव नातिचिरप्रवृत्तमुपभोगक्षमं ग्रीष्मकालम् अधिकृत्य गीयतां तावत् । सम्प्रति हि – [9]

सुभगसलिलावगाहाः पाटलिसंसर्गसुरभिवनवाताः ।
प्रच्छायसुलभनिद्रा दिवसाः परिणामरमणीयाः ।। **1 – 3** ।। [10]

नटी – (तथा गायति) खणचुम्बिआइं[5] भमरेहिं उअ[6] सुउमारकेसरसिहाइं ।

---

[1] अभिनवभारत्यामप्ययमेव पदक्रमो वर्तते, मैथिल-पाठे च । (द्रष्टव्यम् ना. शा. 9-173, पृ. 67)

[2] हविर्घृतमित्यर्थः, पिबतिशब्दसाहचर्याद् ।,"तत्रैक एव जलहुताशनाभिनय उत्तमेनेत्यभिनवगुप्ताः" (ना. शा. 9-173) । अनेनास्य काश्मीर-पाठस्यैव प्राचीनतमत्वं सिध्यति ।

[3] का.-मै.-पाठयोरग्राह्यत्वादत्र बंगीय-पाठस्य ग्रहणं क्रियते ।

[4] अभिज्ञानपूर्विका शकुन्तलेति, अभिज्ञानशकुन्तला । (मध्यमपदलोपी समासः), तामधिकृतं नाटकमपि, अभेदोपचाराद्, अभिज्ञानशकुन्तला नाटकमुच्यते । लुबाख्यायिकाभ्यो बहुलमिति वार्तिकेन तद्धिताण्-प्रत्ययस्य लोपो भविष्यति । द्वितीय-चतुर्थाङ्कौ विहाय निखिलेऽपि नाटकेऽस्या अभिज्ञानस्य चिन्तनं, परीक्षणं, प्रदर्शनञ्च प्रस्तूयते । अस्मिन्नाटके सर्वत्राभिज्ञानपूर्विकैव शकुन्तला निरूप्यते, तद्विभावनीयं बुधैः ।

[5] खणचुम्बिआइं इति शब्द एवान्तरिकी सम्भावना दृश्यते । विश्वामित्रेण मेनकया सहैक एव वारं संयोगो विहितः, तदनन्तरं सा मेनका परित्यक्ता । दुःषन्तेनापि तथैवाचरितम् । एतादृश्यवस्थैव संततेः पैतृका-ऽभिज्ञानं संशयास्पदं करोति, परिणीतायाश्च कस्या अपि स्त्रियो जीवनमपि दयनीयं करोति । स्त्रियो दुःखं स्त्रिय एव जानन्ति । अतो दयमाना इति विशेषणं प्रयुक्तम् ।।

[6] का.-पाठे सुअअ (=सुभग) इति वर्तते ।, किन्तु "पश्य" इत्यर्थस्य वाचक उअ इति शब्दो वर्तत इति वररुचिना हेमचन्द्राचार्येण चोक्तम् । (स च गाथाया लक्षणानुसारी सिध्यति ।)

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

अवदंसअन्ति पमदा दअमाणाओ सिरीसकुसुमाइं ।। **1 – 4** ।।

(क्षणचुम्बुतानि भ्रमरैः पश्य, सुकुमार-केसर-शिखानि ।

अवतंसयन्ति प्रमदा दयमानाः शिरीषकुसुमानि ।। **1 – 4** ।।) [11]

सूत्रधारः – आर्ये, सुष्ठु गीतम् । एष हि – गीतरागावबद्धचित्तवृत्तिरालिखित इव स्थितस्सर्वतो रङ्गः । तदिदानीं कतमत् प्रकरणम्[7] आश्रित्य जनमाराधयावः । [12]

नटी – णं पढमं येव अय्येण आणत्तं जधा ण अहिणाणसउन्तला नाम अपुरवं[8] णाडअं पओएण अधिअरीअदु त्ति । (ननु प्रथममेवार्येणाज्ञप्तं यथा न अभिज्ञानशकुन्तला नामापूर्वं नाटकं प्रयोगेणाधिक्रियताम् इति ।) [13]

सूत्रधारः – भवतु, सम्यग् अनुप्रबोधितोऽहम्, अस्मिन् क्षणे खलु विस्मृतं मया तत् । [14] कुतः –

तवास्मि गीतरागेण हारिणा प्रसभं हृतः ।

(नेपथ्याभिमुखम् अवलोक्य)

एष राजेव दुःषन्त[9]स्सारङ्गेणाऽतिरंहसा ।। **1 – 5** ।। [15]

(इति निष्क्रान्तौ) [16]

।। प्रस्तावना ।। [17]

(ततः प्रविशतः रथयातकेन मृगानुसारी चापहस्तो राजा दुःषन्तस्सूतश्च ।) [18]

सूतः – (राजानं मृगं चावलोक्य) कृष्णसारे ददच्चक्षुस्त्वयि चाधिज्यकार्मुके ।

मृगानुसारिणं साक्षात् पश्यामीव पिनाकिनम् ।। **1 – 6** ।। [19]

राजा – सुदूरमनेन कृष्णसारेण वयमाकृष्टाः । अयमिदानीमपि – [20]

ग्रीवाभङ्गाभिरामं मुहुरनुपतति स्यन्दने दत्तदृष्टिः

पश्चार्द्धेन प्रविष्टः शरपतनभयाद् भूयसा पूर्वकायम् ।

शष्पैरर्धावलीढैः श्रमवितमुखभ्रंशिभिः कीर्णवर्त्मा

पश्योदग्रप्लुतित्वाद् वियति बहुतरं स्तोकमुर्व्यां प्रयाति ।। **1 – 7** ।। [21]

कथमनुपातिन एव मे प्रयत्नप्रेक्षणीयस्संवृत्तः । [22]

सूतः – आयुष्मन्, उद्धातिनी भूमिरियम्, मया रश्मिसंयमनाद् रथस्य वेगो मन्दीकृतः । तेनैष ते मृगो विप्रकृष्टान्तरस्संवृत्तः । सम्प्रति तु समदेशवर्ती, न ते दूरासदो भविष्यति । [23]

राजा – मुच्यन्ताम् अभीषवः । [24]

सूतः – यदाज्ञापयत्यायुष्मान् । (तथा कृत्वा रथवेगान्तरं निरूपयन्) आयुष्मन् पश्य, पश्य । एते, [25]

मुक्तेषु रश्मिषु निरायतपूर्वकाया

निष्कम्पचामरशिखानिभृतोच्चकर्णाः ।

आत्मोद्धतैरपि रजोभिरलंघनीया

धावन्ति ते मृगजवाऽक्षमयेव रथ्याः ।। **1 – 8** ।। [26]

राजा – (सहर्षम्) सूत, कथमतीत्य हरिणं हरयो वर्तन्ते[10] । तथा हि – [27]

---

[7] उच्चतर-समीक्षया समर्थितोऽयं पाठः । तद्यथा- सूत्रधारस्य विस्मृतिर्दुःषन्तस्य विस्मृतिं ध्वनयति ।

[8] हेमचन्द्राचार्यः पूर्वस्य पुरवः (8-4-270) इति सूत्रेण शौरसेन्यां पूर्वशब्दस्य पुरव इत्यादेशो वा भवतीति वृत्तौ लिखित्वा, "अपुरवं नाडयं" इत्युदाहरति ।

[9] का.-पाठे दुष्ष्यन्तः, मै.-पाठे दुष्मन्तः, बं.-पाठे दुःषन्तः, दाक्षि.-देव.-पाठयोः दुष्यन्तः । किन्तु महाभारत-स्यादिपर्वणः शकुन्तलोपाख्यानानुरोधाद् (संभवपर्वणि, अ. 62-69) अत्र दुःषन्त इति स्वीक्रियते ।

[10] काश्मीर-पाठे " सत्यम्, अतीत्य हरिहरीनपि हरयो वर्तन्ते " इति । काव्यत्वयुक्ताप्यभिव्यक्तिरियं नाट्यानुकूला नास्ति । अप्रासंगिकी च । अतो या मै.-बं.-पाठयोः प्रचलितोक्तिः सात्र स्वीक्रियते ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

यदालोके सूक्ष्मं व्रजति सहसा तद् विपुलताम्
यदर्धे विच्छिन्नं भवति कृतसन्धानमिव तत् ।
प्रकृत्या यद् वक्रं तदपि समरेखं नयनयो-
र्न मे दूरे किञ्चिन्, न च भवति पार्श्वे रथजवात् ।। **1 – 9** ।। [28]

(नेपथ्ये)

भो भो राजन्, आश्रममृगोऽयम्, न हन्तव्यो न हन्तव्यः ।। [29]

सूतः – (आकर्ण्यावलोक्य च) आयुष्मन्, अस्य खलु बाणपथवर्तिनः कृष्णसारङ्गस्यान्तरे तपस्विनोऽवस्थिताः । [30]

राजा – (ससंभ्रमम्) तेन हि, निगृह्यन्ताम् वाजिनः । [31]

सूतः – तथा करोमि । (इत्युक्त्वा रथं स्थापयति) [32]

(ततः प्रविशत्यात्मना तृतीयस्तापसः) [33]

तापसः – (ससंभ्रमं हस्तम् उद्यम्य) राजन्, । आश्रममृगोऽयम्, न हन्तव्यो न हन्तव्यः[11] । [34]

तदाशु कृतसन्धानं
प्रतिसंहर सायकम् ।
आर्तत्राणाय वः शस्त्रं
न प्रहर्तुमनागसि ।। **1 – 10** ।। [35]

राजा – एषः प्रतिसंहृतः । (यथोक्तं करोति) [36]

तापसः – (सहर्षम्) साधु भोः । सदृशमेतत्पुरुवंशजातस्य भवतः । सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रमवाप्नुहि[12] ।[37]

राजा – (सप्रणामम्) प्रतिगृहीतं तपोधनवचनम् । [38]

तापसः – समिदाहरणाय प्रस्थिता वयम् । एष चास्मद्गुरोः कण्वस्य[13] संसक्तहिमवत् सानु[14]रनुमालिनीतीरमाश्रमो दृश्यते । न चेद् अन्यकार्यातिपातस्तत् प्रविश्यात्र प्रतिगृह्यतामतिथिसत्कारः । [39] अपि च,

धर्म्यास्तपोधनानां प्रतिहतविघ्नाः क्रियास्समालोक्य ।
ज्ञास्यसि कियद् भुजो मे रक्षति मौर्वीकिणाङ्क इति ।। **1 – 11** ।। [40]

राजा – अपि संनिहितोऽत्र कुलपतिः । [41]

तापसः – अद्यैवानवद्याम् दुहितरं शकुन्तलाम् अतिथिसत्काराय संदिश्य, प्रतिकुलं दैवं चास्या शमयितुं सोमतीर्थं[15] गतः । [42]

राजा – (आत्मगतम्) भवतु, तां द्रक्ष्यामि, सा माम् विहितभक्तिं महर्षेः करिष्यति । [43]

तापसः – साधयामस्तावत् । (इति सशिष्यो निष्क्रान्तः) [44]

---

[11] मै.-बं.-दाक्षि.-पाठेष्वितः परं "न खलु न खलु बाणः0" इति ।, (प्रक्षिप्त-श्लोक-संख्या-1)

[12] दाक्षि.-देव.-पाठयोरितः परं "जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपं0" इति ।, (प्रक्षिप्त-श्लोक-संख्या-2), तथा च नाट्यशास्त्रेऽभिनवभारत्यां "तत्र चक्रवर्तिपुत्रलाभो मुनिजनाशीर्वचनद्वारेण फलस्वभावस्यैवाभिज्ञान-शकुन्तल(?)" इति (अ. 19-22, पृ. 13) कथ्यते ।

[13] का.-पाठे, तदनुसृत्य दाक्षि.-देव.-पाठयोरपि काश्यप इति नामान्तरं प्राप्यते । किन्तु महाभारतानुरोधात् कण्व इत्ययेव नाम मूलगामी स्यात् ।

[14] का.-पाठे प्रासंगिकता वरीवर्तते ।, मै.-बं.-पाठयो " रस्मद्गुरोः कण्वस्य साधिदैवत इव शकुन्तलये " ति ।, दाक्षि.-देव.पाठयोः संक्षिप्तीकृतः पाठः " कण्वस्य कुलपतेरि " ति ।

[15] का.-पाठे प्रभासमित्यधिकं प्राप्यते ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

राजा – सूत, चोदयाश्वान् । पुण्याश्रमदर्शनेन तावदात्मानं पुनीमहे । [45]

सूतः – यदाज्ञापयत्यायुष्मान् । (परिक्रम्य रथयातकं निरूपयति) [46]

राजा – (समन्ताद् विलोक्य) सूत, अकथितोऽपि ज्ञायत एव यथायमाभोगस्तपोवनस्येति । [47]

सूतः – कथमिति । [48]

राजा – न पश्यति भवान् । इह हि – [49]

नीवाराः शुकगर्भकोटरमुखभ्रष्टास्तरूणाम् अधः
प्रस्निग्धाः क्वचिद् इङ्गुदीफलभिदस्सूच्यन्त एवोपलाः ।
विश्वासोपगमाद् अभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगा-
स्तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखा निष्यन्दलेखाङ्किताः ।। **1 – 12** ।। [50]

सूतः – सर्वम् उपपन्नम् । [51]

राजा – (स्तोकमन्तरं गत्वा)

कुल्याम्भोभिः प्रसृतचपलैः शाखिनो धौतमूला
भिन्नो रागः किसलयरुचामाज्यधूमोद्गमेन ।
एते चार्वागुपवनभुवि च्छिन्नदर्भाङ्कुरायां
नष्टाशङ्का हरिणशिशवो मन्दमन्दं चरन्ति ।। **1 – 13** ।। [52]

मा तपोवनवासिनामुपरोधो भूत् । तद् एतावत्येव रथं स्थापय, यावद् अवतरामि । [53]

सूतः – धृताः प्रग्रहाः, अवतरत्वायुष्मान् । [54]

राजा – (अवतीर्य) विनीतवेषेण प्रवेश्यानि तपोवनानि । तदिदमाभरणं तावद् प्रगृह्यताम् । (इति सूतायाभरणं दत्त्वा धनुश्चोत्सृज्य) सूत, यावदहम् उपास्य महर्षीन् उपावर्ते, तावद् आर्द्रपृष्ठाः क्रियन्तां वाजिनः । [55]

सूतः – यदाज्ञापयत्यायुष्मान् । (इति निष्क्रान्तः) [56]

राजा – (परिक्रम्यावलोक्य च) इदमाश्रमद्वारं, यावत् प्रविशामि । [57]

(प्रविश्य निमित्तं सूचयन्) (विमृशति) [58]

शान्तमिदम् आश्रमपदं, स्फुरति च बाहुः, कुतः फलमिहास्य ।
अथ वा, भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र ।। **1 – 14** ।। [59]

(नेपथ्ये)

इदो इदो पिअसही । (इत इतः प्रियसखी) [60]

राजा – (कर्णं दत्त्वा) अये दक्षिणेन कुसुमपादपवीथीमालापम् इव श्रूयते, यावदत्र गच्छामि । [61]

(परिक्रम्यावलोक्य च) एतास्तपस्विकन्यकास्स्वप्रमाणानुरूपैस्सेचनघटकैर्बालपादपान् पयो दातुम् इत एवाभिवर्तन्ते । (निपुणं निर्वर्ण्य) अहो मधुरम् आसाम् दर्शनम् । [62]

शुद्धान्तदुर्लभमिदं वपु-
राश्रमवासिनो यदि जनस्य ।
दूरीकृताः खलु गुणैरु-
द्यानलता वनलताभिः[16] ।। **1 – 15** ।। [63]

---

[16] का.-पाठे श्लोकोऽयं केवलां शकुन्तलामेवोद्दिश्य प्रस्तूयते । तन्न समीचीनम्, यतो हि वनलताभिरिति विशेषणेन तिस्रः सख्य एवोद्दिष्टा इति सिध्यति । अत्र प्राचीनतरा मैथिल-पाठयोजना सुसंगता प्रतिभाति । का.-पाठे वल्कलशिथिलीकरणस्य स्थानान्तरणं प्राप्यते । विषयेऽस्मिन् The Original S'akuntala, 1925 इत्यत्र प्रदर्शितं डॉ. बेलवालकरमहोदयानां मतं चिन्त्यमेव ।

CC-0.Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

तद् यावदेनां छायामाश्रित्य प्रतिपालयामि ।

(विलोकयन् स्थितः) [64]

(ततः प्रविशति यथोक्तव्यापारा सह सखीभ्यां शकुन्तला) [65]

एका – हला सउन्तले, तइत्तो वि खु ताद कस्सवस्स अस्सम-रुक्खआ पिअ त्ति तक्केम्ह, जेण णवमालिआ पेलवावि तुममेदस्स आलवालपूरणे णिउत्ता । (हले शकुन्तले, त्वत्तोऽपि खलु तातकण्वस्याश्रम-वृक्षकाः प्रिया इति तर्कयामो, येन नवमालिका-पेलवापि त्वमेतस्यालवालपूरणे नियुक्ता ।) [66]

शकुन्तला –हला, ण केअलं तादणिओओ त्ति । ममावि एदेसुं सहोदरसिणेहो । (सखि, न केवलं तातनियोग इति । ममापि एतेषु सहोदरस्नेहः ।) [67]

(वृक्षसेकं नाटयति) [68]

द्वितीया – हले सउन्तले, उदअं लम्भिदा गिम्हकालकुसुमदाइणो गुम्मआ । दाणिं अदिक्कन्तसमए वि रुक्खए सिञ्चम्ह । तसुणो अणहिसन्धिदपुरवो धम्मो भविस्सदि । (हले शकुन्तले, उदकं लम्भिता ग्रीष्मकालकुसुमदायिनो गुल्मकाः । इदानीमतिक्रान्तसमयेऽपि वृक्षकान् सिञ्चामः । तस्माद् अनभिसन्धितपूर्वो धर्मो भविष्यति ।) [69]

शकुन्तला – हला प्रियंवदे, रमणीयं मन्त्रयसि ।

(इति वृक्षसेचनं नाटयति) [70]

राजा – (निर्वर्ण्य सकौतुकम्) कथमियं सा कण्वदुहिता । अहो असाधुदर्शी तत्रभवान् कण्वः, य इमां वल्कलधारणे नियुङ्क्ते । [71]

इदं किलाव्याजमनोहरं वपु-
स्तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति ।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया
समिल्लतां छेत्तुम् ऋषिर्व्यवस्यति ।। **1 – 16** ।। [72]

भवतु, पादपान्तरित एवैनां विश्वस्तभावां पश्यामि । [73]

शकुन्तला – हला अणसूए, अदिपिणद्धेण पिअंवदाए वक्कलेण णिअन्तिदाम्हि । ता सिढिलेहि दाव णं । (हले अनसूये, अतिपिनद्धेन प्रियंवदया वल्कलेन नियन्त्रितास्मि, तच्छिथिलय तावदेनम् ।) [74]

(अनसूया शिथिलयति) [75]

प्रियंवदा – (सस्मितम्) पओहरविस्थारइत्तुअं अप्पणो जोव्वणं उवालह । (पयोधरविस्तारयितृकम् आत्मनो यौवनम् उपालभस्व ।) [76]

राजा – सम्यगियम् आह शकुन्तला[17] । [77]

इदमुपहितसूक्ष्मग्रन्थिना स्कन्धदेशे
स्तनयुगपरिणाहाच्छादिना वल्कलेन ।
वपुरभिनवमस्याः पुष्यति स्वां न शोभां
कुसुममिव पिनद्धं पाण्डुपत्रोदरेण[18] ।। **1 – 17** ।। [78]

---

[17] मूलपाठेऽत्र शकुन्तलेति भवितुमर्हतीति मे मतिः । यतो ही"दमुपहितसूक्ष्म0" इति श्लोकेन सहैव शकुन्तलायाः पूर्वोक्त्याः (55) सम्बन्धो वर्तते । एवञ्च, नायकः शकुन्तलां प्रति समाकृष्टः, तस्मादपि स तस्या एव वचनं समर्थयेदिति प्रसंगोचितं प्रतिभाति ।

[18] अस्य श्लोकस्य मौलिकता कथं सिध्यतीति चेत्, पञ्चमाङ्के दुष्यन्तः शकुन्तलायाः कृते "मध्ये तपोधनानां किसलयमिव पाण्डुपत्राणामि"ति यामोपमां प्रयोजयति, तदेवात्रान्तःसाक्ष्यमित्यवलोकनीयम् ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

अथवा[19], कामम् अप्रतिरूपम् अस्य वयसो वल्कलम् न पुनरलंकारश्रियं न पुष्यति । [79] कुतः –

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं
मलिनपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति ।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्[20] ।। **1 – 18** ।। [80]

शकुन्तला – (अग्रतोऽवलोक्य) सहि, एस वादेरिदपल्लवाङ्गलीहिं किं पि वाहरदि विअ मं बउलरुक्खओ / केसररुक्खओ । ता जाव णं सम्भावेमि . (तथा करोति) (सखि, एष वातेरितपल्लवाङ्गुलीभिः किमपि व्याहरतीव माम् बकुलवृक्षकः[21] (अथवा केसरवृक्षकः) । तत् यावदेनम् सम्भावयामि ।) [81]

प्रियंवदा – हला सउन्तले, इध ज्जेव मुहुत्तअं चिट्ठ । (सखि शकुन्तले, इहैव मुहूर्तकं तिष्ठ ।) [82]

शकुन्तला – किं णिमित्तं । (किं निमित्तम् ।) [83]

प्रियंवदा – तए समीवट्ठिदाए लदासणाहो विअ मे अअं पडिभादि बउलरुक्खओ / केसररुक्खओ । (त्वया समीपस्थितया लतासनाथ इव मे अयं प्रतिभाति बकुलवृक्षकः (केसरवृक्षकः) । [84]

शकुन्तला – अदो ज्जेव तुमं पिअंवदे त्ति वुच्चसे । (अत एव त्वम् प्रियंवदा उच्यसे ।) [85]

राजा – प्रियमपि तथ्यमाहैषा । अस्याः खलु, [86]

अधरः किसलयरागः कोमलविटपानुकारिणौ बाहू ।
कुसुममिव लोभनीयं यौवनम् अङ्गेषु सन्नद्धम् ।। **1 – 19** ।। [87]

अनसूया – हला सउन्तले, इअं स्वअंवरवहूस्सहआरस्स तए किदणामधेअस्स वणदोसिणो णवमालिका । (हले शकुन्तले, इयं स्वयंवरवधूः सहकारस्य, त्वया कृतनामधेयस्य वनतोषिणः, नवमालिका ।) [88]

शकुन्तला – (उपगम्यावलोक्य च) हला रमणीये काले इमस्स पादवमिहुणस्य वदिअरो संवुत्तो । इअं णवकुसुमजोव्वणा अअं वि बद्धफलदाए उवभोअक्खमो सहआरो । (हले, रमणीये काले अस्य पादपमिथुनस्य व्यतिकरस्संवृत्तः, इयं नवकुसुमयौवना, अयमपि बद्धफलतयोपभोगक्षमस्सहकारः ।) (पश्यन्ती तिष्ठति) [89]

प्रियंवदा – हला अणसूए, जाणासि किं णिमित्तं सउन्तला वणदोसिणं अधिमेत्तं पेक्खदि त्ति । (हले अनसूये, जानासि किं निमित्तं शकुन्तला वनतोषिणम् अधिमात्रं प्रेक्षत इति ।) [90]

अनसूया – ण खु विभावेमि । (न खलु विभावयामि ।) [91]

प्रियंवदा – जधा वनदोसिणा अणुसदिसेण पादपेण सङ्गदा णवमालिआ । अवि णाम एवं अहम्पि अत्तणो अणुरूवं वरं लभेमि त्ति । (यथा वनतोषिणानुसदृशेन पादपेन संगता नवमालिका, अपि नाम

---

[19] कालिदासः पक्षान्तरनिरूपणावसरे"ऽथवे"ति निपातमनेकेषु स्थानेषु प्रयोजयति । यथा- "अथवा कृतवाग्द्वारे वंशेस्मिन्0" (रघुवंशम्-1) । अतोऽत्र वल्कलविषये मतिद्वैविध्याद् अथवा-शब्देन पक्षान्तरमुपस्थापयति नायकः । स चान्तरिक-सम्भावनया युक्तः प्रतीयते । तेनात्र का.-पाठान्निष्कासितोऽपि1-17 इति श्लोकः स्वीकार्यो भवति, मैथिल-पाठानुरोधात् ।

[20] कुत्रचिदितः परम्, अपि चेति निपातेन "कठिनमपि मृगाक्ष्या वल्कलं कान्तरूपं0" इति श्लोकोऽप्यवतार्यते ।, (प्रक्षिप्त-श्लोक-संख्या-3)

[21] कण्वाश्रमस्य प्राङ्गणे द्वौ वृक्षौ (बकुलः वा केसरः, अपरश्च सहकारः), लता त्वेकैव, सा च नवमालिका ।, शकुन्तलायाः संनिधिना बकुलवृक्षो लतासनाथः प्रतीयते । सहकारेण सह तु नवमालिका स्वयंवरवधूत्वेन संलग्नैव ।

CC-0. Kavikulguru Kalidas Sanskrit University Ramtek Collection

एवमहम् अप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभ इति ।) [92]

शकुन्तला – एस णूणं अत्तणो दे चित्तगदो मणोरहो । (एष नूनम् आत्मनस्ते चित्तगतो मनोरथः ।) [93]

(इति नवमालिकां सिक्त्वा,[22] कलशम् आवर्जयति)[23] [94]

राजा – अपि नाम कुलपतेरियम् असवर्णक्षेत्रसम्भवा स्यात् । अथ वा, [95]

असंशयं क्षत्रपरिग्रहक्षमा यदेवम्
अस्याम् अभिलाषि मे मनः ।
सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु
प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः ।। **1 – 20** ।। [96]

तथापि तत्त्वत एनां वेदितुमिच्छामि । [97]

शकुन्तला – (भ्रमरसम्पातं नाटयति) अम्हो, सलिलसेअसंवुत्तो णवमालिअं उज्झिअ वअणं मे महुअरो अणुवत्तदि । (अहो सलिलसेकसंवृत्तो नवमालिकामुज्झित्वा वदनं मे मधुकरोऽनुवर्तते ।) [98]

(भ्रमरबाधां निरूपयति) [99]

राजा – (विलोक्य सस्पृहम्[24]) [100]

यतो यतः षट्चरणोऽभिवर्तते ततस्ततः प्रेरितवामलोचना ।
विवर्तितभ्रूरियमद्य शिक्षते भयाद् अकामापि हि दृष्टिविभ्रमम् ।। **1 – 21** ।। [101]

अपि च[25], (सासूयमिव) [102]

चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं,
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदु कर्णान्तिकगतः ।
करौ[26] व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरं
वयं तत्त्वान्वेषान् मधुकर हतास्त्वं खलु कृती[27] ।। **1 – 22** ।। [103]

शकुन्तला – परित्ताअध मं इमिणा कुसुमपाडच्चरेण अभिभूअमाणं । (परित्रायध्वं मामनेन कुसुमपाटच्चरेणाभिभूयमानाम् ।) [104]

उभे – (विहस्य) केवअं परित्ताणे दुस्सन्तं आकन्द । राअरक्खिदाणि खु तवोवणाणि होन्ति । (केवलं परित्राणे दुःषन्तम् आक्रन्द । राजरक्षितानि खलु तपोवनानि भवन्ति ।) [105]

राजा – अवसरः खल्वयं ममात्मानं दर्शयितुम् । (उपसृत्य) न भेतव्यम्, न भेत्तव्यम्..... ।[106]

(इत्यर्धोक्तेऽपवार्य) [107]

एवं राजाहमिति प्रतिज्ञातं भवति । भवत्वतिथिसमुचिताचारसत्कारम् अवलम्बिष्ये । [108]

शकुन्तला – (सत्रासम्) ण एसो मे पुरदो अइधट्ठो विरमदि । ता अण्णदो गमिस्सं । (इति पटान्तरेण स्थित्वा सदृष्टिक्षेपम्) हद्धी कधं इतो वि मं अणुसरदि । [109] (नैष मे पुरतोऽतिधृष्टो

---

[22] अत्र शब्दद्वयं विनिवेषनीयम् ।, कलशमावर्जयति, भूमिं स्थापयतीत्यर्थः । तत एव "करौ व्याधुन्वत्याः0" इत्यस्य संगतिः स्यात् ।

